सूर्योदय 6:55 सूर्यास्त 6:14

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.6 न्यू | 17.5 अधि |
| धर्मशाला | 11.0 न्यू | 22.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,814.71 |
| निफ्टी | 25,571.25 |
| सोना 1,55,900 | चांदी 2,50,300 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 23 फरवरी 2026 | 12 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 57, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सुकमा में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी, जगदलपुर।** नक्सल संगठन को बड़ा झटका देते हुए उसके शीर्ष नेता देवजी ने आखिरकार हथियार डालकर तेलंगाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। उनके साथ 16 अन्य नक्सली भी शामिल हुए, जिनमें एक करोड़ रुपए का इनामी संग्राम भी है। बसवराजू के मारे जाने के बाद देवजी को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी मिली थी और उन्हें कमांडर बनाया गया था। (अनंत ज्ञान)

### अविमुक्तेश्वरानंद पर बच्चों के यौन शोषण की एफआईआर

**एजेंसी, प्रयागराज।** पॉक्सो कोर्ट के आदेश पर झूंसी थाने में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने कोर्ट में दो बच्चों के सामने गंभीर आरोप लगाए। अविमुक्तेश्वरानंद ने मुकुंदानंद को हिस्ट्रीशीटर बताते हुए कहा कि जांच में सहयोग करेंगे। अदालत ने पॉक्सो एक्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। (अनंत ज्ञान)

### सैनिटाइजर से छात्रा के जलाए प्राइवेट पार्ट

**एजेंसी, गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में 19 साल की लिव-इन पार्टनर टॉर्चर केस में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवती बीएससी की छात्रा है और उसकी मां त्रिपुरा में पुलिस अधिकारी है। आरोपी शिवम ने लिव-इन में रहते हुए उसके प्राइवेट पार्ट को सैनिटाइजर डालकर लाइटर से आग लगाई। साथ ही मारपीट कर वीडियो भी बनाया। (अनंत ज्ञान)

### तमिलनाडु-बंगाल से 8 संदिग्ध गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से 8 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें एक बांग्लादेशी भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक ये आईएसआई और बांग्लादेशी आतंकी संगठनों के इशारे पर हमले की साजिश रच रहे थे। इनके पास 12+ मोबाइल और 16+ सिम कार्ड बरामद हुए। तमिलनाडु के छह आरोपी गारमेंट इंडस्ट्री में छुपकर काम कर रहे थे और शहरों की रेकी कर रहे थे। सभी को दिल्ली लाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### ओडिशा: सड़क हादसे में 5 पुलिस कर्मियों की मौत

**एजेंसी, झारसुगुड़ा।** ओड़िशा के झारसुगुड़ा में पुलिस गश्त पर निकली बोलेरो को तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी। हादसे में 5 पुलिसकर्मी मारे गए और 3 गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में सशस्त्र पुलिस बल और होमगार्ड के जवान शामिल हैं। घायल पुलिसकर्मियों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। ट्रेलर ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, और मामले की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- आउटसोर्स कर्मियों का शिमला में शक्ति प्रदर्शन -पेज 2
- बरसात में बही 50 मीटर सड़क को दोबारा नहीं बना पाया विभाग -पेज 6
- श्रीराज माधव राय की जलेब के साथ देव कारज पूर्ण -पेज 9
- नगर निगम ने पुरानी लाइन की मरम्मत के लिए जारी किया टेंडर -पेज 12


# विश्व का सबसे बड़ा देव महाकुंभ मंडी शिवरात्रि संपन्न, राज्यपाल ने जलेब में की शिरकत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव रविवार को श्रीराज माधव राय की अंतिम जलेब निकलने और वापस अपने मंदिर लौटने के साथ ही विश्व का सबसे बड़ा देव महाकुंभ संपन्न हो गया। इस दौरान 12 घाटियों और गढ़ों से आए देवी-देवताओं ने जलेब में शिरकत कर प्राचीन परंपरा का निर्वहन किया।

बता दें कि समापन समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल हिमाचल प्रदेश शिव प्रताप शुक्ल ने की। उन्होंने देव माधोराय मंदिर में पूजा अर्चना कर, पड्डल मैदान तक निकाली गई श्रीराज माधव राय की भव्य शोभायात्रा (जलेब) में भी भाग लिया। उन्होंने इससे पहले बाबा भूतनाथ मंदिर व टारना मंदिर में भी पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पड्डल मैदान में जनसमूह को संबोधित करते हुए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि मंडी महाशिवरात्रि ने पूरे विश्व में आध्यात्मिक प्रेरणा पुंज के रूप में अलग पहचान कायम की है। उच्च परंपराओं को संजोए महाशिवरात्रि महोत्सव समृद्धि, भाईचारा एवं प्रेमभाव को भी दर्शाता है। उन्होंने नेपाल का जिक्र करते हुए कहा कि कितना फर्क है नेपाल और मंडी के युवाओं में। यहां का युवा भक्ति में इतना सराबोर हैं कि मुझे यह कहना पड़ा कि जीप को साइड से निकालों मुझे शिमला भी पहुंचना है। इस अवसर पर उपायुक्त एवं मेला समिति के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर, सदर विधायक अनिल शर्मा, नगर निगम के उप महापौर विरेंद्र भट्ट सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

### अपने-अपने देवालयों को लौटने लगे देवता



जलेब के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए राज्यपाल शुक्ल व नेता प्रतिपक्ष जयराम। अनंत ज्ञान

# आपदा प्रभावितों को राहत

## सुक्खू सरकार ने किराये के लिए 8.97 करोड़, पुनर्निर्माण को दिए 141.61 करोड़

- शहरी क्षेत्रों में 10 हजार और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 हजार रुपए प्रति परिवार किराया सहायता
- पूर्णतः क्षतिग्रस्त मकानों के लिए राहत राशि 7 लाख रुपए निर्धारित

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में साल 2025 की भीषण बारिश से उजड़े आशियानों के परिणामस्वरूप सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने राहत और पुनर्वास का व्यापक अभियान तेज कर दिया है। सरकार ने आपदा प्रभावित परिवारों को किराया सहायता के रूप में 8 करोड़ 97 लाख 90 हजार रुपए जारी किए हैं, ताकि जिन परिवारों के मकान पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गए या रहने योग्य नहीं रहे, उन्हें अस्थायी आवास की चिंता से राहत मिल सके।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य सरकार अपने संसाधनों से शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक प्रभावित परिवार को 10 हजार रुपए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 5 हजार रुपए प्रति परिवार किराया सहायता प्रदान कर रही है। इस पहल से अब तक ग्रामीण क्षेत्रों के 2,817 परिवार तथा शहरी क्षेत्रों के 88 परिवार लाभान्वित हुए हैं। वर्ष 2025 की प्राकृतिक आपदा से प्रदेशभर में लगभग 16,488 परिवार प्रभावित हुए, जिनमें 2,246 मकान पूर्णतः और 7,888 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में आपदा राहत मुआवजा राशि में ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। विशेष राहत पैकेज के अंतर्गत क्षतिग्रस्त घरों के पुनर्निर्माण के लिए 141 करोड़ 61 लाख रुपए की पहली किस्त जारी कर दी गई है। बीते तीन वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं से प्रदेश के लगभग सभी क्षेत्रों को भारी क्षति पहुंची है और अनुमानित नुकसान 16,500 करोड़ रुपए से अधिक आंका गया है।

राज्य सरकार ने पूर्णतः क्षतिग्रस्त मकानों के लिए राहत राशि को 1.30 लाख रुपए से बढ़ाकर 7 लाख रुपए कर दिया है। आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कच्चे और पक्के मकानों के लिए 1 लाख रुपए की सहायता निर्धारित की गई है। घरेलू उपयोग की वस्तुओं के नुकसान पर पूर्व में 2,500 रुपए की सहायता दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर मकान मालिकों के लिए एक लाख रुपए तथा किरायेदारों के लिए 50 हजार रुपए किया गया है।

### पॉलीहाउस के नुकसान पर 25 हजार रुपए की सहायता



**इसके** अतिरिक्त, पॉलीहाउस के नुकसान पर 25 हजार रुपए तथा घरों से मलबा या गाद हटाने के लिए 50 हजार रुपए की सहायता का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2023 की प्राकृतिक आपदा के आकलन हेतु आई केंद्रीय टीम ने 9,042 करोड़ रुपए की क्षति का अनुमान लगाया था, किंतु राज्य सरकार ने राहत और पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सड़कों, विद्युत और पेयजल आपूर्ति को रिकॉर्ड समय में बहाल किया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करने को संकल्पबद्ध है, ताकि कोई भी परिवार विपत्ति की इस घड़ी में स्वयं को असहाय न समझे।

- घरों से मलबा या गाद हटाने के लिए 50 हजार का प्रावधान

# हिमाचल सदन में आधी रात दिल्ली पुलिस ने बिना वारंट मारा छापा

अनंत ज्ञान



- पुलिस दो दिन से खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज, अचानक कार्रवाई पर उठे सवाल

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में स्थित हिमाचल भवन और हिमाचल सदन पिछले दो दिनों से असामान्य हलचल का केंद्र बने रहे। दिल्ली पुलिस की टीम लगातार परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही थी। इसी क्रम में शनिवार देर रात करीब बारह बजे अचानक पुलिस दल के परिसर में पहुंचने से हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पुलिसकर्मी सीधे एक विशेष कमरे की ओर बढ़े, जिससे वहां मौजूद लोगों ने कड़ा एतराज जताया और माहौल गरमा गया।

जानकारी के अनुसार घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने देर रात की इस कार्रवाई के औचित्य पर सवाल उठाए और तलाशी के आधार के बारे में जानकारी मांगी। आरोप है कि जब वारंट दिखाने की बात कही गई तो कोई स्पष्ट दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। मौके पर मौजूद एक महिला अधिवक्ता ने संबंधित कमरे में प्रवेश का विरोध करते हुए कहा कि बिना विधिक प्रक्रिया का पालन किए किसी को भी अंदर आने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने यह भी सवाल खड़ा किया कि यदि तलाशी की कार्रवाई हो रही है तो महिला पुलिसकर्मियों की उपस्थिति क्यों नहीं है। इस दौरान पुलिसकर्मियों और वहां उपस्थित लोगों के बीच तीखी बहस भी हुई, जिसका वीडियो अब सामाजिक माध्यमों पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। हिमाचल भवन के प्रबंधन की ओर से बताया गया कि दिल्ली पुलिस की टीम पिछले दो दिनों से सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

पूछताछ के दौरान पुलिस अधिकारियों ने संकेत दिया कि यह जांच केवल हिमाचल भवन और सदन तक सीमित नहीं है, बल्कि अन्य राज्यों के भवनों में भी इसी प्रकार की छानबीन की जा रही है। हालांकि, अब तक किसी ठोस कारण या विशिष्ट मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, जिससे पूरे घटनाक्रम को लेकर रहस्य और गहरा गया है।

### जांच व्यापक स्तर पर की जाने की संभावना

**बताते** हैं कि हालिया घटनाओं और राजधानी में चल रही कुछ संवेदनशील गतिविधियों के मद्देनजर यह जांच व्यापक स्तर पर की जा रही हो सकती है। फिर भी बिना पूर्व सूचना और आधी रात की कार्रवाई ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। लोकतांत्रिक संस्थानों में विधिक प्रक्रिया का पालन सर्वोपरि माना जाता है, ऐसे में पारदर्शिता और स्पष्टता की अपेक्षा स्वाभाविक है। आने वाले दिनों में पुलिस की ओर से आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने आता है या नहीं, इस पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

# दिल्ली से मेरठ अब सिर्फ 55 मिनट में, पीएम मोदी ने किया 'रैपिड रेल' का उद्घाटन

**एजेंसी, मेरठ**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई समिट में कपड़े उतारकर प्रदर्शन करने को लेकर कांग्रेस पर भड़क गए। मेरठ में रविवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा एआई सम्मेलन हुआ। पूरा देश गर्व से भर गया, लेकिन कांग्रेस और इसके इकोसिस्टम ने क्या किया? वैश्विक आयोजन को गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। विदेशी अतिथियों के सामने कांग्रेस के नेता कपड़े उतारकर पहुंच गए।

मोदी ने कहा कि मैं कांग्रेस वालों से पूछता हूं देश तो जानता है कि आप पहले से ही नंगे हो। फिर कपड़े उतारने की जरूरत क्यों पड़ी? कांग्रेस के नेताओं ने जो कुछ किया, वो दिखाता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी वैचारिक रूप से कितनी दिवालिया और दरिद्र हो गई है। मोदी ने कहा कि देखिए दिल्ली में जो हुआ, क्या उसमें टीएमसी, डीएमके या बसपा के लोगों ने पाप किया... नहीं किया। सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस के सरफिरे और बेलगाम नेता देश को तबाह करने पर तुले हैं। अगर आपको प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठना है तो पहले आपको लोगों के दिल जीतने होंगे। इससे पहले, मोदी ने मेरठ मेट्रो और नमो भारत रैपिड रेल को हरी झंडी दिखाई। स्कूली बच्चों और डॉक्टरों के साथ सफर किया, उनसे बातचीत की। 12,930 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। रैपिड रेल से दिल्ली से मेरठ की 82.15 किमी दूरी सिर्फ 55 मिनट में पूरी होगी। ट्रेन मेरठ मोदीपुरम से शुरू होकर दिल्ली के सराय काले खां तक जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# मंदिरों में आतंकी साजिश की धमकी पर राज्य में हाई अलर्ट

अनंत ज्ञान

- श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध, अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

**ब्यूरो, शिमला।** आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की ओर से देशभर के प्रमुख मंदिरों को निशाना बनाने की धमकी के बाद हिमाचल में भी सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह चौकन्नी हो गई हैं। संभावित खतरे को देखते हुए प्रदेश पुलिस ने सभी जिलों को उच्च सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं। खासकर बड़े और ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।

जानकारी के अनुसार प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिस अधीक्षकों को स्पष्ट आदेश दिए हैं कि मंदिर परिसरों में निगरानी व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। सीसीटीवी कैमरों से चौबीसों घंटे नजर रखने, बैरिकेडिंग मजबूत करने और डॉग स्क्वॉड की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है। सुरक्षा एजेंसियां खुफिया सूचनाओं पर भी पैनी नजर बनाए हुए हैं तथा संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही को ध्यान में रखते हुए कई मंदिरों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि दर्शन के दौरान अव्यवस्था न हो और हर व्यक्ति सुरक्षित माहौल में पूजा-अर्चना कर सके। पुलिस अधिकारियों ने आम जनता से भी सतर्क रहने और किसी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की है।

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में जैश के 2 आतंकी ढेर

**एजेंसी, श्रीनगर**



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चतरू इलाके में रविवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। सूत्रों के मुताबिक आधिकारियों ने 2 आतंकियों के ढेर होने की पुष्टि की है। सुरक्षाबलों ने उस ठिकाने को ही ब्लास्ट कर दिया, जहां आतंकी छिपे हुए थे। एनकाउंटर अभी भी जारी है।

अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के 2 से 3 आतंकियों के यहां पर छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तभी आतंकियों ने फायरिंग कर दी। इससे पहले 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था। वहीं, उधमपुर जिले में भी गुफा में छिपे जैश के 2 आतंकियों को ग्रेनेड विस्फोट में मार गिराया गया था। (अनंत ज्ञान)

# इंजीनियरिंग संस्थानों में आज से 9 दिन का ऑडिट

अनंत ज्ञान

- करोड़ों के उपकरणों का आउटसाइडर स्टूडेंट्स ने लिया फायदा या नहीं लॉग बुक से होगा खुलासा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** देशभर के कई इंजीनियरिंग संस्थानों में 'आई-स्टैम' पोर्टल के फायदे और उपकरणों की खरीद को लेकर सोमवार से ऑडिट शुरू हो रहा है। इसके लिए विशेष आडिट टीमें पहुंचना शुरू हो गई है।

हमीरपुर के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में भी टीम आज से ऑडिट का काम संभालेगी। रिसर्च एंड डेवल्पमेंट के मामले में यह ऑडिट बेहद जरूरी है और इसमें इस चीज का भी खुलासा होगा कि राष्ट्रीय महत्व के इन इंजीनियरिंग संस्थानों में 20 लाख से ऊपर की खरीद वाले उपकरणों का कितना सदुपयोग हो रहा है? सरकार इस पर खर्च तो कर रही है, लेकिन जिन्हें इनका फायदा होना है, वह हो भी पा रहा है या फिर केवल सारा मामला उपकरणों की खरीद तक ही जुड़ा हुआ है। कारण यह है कि 2020 के बाद यह अलग तरह का पोर्टल शुरू किया गया था। इसका मकसद यही था कि आउटसाइडर स्टूडेंट्स को इसके तहत लाना था।

पिछले 5 सालों से यह पोर्टल कितना फायदेमंद हुआ? अब ऑडिट रिपोर्ट में ही खुलासा होगा। यह ऑडिट कैग के तहत हो रहा है और इसमें देश भर के कई नामी और बड़े इंजीनियरिंग संस्थान शामिल हैं। जिनमें राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर, आईआईटी मंडी, ट्रिपल आईटी ऊना, आईसर मोहाली सहित दो दर्जन से ज्यादा संस्थानों में एक साथ ही यह ऑडिट शुरू हो रहा है।

### जांची जाएगी लॉग बुक

**इस** विशेष पोर्टल के तहत सभी संस्थाओं में लॉग बुक जांची जाएगी। कितने आवेदन आए, किस-किस संस्थान ने इसका फायदा लिया। कौन से संस्थान ने इस पोर्टल के जरिए सबसे ज्यादा सराहनीय काम किया। किसके पोर्टल पर ज्यादा आवेदक आए? यह सारी चीज जांची जाएगी। क्या करोड़ों की मशीनरी और उपकरणों की खरीद का कोई फायदा रिसर्च में हो रहा है? असली मकसद यही ऑडिट का है, क्योंकि वर्ष 2020 के बाद ही यह पोर्टल तैयार किया गया था और उसी के बाद सभी संस्थाओं में कई तरह के नए उपकरण भी खरीदे गए। यह उपकरण सामान्य नहीं होते, विशेष रहते हैं, इसीलिए इन पर सालाना जो खर्च हो रहा है, मकसद यह नहीं है कि खरीद जारी रहेगी या नहीं। मकसद यह है कि रिसर्च में यह फायदेमंद हो रहे या नहीं? पोर्टल पर सभी संस्थाओं ने कितनी ईमानदारी से काम किया जितने उपकरण उनके संस्थान में थे क्या सभी को इसमें चढ़ाया गया।

**अविस्मरणीय** 14वें दलाईलामा के स्वर्ण सिंहासन अरोहण 86वीं वर्षगांठ पर बोले नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी

# जब भी मैक्लोडगंज आता हूं लगता है मेरी तीर्थ यात्रा हो रही

अनंत ज्ञान



दलाईलामा के साथ कैलाश सत्यार्थी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि मैं जब भी मैक्लोडगंज और चुगलाखंग बौद्ध मठ में आने का मौका मिलता है तो लगता है कि मेरी तीर्थ यात्रा हो रही है। यह जगह किसी तीर्थ से कम नहीं है, मुझे लगता है कि इस स्थल का नाम दलाईलामा तीर्थ कर देना चाहिए।

कैलाश सत्यार्थी रविवार को मैक्लोडगंज स्थित चुगलाखंग बौद्ध मठ में 14वें दलाईलामा को स्वर्ण सिंहासन अरोहण 86वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। 22 फरवरी 1940 को ऐतिहासिक पोटाला पैलेस में स्वर्ण सिंहासन पर परमपावन महान 14वें दलाईलामा को सिंहासनारूढ़ किया गया था। सत्यार्थी ने कहा कि 14वें दलाईलामा को स्वर्ण सिंहासन अरोहण 86वीं वर्षगांठ पर हो रहा कार्यक्रम, केवल कार्यक्रम या उत्सव नहीं बल्कि 86 साल की ऐसी यात्रा है जो अंधेरों को चीरते हुए से उजाले की ओर जाती है। यह यात्रा शीतल नदी की तरह अन्याय व अत्याचारों के पहाड़ों को चीरते हुए पूरी दुनिया को प्रेम का संदेश देते हुए चल रही है। यह दया और करुणा की यात्रा है, जो विश्व को सत्य और अहिंसा का संदेश देती है। इस दौरान कैलाश सत्यार्थी ने धर्मगुरु दलाईलामा से भी मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

### तिब्बतियन प्रधानमंत्री ने दी तिब्बतियों को शुभकामनाएं

**इस** अवसर पर निर्वासित सरकार के प्रधानमंत्री पेम्पा छेरिंग तिब्बत के अंदर और बाहर के तिब्बतियों और दुनियाभर में तिब्बत के दोस्तों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। कार्यक्रम में फिलिपिंस संसद के सांसद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। पेम्पा छेरिंग ने कहा कि 86 साल पहले, 17 जुलाई 1939 को, छोटे बच्चे ल्हामो थोंडुप ने वर्षों की गहन खोज और पवित्र मौखिक पुष्टि के बाद 14वें दलाईलामा के वास्तविक पुनर्जन्म के रूप में अपनी पहचान के बाद कुंबुम जम्पा लिंग को छोड़ दिया। वह 8 अक्तूबर 1939 को ल्हासा के नोरबुलिंग्का पैलेस पहुंचे। औपचारिक राज्याभिषेक समारोह 22 फरवरी 1940 को पोटाला पैलेस के अंदर सिशी फुंटसोक हॉल में आयोजित किया गया था।

यह समारोह सदियों पुरानी परंपरा और आस्था में निहित गाडेन फोडरंग प्रणाली के तहत तिब्बत के आध्यात्मिक और लौकिक नेतृत्व की निरंतरता का प्रतीक है। निर्वासित तिब्बत सरकार की ओर से प्रकाश डाला कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान वैश्विक उथल-पुथल और क्षेत्रीय राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद, मान्यता और सिंहासन की प्रक्रिया बाहरी हस्तक्षेप के बिना आयोजित की गई थी। निर्वासित सरकार ने अपने बयान में परम पावन की चार प्रमुख प्रतिबद्धताओं पर जोर दिया गया, मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना, धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देना, तिब्बती संस्कृति और धर्म का संरक्षण और प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपराओं का पुनरुद्धार। करुणा और अहिंसा का उनका आजीवन संदेश दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित करता रहता है।

# राजधानी में यूथ कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

## गिरफ्तार साथियों की रिहाई को लेकर बोला हल्ला, लोकतांत्रिक अधिकारों के पक्ष में सड़कों पर उतरे युवा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश यूथ कांग्रेस ने दिल्ली में गिरफ्तार किए गए युवा कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर शिमला में जोरदार प्रदर्शन किया। राजीव भवन से पुराने बस अड्डे तक निकाली गई रैली के दौरान केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ तीखी नारेबाजी की गई और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का संकल्प दोहराया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर ने किया, जबकि भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं हिमाचल प्रभारी शेष नारायण ओझा विशेष रूप से मौजूद रहे।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मेलन के दौरान गलगोटिया विश्वविद्यालय से जुड़े प्रकरण में विरोध दर्ज कराने वाले युवाओं को अनावश्यक रूप से गिरफ्तार किया गया। यूथ कांग्रेस नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का प्रयास बताया। रैली के दौरान कुछ समय के लिए आंदोलनकारियों और पुलिसकर्मियों के बीच हल्की धक्का-मुक्की भी देखने को मिली,



युवा कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

हालांकि स्थिति को शीघ्र ही नियंत्रित कर लिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार आलोचना को सहन नहीं कर पा रही है और असहमति को अपराध की तरह देखा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर हुई कथित अनियमितताओं की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए व पारदर्शिता सुनिश्चित होनी चाहिए।

वहीं प्रदर्शन में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव शेष नारायण ओझा ने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय एआई सम्मेलन में प्रस्तुत की गई तकनीक को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं, जिससे देश की प्रतिष्ठा प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर तथ्य छिपाए गए हैं तो इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से जवाबदेही तय करने और सच्चाई सार्वजनिक करने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि वर्ष 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने देशभर में विरोध प्रदर्शन किए थे, जिन्हें लोकतांत्रिक अधिकार बताया गया था। यूथ कांग्रेस नेताओं का कहना है कि आज जब वे अपनी बात रख रहे हैं तो उसे देशविरोधी करार देना दोहरा मापदंड दर्शाता है। यूथ कांग्रेस ने दिल्ली में गिरफ्तार किए गए सभी युवा कार्यकर्ताओं की तत्काल रिहाई और उनके खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग की है। नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और इसे बलपूर्वक दबाया नहीं जा सकता। प्रदर्शन में राज्य महासचिव आर्यन चौहान, योगेश ठाकुर, अतुल ठाकुर, प्रकाश कन्याल, मनोज, अरुण ठाकुर, नरेंद्र, हार्दिक भंडारी, रोहित कश्यप सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जंगल में भटक रही अस्वस्थ महिला को पुलिस ने बचाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मशोबरा क्षेत्र में उस वक्त हलचल मच गई, जब सखी वन स्टॉप सेंटर से 48 वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के लापता होने की सूचना मिली। बताया गया कि महिला नंगे पांव ही सेंटर से बाहर निकलकर बालिका आश्रम की दिशा में जंगल की ओर चली गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी मशोबरा की टीम हरकत में आई और आसपास के दुर्गम वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया गया।

पुलिस टीम ने सेंटर के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के सहयोग से घने जंगल में काफी मशक्कत की। कुछ समय बाद महिला बालिका आश्रम के नीचे वन क्षेत्र में सकुशल मिली। उसकी पहचान मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने की। पुलिस ने उसे सुरक्षित वापस सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नारी निकेतन मशोबरा में ठहराने की व्यवस्था की। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने बताया कि जिला पुलिस हर नागरिक की सुरक्षा के लिए पूरी तरह सजग है।

# पुलिस ने दो लापता किशोरों को डेढ़ घंटे में सुरक्षित किया बरामद

◆ नाकाबंदी और साइबर सेल की मदद से बस में मिले बच्चे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई से दो नाबालिग बच्चों को सुरक्षित ढूंढ लिया गया। रविवार सुबह छाजपूर से घर से निकले दोनों बच्चे कुछ ही घंटों में पुलिस की सतर्कता के चलते मिल गए, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली।

पुलिस के अनुसार रविवार की सुबह पुलिस चौकी सरस्वती नगर को सूचना मिली कि छाजपूर से 15-15 वर्ष उम्र के दो नेपाली बच्चे सुबह सामान लाने का बहाना करके घर से निकले थे, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटे। परिजनों को शक हुआ कि दोनों बच्चे घर से कहीं चले गए हैं। इसके बाद परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। बच्चों की तलाश के लिए पुलिस चेक पोस्ट खड़ापत्थर की टीम को परिजनों के साथ रवाना किया गया, जबकि प्रभारी थाना भी पुलिस टीम के साथ इलाके में खोज के लिए निकल पड़े। साथ ही प्रभारी थाना कोटखाई और प्रभारी थाना ठियोग से संपर्क कर दोनों बच्चों की तस्वीरें साझा की गईं। पुलिस ने नाकाबंदी कर सभी गुजरने वाले वाहनों की जांच के निर्देश भी जारी किए।

इस समन्वित कार्रवाई का परिणाम जल्दी ही सामने आ गया। साइबर सेल शिमला की मदद से मिली सूचना के आधार पर थाना ठियोग के प्रभारी ने करीब डेढ़ घंटे के भीतर ठियोग के पास एक बस में यात्रा कर रहे दोनों बच्चों को सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस ने बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि समय पर मिली सूचना और विभिन्न पुलिस टीमों के तालमेल से बच्चों को जल्द ढूंढना संभव हो पाया।

# किराये के कमरे में चिट्टा बरामद दो सगे भाइयों सहित 3 गिरफ्तार

◆ 6.560 ग्राम हेरोइन जब्त, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के लोअर खलीणी इलाके में पुलिस ने किराए के कमरे में दबिश देकर दो सगे भाइयों समेत तीन युवकों को चिट्टा (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से कुल 6.560 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस टीम इलाके में नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान संदेह के आधार पर लोअर खलीणी स्थित एक किराए के कमरे की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कमरे में मौजूद तीन युवकों के पास से नशीला पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही तीनों को हिरासत में ले लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित कुमार (26 वर्ष) और रजत कुमार (24 वर्ष) पुत्र केसर सिंह के रूप में हुई है, जो आपस में सगे भाई हैं। तीसरे आरोपी की पहचान सोनू (26 वर्ष) पुत्र सत्या के रूप में हुई है। तीनों मूल रूप से गांव सैंज, डाकघर पंदराणू, तहसील जुब्बल, जिला शिमला के रहने वाले हैं और फिलहाल लोअर खलीणी के सूद भवन में किराए पर रह रहे थे।

पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 6.560 ग्राम चिट्टा बरामद होने के बाद उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी यह नशीला पदार्थ कहां से लाए थे और इसे कहां सप्लाई करने की योजना थी। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है और आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की भी पड़ताल की जा रही है। साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार आने वाले दिनों में शहर के विभिन्न हिस्सों में औचक निरीक्षण और तलाशी अभियान और तेज किए जाएंगे, ताकि युवाओं को नशे के जाल से बचाया जा सके। शिमला पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि उन्हें अपने आसपास किसी भी तरह की नशे से जुड़ी गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, जिससे ऐसे मामलों पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# हिमाचल में सीबीएसई स्कूलों को लेकर शिक्षकों की सीमित रुचि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध करने की पहल को अपेक्षित प्रतिसाद नहीं मिल रहा है। 145 चयनित विद्यालयों में विभिन्न श्रेणियों के 5623 पदों पर नियुक्ति के लिए अब तक केवल 4050 शिक्षकों ने ही ऑनलाइन आवेदन किया है। इससे संकेत मिल रहे हैं कि शिक्षक नई व्यवस्था को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नजर नहीं आ रहे।

जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग ने 500 रुपये शुल्क के साथ 24 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए हैं, जबकि 600 रुपए विलंब शुल्क के साथ 27 फरवरी तक अवसर दिया गया है। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत 22 मार्च को स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके आधार पर मेरिट सूची तैयार होगी। इसके बाद दस्तावेज सत्यापन और परामर्श प्रक्रिया पूरी कर नए शैक्षणिक सत्र से नियुक्तियां की जाएंगी। बताया गया है कि कई शिक्षक नई कार्यप्रणाली, परीक्षा ढांचे और संभावित स्थानांतरण को लेकर असमंजस में हैं। सरकार का उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर के पाठ्यक्रम के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है। हालांकि, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने उम्मीद जताई है कि अंतिम तिथि तक और आवेदन प्राप्त होंगे। यदि संख्या अपेक्षा से कम रही तो विभागीय स्तर पर रणनीति तय की जाएगी, ताकि सभी 145 विद्यालयों में केंद्रीय पाठ्यक्रम सुचारु रूप से लागू हो सके।

# आउटसोर्स कर्मियों का शिमला में शक्ति प्रदर्शन

## नवउदारवादी नीतियों के खिलाफ एकजुटता का आह्वान, समान वेतन व नियमितीकरण की मांग तेज



आउटसोर्स कर्मचारी यूनियन के सम्मेलन में उपस्थित प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** किसान मजदूर भवन चितकारा पार्क में हिमाचल प्रदेश आउटसोर्स कर्मचारी यूनियन का शिमला जिला का दूसरा सम्मेलन जोश और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसे सीटू शिमला जिला सचिव रमाकांत मिश्रा ने संपन्न किया। सात सदस्यीय अध्यक्ष मंडल की देखरेख में आयोजित इस सम्मेलन में अजय दुलटा, बालक राम, वीरेंद्र, दलीप, जसवंत, देवेंद्र और लोकेंद्र ने संचालन की जिम्मेदारी निभाई, जबकि सीता राम, पंकज और नोख राम ने कार्यवाही का लेखा-जोखा रखा।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सीटू राज्य अध्यक्ष विजेन्द्र मेहरा ने कहा कि नवउदारवादी नीतियों और श्रम संहिताओं के जरिए मजदूर वर्ग के अधिकारों पर सुनियोजित हमला किया जा रहा है, जिसके खिलाफ संगठित प्रतिरोध ही एकमात्र रास्ता है।

महासचिव की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए जिला महासचिव अमित ने संगठन की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अजय दुलटा ने अपने विचार रखते हुए संगठनात्मक मजबूती और व्यापक एकता की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में सीटू जिला सचिव विवेक कश्यप और प्रताप की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाया।

### 35 सदस्यीय कमेटी का गठन

**सम्मेलन** में सर्वसम्मति से 35 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन किया गया। वीरेंद्र लाल को अध्यक्ष, दलीप को महासचिव और ओम प्रकाश को कोषाध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष के रूप में लोकेंद्र, देवेंद्र, निशा और जसवंत को जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि सचिव पद पर सीता राम, नोख राम, भूमि, पंकज, उदित और कांता का चयन हुआ। कमेटी में उमा, विद्या, धनी राम, क्षितिज, अमित, रूपा, सुरेंद्र, ललिता, बालक राम, तरुण, मीनू, जगदीश, रीना, त्वारि देवी, शिशु पाल, सतीश, सुना मणि, शांता और संदीप सहित अन्य सदस्य शामिल किए गए, जबकि दो पद रिक्त रखे गए।

# व्यापार समझौतों के नाम पर राष्ट्रीय हितों की अनदेखी की: विनय कुमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा चाहे जितनी बयानबाजी कर ले, लेकिन सच्चाई यह है कि देश की अंतरराष्ट्रीय साख को गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि व्यापार समझौतों के नाम पर राष्ट्रीय हितों की अनदेखी की गई, जिससे व्यापार घाटा बढ़ा और विदेशी कंपनियों को लाभ मिला। उनके अनुसार इन फैसलों से भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा प्रभावित हुई है।

विनय कुमार ने कहा कि चीन के साथ सीमा विवाद के मुद्दे पर देश को गुमराह किया गया और वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। उन्होंने इसे शहीदों और सेना के साहस के प्रति अन्याय बताया। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि विदेश नीति में भी दबाव की राजनीति झलकती रही। उनके अनुसार वैश्विक स्तर पर सामने आए विवादों और कथित फाइलों से देश की छवि को नुकसान पहुंचा है। हालांकि इन आरोपों पर केंद्र सरकार की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### लोकतंत्र, संस्थाओं के अधिकारों का मुद्दा जोर शोर से उठेगा

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष ने लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव, असहमति के दमन और पत्रकारों पर कथित भय के माहौल का भी जिक्र किया।



उन्होंने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से आग्रह किया कि वे प्रदेश के हितों के लिए आवाज़ उठाएं। उनका कहना है कि हिमाचल को आर्थिक सहायता और राहत पैकेज में कटौती से संकट की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता सब कुछ समझ रही है और समय आने पर जवाब देगी।

# गेयटी थियेटर के गॉथिक हॉल में सजी प्रतिभा की महफिल

## ताज-ए-हिमाचल मॉडलिंग प्रतियोगिता में युवतियों ने रैंप पर बिखेरा आत्मविश्वास




ताज-ए-हिमाचल प्रतियोगिता के दौरान रैंप वॉक करती प्रतिभागियां। अनंत ज्ञान

◆ प्रदेशभर से आई 25 प्रतिभागियों ने दिखाया जोश, जज्बा व शालीन अंदाज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर के ओल्ड गॉथिक हॉल में रविवार को रंग, रोशनी और रौनक का दिलकश समां देखने को मिला, जब 'ताज-ए-हिमाचल' मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई 25 प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हुए आत्मविश्वास और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत रैंप वॉक राउंड से हुई, जिसमें युवतियों ने शालीनता, आत्मविश्वास और आधुनिकता के संगम को प्रस्तुत किया। सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके बाद परिचय राउंड में प्रतिभागियों ने अपने व्यक्तित्व, सपनों और जीवन-दृष्टि को प्रभावशाली अंदाज़ में साझा किया, जिसने दर्शकों और निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया।

टैलेंट राउंड में प्रतिभा का असली रंग नज़र आया। किसी ने पहाड़ी लोकनृत्य की मोहक छटा बिखेरी, तो किसी ने शास्त्रीय नृत्य की भाव-भंगिमाओं से समां बांध दिया। कविता वाचन और अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा से भर दिया। गॉथिक हॉल की ऐतिहासिक दीवारें जैसे इन सुरों और तालों की गवाही दे रही थीं। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को अपनी पहचान बनाने और आत्मविश्वास को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। दर्शकों ने भी प्रतिभागियों के उत्साह और अनुशासन की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और विजेताओं को ताज पहनाकर गौरवान्वित किया गया।

# मां केदार काली मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आस्था का बना विराट पर्व



प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान पूजा-अर्चना में भाग लेते श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई के सैंज गुम्मा स्थित मां केदार काली मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और श्रद्धा के अलौकिक रंग में रंग दिया। पावन अवसर पर मंदिर परिसर में आस्था का विराट संगम देखने को मिला, जहां श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। धार्मिक उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण इस समारोह ने ग्रामवासियों के साथ-साथ दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को भी भाव-विभोर कर दिया।

महोत्सव के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य विधिवत पूजा-अर्चना, हवन और विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। भजन-कीर्तन की मधुर स्वर-लहरियों से वातावरण भक्तिमय बना रहा और पूरा क्षेत्र देवीमय अनुभूति से सराबोर हो उठा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा-भाव से देवी मां का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की मंगलकामना की। इस अवसर पर भाजपा नेता चेतन बरागटा ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई और मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली, अमन-चैन और विकास की कामना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने मंदिर समिति तथा स्थानीय ग्रामीणों को सफल आयोजन के लिए साधुवाद दिया।

# यूथ कांग्रेस का विरोध राष्ट्र की छवि पर आघात: भाजपा

## सत्ता की लालसा में कांग्रेस कर रही स्तरहीन राजनीति, जनता देगी जवाब

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन को लेकर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण आयोजन के समय इस प्रकार का विरोध प्रदर्शन लोकतांत्रिक मर्यादाओं के प्रतिकूल है और इससे देश की वैश्विक छवि को ठेस पहुंचती है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंकने का प्रयास अशोभनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। उनके अनुसार जब विश्व के अनेक देशों के प्रतिनिधि भारत की तकनीकी प्रगति और नेतृत्व क्षमता की सराहना कर रहे हों, तब इस तरह की गतिविधियाँ देशहित के विरुद्ध मानी जाएंगी।

रश्मि धर सूद ने कहा कि कांग्रेस सत्ता की लालसा में स्तरहीन राजनीति पर उतर आई है और आलोचना करते-करते वह राष्ट्र की उपलब्धियों को ही कटघरे में खड़ा कर देती है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे विकास और राष्ट्रहित की राजनीति को समर्थन दें तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से ऐसे कृत्यों का जवाब दें। उनका कहना था कि जनता अब जागरूक है और सही समय पर उचित निर्णय लेने में सक्षम है।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक बलबीर वर्मा ने भी यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन की निंदा करते हुए इसे गैर-जिम्मेदाराना करार दिया। उन्होंने कहा कि एआई समिट जैसे आयोजनों से भारत की तकनीकी शक्ति और वैश्विक प्रतिष्ठा सुदृढ़ होती है, लेकिन कांग्रेस इस अवसर पर भी विरोध की राजनीति से बाज नहीं आ रही। वर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं की भाषा और आचरण मर्यादाओं से परे जा चुके हैं, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए चिंताजनक संकेत है।

### गलत राजनीतिक आचरण का जनता देगी जवाब



बलबीर वर्मा



रश्मि धर सूद

**बलबीर** वर्मा और रश्मि धर सूद ने कहा कि देश की जनता सब देख रही है और समय आने पर ऐसे राजनीतिक आचरण का जवाब अवश्य देगी। भाजपा नेताओं ने विश्वास जताया कि विकास और सुशासन की नीति के साथ पार्टी प्रदेश और देश की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है।

◆ कहा-पीएम मोदी का पुतला फूंकने का प्रयास अशोभनीय और दुर्भाग्यपूण

कार्यक्रम | दस पंचायतों को मिलेगा लाभ, सड़कों और कूड़ा प्रबंधन, परियोजनाओं को मिली रफ्तार

# जलोग में खुलेगा दूध एकत्रीकरण केंद्र: विक्रमादित्य

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** रामपुरी क्योंथल पंचायत के धनुल गांव में रविवार को आयोजित 'मंत्री आपके द्वार' कार्यक्रम में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकास एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसे निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने ग्रामीणों के आत्मनिर्भर स्वरूप की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक सहयोग से ही क्षेत्र का समग्र उत्थान संभव है।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री विक्रमादित्य ने जलोग क्षेत्र में दूध एकत्रीकरण केंद्र स्थापित किए जाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस केंद्र से लगभग दस पंचायतों के दुग्ध उत्पादकों को




मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह। अनंत ज्ञान

सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। साथ ही रामपुरी क्योंथल के आसपास की अन्य पंचायतों के लिए भी भविष्य में इसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने प्रदेश की आर्थिक स्थिति के सुदृढ़ होने का विश्वास जताते हुए कहा कि घोषणाएं जनआवश्यकताओं को ध्यान में रखकर ही की जानी चाहिए।

मंत्री ने अवगत कराया कि जाठिया देवी से रामपुरी सड़क की मेटलिंग पर सत्तर लाख रुपये व्यय किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त भरियाल में कूड़ा संयंत्र में बायोगैस प्लांट को स्वीकृति मिल चुकी है, जिसके माध्यम से अपशिष्ट का उपयोग सीमेंट निर्माण में भी किया जाएगा। मथोली गांव के लिए भविष्य में सड़क निर्माण तथा फायल से हेयूं सड़क को लोक निर्माण विभाग के अधीन लाने की प्रक्रिया भी जारी है। एंबुलेंस मार्ग को स्थानांतरित कर कार्य को शीघ्र पूर्ण करने की योजना है।

### रामपुरी क्योंथल पंचायत को तीन लाख अनुदान राशि देने की घोषणा

**कार्यक्रम** में स्थानीय लोगों ने विभिन्न जनसमस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं, जिनके समाधान का आश्वासन प्राथमिकता के आधार पर दिया गया। उन्होंने रामपुरी क्योंथल पंचायत को तीन लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर, पूर्व प्रदेश सचिव जितेंद्र ठाकुर, पार्षद मोनिका भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, अधिकारी और कई उपस्थित रहे।

# हिमाचल पर दस हजार करोड़ रुपए का मंडराता वित्तीय संकट: अग्निहोत्री

## उपमुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर जताई गंभीर चिंता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नई दिल्ली में पार्टी नेतृत्व से अहम मंथन के बाद उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेश की आर्थिक हालत पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि राजस्व घाटा अनुदान बंद किए जाने के फैसले से हिमाचल प्रदेश पर लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ आ सकता है। उन्होंने बताया कि बीते पांच वर्षों से प्रदेश को यह अनुदान मिलता रहा, जिससे वित्तीय संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती थी, लेकिन अब इसे अचानक रोक दिए जाने से हालात और भी अधिक विकट और चुनौतीपूर्ण हो गए हैं।



◆ **सेब उद्योग और ग्रामीण विकास योजनाओं पर संभावित नकारात्मक प्रभाव का संकेत**

उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से विस्तार से चर्चा कर प्रदेश की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार विपक्ष शासित राज्यों को आर्थिक रूप से दबाव में लाने की नीति पर चल रही है, जिसका सीधा असर हिमाचल की जनता पर पड़ सकता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भी कहा कि बैठक में सेब उद्योग की मौजूदा स्थिति और राजस्व घाटा अनुदान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। उनका कहना है कि हिमाचल की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा बागवानी पर निर्भर है और यदि वित्तीय संसाधनों में कमी आती है तो विकास योजनाओं, सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों और ग्रामीण ढांचे पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। राज्यसभा सांसद रजनी पाटिल ने जानकारी दी कि संगठनात्मक पहलुओं पर भी चर्चा हुई और पार्टी नेतृत्व ने मंत्रियों की कार्यप्रणाली की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, ताकि शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाया जा सके।

### नई नीतियों से राजस्व बढ़ाने की तैयारी

**बता** दें कि 16वें वित्त आयोग के बाद बदली परिस्थितियों में राज्य सरकार ने आंतरिक संसाधन बढ़ाने की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं। वर्ष 2026-27 के लिए नई टोल नीति लागू करने की तैयारी है, जिसमें टोल नाकों की पारदर्शी ऑनलाइन नीलामी, इलेक्ट्रॉनिक वसूली प्रणाली, सीसीटीवी निगरानी और चरणबद्ध फास्टैग व्यवस्था शामिल होगी। साथ ही आबकारी नीति में संशोधन तथा 1 अप्रैल 2026 से बाहरी वाहनों पर प्रवेश शुल्क में वृद्धि का निर्णय लिया गया है।

# पुलिस ने 2.317 किलो चरस सहित 4 तस्कर किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना स्वारघाट की टीम को शनिवार रात बड़ी कामयाबी मिली है। टीम ने सुन्हण में नाकाबंदी के दौरान एक वाहन से भारी मात्रा में चरस बरामद की है। पुलिस टीम हाईवे पर आवागमन कर रहे वाहनों की सघन जांच कर रही थी, उसी दौरान मनाली की ओर से आ रही एक गाड़ी को संदिग्ध अवस्था में देखकर रोका गया। जब वाहन की बारीकी से तलाशी ली गई, तो उसकी डिग्गी से 2 किलो 317 ग्राम चरस बरामद हुई। मौके से पुलिस ने गाड़ी में सवार चारों आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हीम सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी बाली चौकी मंडी, चमन लाल पुत्र उत्तम राम निवासी बाली चौकी मंडी, राहुल पुत्र महेंद्र सिंह निवासी भुंतर कुल्लू और देवराज पुत्र चैत राम निवासी बाली चौकी मंडी शामिल हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि यह चरस हिमाचल प्रदेश के भीतर अवैध रूप से बेचने के लिए लाई जा रही थी। पुलिस ने चारों तस्करों के खिलाफ थाना स्वारघाट में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस सफल अभियान की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संदीप धवल ने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी और तस्करों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस टीम अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह चरस कहां से लाई जा रही थी और इसका रैकेट कितना बड़ा है।

# प्रदेश के युवाओं को रोजगार की नई सौगात: सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार नई सोच, पारदर्शी प्रक्रियाओं और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि कनिष्ठ अभियंता (सिविल), कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आईटी), फार्मेसी, स्टाफ नर्स सहित विभिन्न विभागों में भर्तियों को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी रखा जाएगा, ताकि योग्य और मेहनती युवाओं को उनका अधिकार मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल पद भरना नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को साकार करना है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की प्रगति का आधार युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा है। यदि उन्हें उचित अवसर, मार्गदर्शन और सम्मानजनक रोजगार मिले तो वे न केवल अपने परिवार को संबल देंगे, बल्कि हिमाचल को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि इन भर्तियों से स्वास्थ्य, तकनीकी और प्रशासनिक सेवाओं को मजबूती मिलेगी, जिससे आम जनता को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उनके मुताबिक सरकार की नीति स्पष्ट है, योग्यता के आधार पर चयन व भ्रष्टाचार के लिए शून्य सहनशीलता प्राथमिकता में रहेंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल के संकल्प को साकार करने के लिए सतत प्रयासरत है। युवाओं को स्वरोजगार, कौशल विकास और सरकारी सेवा, हर क्षेत्र में अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि प्रदेश के हर युवा को आगे बढ़ने का समान अवसर देना ही सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें तथा प्रदेश निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# आज से बदलेगा मौसम का मिजाज

## ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और हिमपात के आसार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में जल्द ही मौसम करवट लेने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसके प्रभाव से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में वर्षा और हिमपात की संभावना बन रही है। विभाग का अनुमान है कि सोमवार से मौसम में बदलाव शुरू हो सकता है और विशेषकर लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा और कुल्लू के उच्च पर्वतीय भागों में हल्की से मध्यम वर्षा तथा बर्फबारी के आसार रहेंगे, जबकि मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में भी कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में शुष्क मौसम का दौर जारी है, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होते ही बादल छाने लगेंगे और तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह प्रणाली दो से तीन दिनों तक असर दिखा सकती है। किसानों और बागवानों को सलाह दी गई है कि वे आगामी बदलाव को देखते हुए अपनी फसलों और बागानों की तैयारी समय रहते कर लें, क्योंकि ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा हिमपात से जनजीवन भी प्रभावित हो सकता है। फिलहाल रविवार को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दिन का तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया। औसत अधिकतम तापमान सामान्य से करीब चार डिग्री अधिक रहा। ऊना में सबसे अधिक 28.0 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। सुंदरनगर में 25.1, भुंतर में 24.8, नाहन में 24.0 और धर्मशाला में 22.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। राजधानी शिमला में अधिकतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से ऊपर है। केलांग में 6.1 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया।

### हिमाचल प्रदेश में आगामी पश्चिमी विक्षोभ की आहट

**प्रदेश** के अधिकांश स्थानों पर वर्षा और हिमपात शून्य रहा। केवल कुछ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की नमी दर्ज की गई, जबकि मैदानी और मध्य पर्वतीय भागों में मौसम पूरी तरह साफ बना रहा। विभाग का मानना है कि आगामी पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होते ही तापमान में गिरावट और मौसम में ठंडक लौट सकती है, जिससे शुष्क और गर्म होते मौसम को अस्थायी विराम मिलेगा।

## हिमाचल राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस में मंथन और विचार हुआ तेज

# 2024 की हार ने बदले कांग्रेस के तेवर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सियासत में राज्यसभा चुनाव ने फिर से हलचल पैदा कर दी है। सत्ता के गलियारों में चर्चाएं तेज हैं, लेकिन कांग्रेस इस बार चुप्पी साधे रणनीतिक अंदाज़ में आगे बढ़ रही है। पिछली बार बहुमत के बावजूद हाथ से निकली सीट ने पार्टी को भीतर तक झकझोर दिया था। यही वजह है कि इस बार प्रत्याशी चयन को लेकर कोई हड़बड़ी नहीं दिखाई जा रही। पार्टी हर नाम, हर समीकरण और हर संभावित जोखिम पर गहन विचार कर रही है, ताकि अंतिम समय में कोई अप्रत्याशित स्थिति पैदा न हो।

सूत्रों के अनुसार राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का कार्यकाल नौ अप्रैल को समाप्त हो रहा है। 26 फरवरी को अधिसूचना जारी होगी और 5 मार्च तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। समयसीमा स्पष्ट है, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व पहले संगठनात्मक एकजुटता सुनिश्चित करना चाहता है। विधायकों के बीच संवाद और विश्वास कायम रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साल 2024 के चुनाव का घटनाक्रम कांग्रेस के लिए अब भी एक अहम सीख बना हुआ है। उस समय पार्टी ने वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी को मैदान में उतारा था, पर छह विधायकों की बगावत से समीकरण बदल गए और भाजपा के हर्ष महाजन जीत दर्ज करने में सफल रहे। इस हार ने स्पष्ट कर दिया कि केवल संख्या बल पर्याप्त नहीं, बल्कि संगठनात्मक अनुशासन और आंतरिक तालमेल भी उतना ही जरूरी है।

संभावित उम्मीदवारों की सूची भी कम दिलचस्प नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह की दावेदारी भी चर्चा में है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौल सिंह ठाकुर और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के करीबी सुनील शर्मा बिट्टू के नाम भी सियासी हलकों में गूंज रहे हैं। हालांकि अंतिम निर्णय हाईकमान की मुहर के बाद ही सार्वजनिक होगा।

◆ **दावेदार कई, समीकरण बने जटिल, हाईकमान के पाले में अंतिम फैसला**

◆ **नौ अप्रैल को समाप्त हो रहा है राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का कार्यकाल**

◆ **26 फरवरी को जारी होगी अधिसूचना व 5 मार्च तक दाखिल किए जाएंगे नामांकन**

### कांग्रेस के लिए भरोसे और एकजुटता की परीक्षा

**बहरहाल** स्पष्ट है कि यह चुनाव केवल एक सीट की लड़ाई नहीं, बल्कि कांग्रेस के लिए भरोसे और एकजुटता की परीक्षा भी है। यदि पार्टी इस बार संतुलन और रणनीति के साथ आगे बढ़ती है, तो न केवल राजनीतिक संदेश मजबूत होगा बल्कि पिछली हार की टीस भी कुछ हद तक कम हो सकेगी।

# कांग्रेस सरकार की नाकामी से विकास और विरासत पर संकट: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

**दिल्ली/ऊना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने नोएडा में शिव शक्ति सिद्ध श्री बाबा बालकनाथ वेल्फेयर सोसाइटी ( रजि.) के 17वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में स्थानीय सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा के साथ सम्मिलित होकर बाबा बालकनाथ की आराधना कर उपस्थित हजारों की संख्या में हिमाचली जनता के समक्ष बाबा बालकनाथ जी के जीवन, कथाओं व उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्यों ने बाबा बालकनाथ जी से संबंधित एक स्मारिका व कैलेंडर का विमोचन भी किया।



अनुराग ने कहा कि 2014 के बाद से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी सांस्कृतिक जड़ों को गर्व के साथ स्वीकार किया। मोदी सरकार ने मंदिरों को केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कृति, पर्यटन, रोजगार और विकास से जोड़ा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में मंदिरों के गलियारों और तीर्थ स्थलों का अभूतपूर्व पुनर्विकास हुआ है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण व उसके आस पास सुविधाएं बढ़ाने के प्रति हिमाचल की कांग्रेस सरकार की उदासीनता कष्टदायी है। चिंतपूर्णी माता मंदिर के लिए 50 करोड़ रुपए दिलाए कई वर्ष बीत गए, मगर राज्य की सरकार उसे खर्च नहीं कर पा रही है। अगर यह अवसर हमारे पास होता तो 50 करोड़ केंद्र का और राज्य की ओर से 200 करोड़ रुपए लगवाकर चिंतपूर्णी धाम को और दिव्य व भव्य बनवाते। कांग्रेस सरकार के निक्कमेपन से हिमाचल विकास और विरासत दोनों में ही पीछे जा रहा है।

# एआई इंपैक्ट समिट भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त करेगी: जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी जिला के बल्ह विधानसभा क्षेत्र के चक्कर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना और इसके पश्चात प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ (एलोपैथी) की परिचय बैठक व कार्यशाला को संबोधित किया। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने भारत मंडपम में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' की सफलता के लिए प्रधानमंत्री और देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह आयोजन पीएम मोदी के दूरदर्शी विजन का परिणाम है, जिसने विश्व पटल पर भारत के तकनीकी कौशल, उन्नत एआई मॉडल्स और नवाचार की क्षमता का लोहा मनवाया है।



बैठक में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व अन्य। ❖ अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि यह समिट भारतीय प्रतिभा और तकनीकी आत्मनिर्भरता को सशक्त कर देश के युवाओं के लिए प्रगति के नए मार्ग प्रशस्त करेगी। 'मन की बात' के माध्यम से डिजिटल सुरक्षा पर चर्चा करते हुए उन्होंने नागरिकों से 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया और कहा कि प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन एक सुरक्षित और विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी को सुदृढ़ कर रहा है। इसके उपरांत, चिकित्सा प्रकोष्ठ की बैठक को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने चिकित्सकों को समाज में सेवा, समर्पण और संवेदना का प्रतीक बताया।

उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की जिम्मेदारी केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ भविष्य में जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय एवं सशक्त भूमिका निभाते हुए सेवा के मूल मंत्र को मजबूत करेगा। इस दौरान उन्होंने संगठनात्मक ढांचे और जनसेवा के प्रति चिकित्सकों के सामाजिक दायित्वों पर भी विस्तृत चर्चा की।

# हिमाचल सदन प्रकरण पर हो निष्पक्ष और पारदर्शी जांच: सुधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** दिल्ली स्थित हिमाचल सदन और हिमाचल भवन में हालिया पुलिस कार्रवाई को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। भाजपा नेता सुधीर शर्मा ने पूरे घटनाक्रम पर गंभीर प्रश्न खड़े करते हुए इसकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यह स्पष्ट होना चाहिए कि संबंधित प्रतिनिधि आरडीजी (राजस्व घाटा अनुदान) के मुद्दे पर गए थे या किसी अन्य उद्देश्य से, क्योंकि घटनाक्रम कई शंकाओं को जन्म दे रहा है। शिमला से जारी प्रेस बयान में सुधीर शर्मा ने कहा कि कुछ दिन पूर्व प्रदेश की कांग्रेस सरकार का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री की अगुवाई में दिल्ली गया था, जहां आलाकमान से राजस्व घाटा अनुदान पर चर्चा प्रस्तावित थी। ऐसे समय में पुलिस कार्रवाई होना दाल में कुछ काला है, जैसी स्थिति दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवा कांग्रेस के आधिकारिक सामाजिक माध्यम मंच से इस प्रकरण को राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया गया, जो आग में घी डालने जैसा है और उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की कहावत को चरितार्थ करता है।

# हिमाचल में हिम बस कार्ड की अंतिम तिथि 31 मार्च तक बढ़ी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में रियायती एवं नि:शुल्क यात्रा सुविधा का लाभ उठाने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा जारी 'हिम बस कार्ड' बनवाने की अंतिम तिथि को अब 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है। बढ़ती भीड़ और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रह जाए। जानकारी के अनुसार निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 1 अप्रैल 2026 से केवल वही यात्री रियायती अथवा नि:शुल्क यात्रा का लाभ प्राप्त कर सकेंगे, जिनके पास वैध हिम बस कार्ड होगा। बिना कार्ड के किसी भी प्रकार की रियायत स्वीकार नहीं की जाएगी। ऐसे में वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों, महिलाओं तथा अन्य पात्र श्रेणियों के यात्रियों से आग्रह किया गया है कि वे समय रहते पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करें। यह व्यवस्था पारदर्शिता और सुव्यवस्थित प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

हिम बस कार्ड के लिए आवेदन प्रक्रिया को पूर्णतः ऑनलाइन और सहज बनाया गया है। इच्छुक नागरिक निगम के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। पोर्टल पर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने और आवेदन की स्थिति जानने की सुविधा भी उपलब्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों के आवेदकों की सुविधा के लिए लोकमित्र केंद्रों और परिवहन कार्यालयों में भी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है, जिससे डिजिटल प्रक्रिया में किसी प्रकार की कठिनाई न आए।

◆ **एक अप्रैल से अनिवार्य होगा वैध कार्ड बिना कार्ड नहीं मिलेगी रियायत**

### यात्रियों के लिए जरूरी निर्देश

**परिवहन** निगम ने सभी संबंधित नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें और समय रहते आवेदन सुनिश्चित करें। अंतिम दिनों में सर्वर पर बढ़ते दबाव के कारण तकनीकी विलंब की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। हिम बस कार्ड न केवल रियायती यात्रा का माध्यम है, बल्कि यह भविष्य में परिवहन सेवाओं के डिजिटलीकरण और सुव्यवस्थित संचालन की आधारशिला भी बनेगा। अतः प्रत्येक पात्र नागरिक के लिए यह आवश्यक है कि वह निर्धारित अवधि के भीतर अपनी औपचारिकताएं पूर्ण कर ले, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# रामपुर में देव संस्कृति का अद्भुत संगम, प्राण प्रतिष्ठा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के जिला शिमला के रामपुर उपमंडल के लालसा में भगवान परशुराम की पावन स्थली पर माता मंगला काली और देवता दोगूण महाराज के नव निर्मित मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रदेश स्तरीय आकर्षण का केंद्र बन गया है। 18 तारीख से आरंभ हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में शनिवार को मेहमान देवताओं का पारंपरिक रीति से भव्य स्वागत किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। ढोल-नगाड़ों, रणसिंघों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था अर्पित की। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्राचीन देव परंपराओं के अनुरूप सभी अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न किए जा रहे हैं, जिसमें चार ठहरी के प्रमुख देवताओं सहित विभिन्न क्षेत्रों से पधारे देव स्वरूपों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। रविवार को मंदिर में शिखा पूजन और 'फेर' रस्म का आयोजन होगा, जिसके अंतर्गत नव निर्मित मंदिर की छत पर चारों दिशाओं में विधिवत पूजा-अर्चना कर कलश स्थापना की जाएगी। इसे मंदिर की पूर्णता और आध्यात्मिक ऊर्जा के प्रतिष्ठापन का प्रतीक माना जाता है। सोमवार को जाईयों, भंजों और आमंत्रित देवताओं को पारंपरिक सम्मान के साथ विदाई देकर कई दिनों से चल रहे इस भव्य महोत्सव का समापन किया जाएगा।

# प्रवेश शुल्क वृद्धि से हिमाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में असर

## हर बार प्रवेश शुल्क चुकाना मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए अतिरिक्त आर्थिक दबाव

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों पर प्रवेश शुल्क में की गई बढ़ोतरी का असर अब पूरे प्रदेश में महसूस किया जा रहा है। यह मुद्दा किसी एक जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि उन सभी सीमावर्ती क्षेत्रों से जुड़ा है जहां से रोजमर्रा का अंतरराज्यीय आवागमन, व्यापारिक गतिविधियां और सामाजिक रिश्ते संचालित होते हैं।

सरकार द्वारा लागू नई दरों के अनुसार निजी गाड़ियों से 100 रुपए, पांच सीटर कार से 130 रुपए, इनोवा/जीप/थार/वैन से 170 रुपए, मिनीबस व टेंपो ट्रैवलर से 320 रुपए, बस व ट्रक से 570 रुपए, हैवी ड्यूटी ट्रक/टिपर से 600 रुपए तथा हैवी ट्रेलर से 800 से 900 रुपए तक शुल्क निर्धारित किया गया है। परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि इससे माल भाड़ा बढ़ेगा और उसका सीधा असर बाजार भाव पर पड़ेगा।




हिमाचल प्रदेश की सीमाएं पंजाब, हरियाणा , उत्तराखंड और जम्मू एंड कश्मीर से लगती हैं, जबकि किन्नौर और लाहौल-स्पीति की अंतरराष्ट्रीय सीमा चाइना (तिब्बत) से जुड़ी है। ऐसे में प्रदेश का लगभग हर सीमावर्ती जिला किसी न किसी रूप में अंतरराज्यीय यातायात और बाहरी राज्यों से जुड़े व्यापार पर निर्भर है।

सोलन और सिरमौर के औद्योगिक क्षेत्रों में कच्चे माल और तैयार उत्पाद की नियमित आवाजाही होती है। कांगड़ा, ऊना, बिलासपुर और हमीरपुर के बाजार बाहरी राज्यों से आने वाले माल पर निर्भर हैं। परिवहन लागत में वृद्धि से उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ सकती है, जिसका प्रभाव अंततः उपभोक्ताओं तक पहुंचेगा।

सीमावर्ती जिलों में हजारों परिवार ऐसे हैं जिनके सदस्य अलग-अलग राज्यों में रहते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार और पारिवारिक कारणों से लगातार आवागमन होता है। हर बार प्रवेश शुल्क चुकाना मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए अतिरिक्त आर्थिक दबाव बन सकता है। पर्यटन भी प्रदेश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। निजी वाहनों और पर्यटक बसों की बढ़ी लागत से पर्यटकों की संख्या पर प्रभाव पड़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है। यदि यात्रा खर्च बढ़ता है तो सप्ताहांत और अल्पकालिक पर्यटन प्रभावित हो सकता है।

### संतुलित नीति की आवश्यकता

**विशेषज्ञों** का मानना है कि राजस्व बढ़ाना आवश्यक हो सकता है, लेकिन सीमावर्ती क्षेत्रों की सामाजिक और आर्थिक वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए संतुलित नीति बनाना भी उतना ही जरूरी है। प्रवेश शुल्क वृद्धि का असर आने वाले समय में व्यापार, पर्यटन, बाजार भाव और आमजन के जीवन पर किस रूप में दिखाई देगा, इस पर सभी की नजरें टिकी हैं।

### वृद्धि से पहले व्यापक संवाद अनिवार्य

**सरकार** को चाहिए कि प्रवेश शुल्क बढ़ाने से पहले सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों, व्यापारियों, परिवहन संघों और जनप्रतिनिधियों से व्यापक संवाद किया जाए। स्थानीय परिस्थितियों, रोज़मर्रा के आवागमन और सामाजिक-आर्थिक जरूरतों को समझने के बाद ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाए, ताकि राजस्व और जनहित के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके।

**पारदर्शिता** 25 तक लगाने होंगे सीसीटीवी, लापरवाही पर रद्द होंगे परीक्षा केंद्र

# बोर्ड की परीक्षाओं में नकल पर नकेल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल में जहां शिक्षा को संस्कार और परिश्रम का संगम माना जाता है, वहीं अब बोर्ड परीक्षाओं की पवित्रता और पारदर्शिता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए कठोर कदम उठाए गए हैं। प्रदेश में दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं के मद्देनज़र शिक्षा निदेशालय ने स्पष्ट कर दिया है कि 25 फरवरी तक सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था अनिवार्य रूप से स्थापित की जाए। यह आदेश नकल जैसी कुप्रवृत्तियों पर निर्णायक प्रहार माना जा रहा है। निर्देशों की अवहेलना करने वाले प्रधानाचार्यों को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी ठहराया जाएगा।



शिक्षा निदेशालय के अनुसार जिन सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है, वहां निर्बाध सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित करना अनिवार्य शर्त है। यदि निर्धारित तिथि तक कैमरे स्थापित नहीं किए गए या जांच के दौरान वे बंद पाए गए, तो ऐसे केंद्रों की मान्यता रद्द करने की संस्तुति की जाएगी। इतना ही नहीं, भविष्य की बोर्ड परीक्षाओं के लिए संबंधित विद्यालयों को काली सूची में भी डाला जा सकता है। यह स्पष्ट संदेश है कि परीक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निदेशालय ने यह भी निर्देश दिए हैं कि परीक्षा अवधि के दौरान रिकॉर्डिंग के साथ-साथ सजीव प्रसारण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि शिक्षा बोर्ड और संबंधित अधिकारी आवश्यकता पड़ने पर निगरानी कर सकें। हाल के वर्षों में कुछ परीक्षा केंद्रों से अनियमितताओं की शिकायतें सामने आने के बाद यह निर्णय लिया गया है। अधिकारियों का मानना है कि तकनीकी निगरानी से परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और विद्यार्थियों में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का विश्वास मजबूत होगा।

प्रधानाचार्यों को तकनीकी अड़चनों के समाधान के लिए निदेशालय के सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारियों और सहायता कक्ष से संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा विभाग का कहना है कि यह कदम किसी को दंडित करने के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था को सुदृढ़ और विश्वसनीय बनाने के लिए उठाया गया है। परीक्षा केंद्र के रूप में मान्यता बनाए रखने के लिए सीसीटीवी व्यवस्था अब मूलभूत आवश्यकता बन चुकी है।

### सख्ती से आएगी परीक्षाओं में निष्पक्षता

**विशेषज्ञों** का मानना है कि यदि निगरानी व्यवस्था ईमानदारी से लागू हुई तो नकल की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगेगा और प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की साख और भी प्रखर होगी। शिक्षा विभाग की पहल से विद्यार्थियों को परिश्रम और नैतिकता किस सीख मिलेगी। अब सबकी निगाहें 25 फरवरी की समयसीमा पर टिकी हैं, जब यह स्पष्ट होगा कि विद्यालय इस सख्त लेकिन आवश्यक निर्देश का कितना पालन कर पाए हैं।

# प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने किया ट्रैवल प्लेटफार्म से एमओयू

## नई पहल से एचपीटीडीसी के होटलों में बढ़ेगी ऑक्यूपेंसी: एमडी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने एक ट्रैवल प्लेटफार्म के साथ एमओयू साइन कर प्रदेश में पर्यटन को डिजिटलाइजेशन और आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

एचपीटीडीसी के एमडी राजीव कुमार ने बताया कि यह नई पहल से एचपीटीडीसी के होटलों में ऑक्यूपेंसी में सुधार व डिजिटल रूप से सशक्त होने की भूमिका निभाएगी।

उन्होंने बताया कि इस एआई एन्हास्ड विजिबिलिटी के माध्यम से निगम के होटल प्रदर्शित होंगे। इससे यहां आने वाले पर्यटकों को सर्वोत्तम होटल का सुझाव मिलेगा। इसके साथ ही वास्तविक समय पर होटल बुकिंग, मूल्य आदि की तुरंत जानकारी मिल सकेगी। इसके साथ ही इसके माध्यम से हिमाचल के अनछुए पर्यटन स्थलों की जानकारी मिल सकेगी, जिसका सीधा असर यह होगा कि इसके माध्यम से पर्यटन निगम केहोटलों में भी पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा।



पर्यटन को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम। अनंत ज्ञान

# शाहपुर में कल से शुरू होगी राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर में 24 फरवरी से होने वाली राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता को लेकर जिला वॉलीबाल संघ कांगड़ा की प्रेसवार्ता शाहपुर में हुई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कमल कुमार, उपप्रधान संतोष मक्खन, उपाध्यक्ष राजीव वशिष्ठ, सचिव प्रदीप राणा, सह सचिव प्रदीप शर्मा और सदस्य अरुण कौशल मौजूद रहे। इस मौके संघ के सदस्य ने बताया कि हिमाचल प्रदेश वॉलीबाल संघ द्वारा राज्यस्तरीय छात्र एवं छात्रा वॉलीबाल प्रतियोगिता 23 से 25 फरवरी तक शाहपुर में आयोजित की जाएगी। कमल शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सभी जिला की अंडर-21 बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें भाग लेंगी। इसके लिए शाहपुर के कांगड़ा इंटरनेशनल स्कूल ब हारसी तहसील जयसिंहपुर दो स्थानों पर आयोजित किए गए हैं। इस टूर्नामेंट में लगभग 300 के करीब खिलाड़ी भाग लेंगे। इस मौके पर सह सचिव प्रदीप शर्मा ने कहा कि 24 फरवरी को ही जिला वॉलीबाल संघ द्वारा नशे के खिलाफ खेलो दौड़ो, नशा छोड़ो स्लोगन के तहत सुबह 9 बजे शाहपुर खेल मैदान में ऑफ मैराथन का आयोजन भी किया जाएगा, जिसका शुभारंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री, हिमाचल ओलंपिक संघ के अध्यक्ष और सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा किया जाएगा। ये रैली शाहपुर से शुरू होकर रैत में पहुंचेगी और वापस रैत से शाहपुर पहुंचेगी। रैली में प्रथम दस स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को 51 हजार की पुरस्कार राशि दी जाएगी। ये रैली नशे के खिलाफ निकाली जाएगी। उन्होंने युवा वर्ग से आग्रह किया कि वे रैली में भाग लें, ताकि रैली को सफल बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर से आने वाले खिलाड़ियों व रेफरी आदि के लिए शाहपुर में ही रहने और खाने की व्यवस्था की जाएगी।

# आरा चौक का यू-टर्न मोड़ बन रहा दुर्घटनाओं का कारण

## लोगों ने की खतरनाक यू-टर्न पर सांकेतिक बोर्ड और बैरिकेड लगाने की मांग

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** डाडासीबा क्षेत्र के तहत आरा चौक स्थित खतरनाक यू-टर्न मोड़ पर रविवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। सुबह करीब 6:30 बजे के करीब संसारपुर टैरेस से बाया जौड़बड होते हुए हमीरपुर की ओर जा रही बेकरी सामान से लदी एक पिकअप गाड़ी अचानक अनियंत्रित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही पिकअप तीखे मोड़ पर पहुंची, चालक ने ब्रेक लगाने का प्रयास किया, लेकिन ब्रेक ने सही तरीके से काम नहीं किया।

वाहन मोड़ नहीं काट सका और सड़क से नीचे गहरी उतराई वाले कच्चे रास्ते की ओर चला गया। गाड़ी पास के मकानों के समीप पत्थरों से टकराकर रुक गई। गनीमत यह रही कि सामने से कोई अन्य वाहन नहीं आ रहा था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। चालक ने बताया कि अचानक ब्रेक कम लगने के कारण वाहन नियंत्रण से बाहर हो गया। घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, हालांकि वाहन को आंशिक क्षति पहुंची है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आरा चौक का यह यू-टर्न मोड़ पहले भी कई दुर्घटनाओं का कारण बन चुका है। क्षेत्रवासियों ने लोक निर्माण विभाग व प्रशासन से मांग की है कि इस खतरनाक मोड़ पर सांकेतिक चेतावनी बोर्ड, स्पीड ब्रेकर तथा मजबूत बैरिकेड जल्द लगाए जाएं, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।




आरा चौक के यू-टर्न मोड़ पर अनियंत्रित हुई गाड़ी। अनंत ज्ञान

# स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, गगल।** संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन अभियान के चौथे चरण का भव्य शुभारंभ रविवार को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज व राजापिता के आदेश अनुसार किया गया। निरंकारी कांगड़ा ब्रांच के संयोजक महात्मा दीनानाथ व सेवादल के संचालक महात्मा विनीत तथा क्षेत्रीय संचालक महात्मा तिलक राज डोगरा की देखरेख में सुबह 8 बजे गंगभैरो मंदिर की प्राचीन बावड़ियों और पुराना मटौर की दो प्राचीन बावड़ियों व आसपास सेवा दल के भाई-बहनों ने इस अभियान में भाग लिया। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि इस विशाल अभियान में लगभग 1500 से अधिक स्थानों पर स्वच्छ जल स्वच्छ मन का आयोजन हुआ। इस व्यापक विस्तार के कारण यह प्रयास ऐतिहासिक स्वरूप धारण हुआ जो जल संरक्षण तथा स्वच्छता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावशाली रूप से पहुंचाया गया। इस पहल का मूल उद्देश्य समाज को यह अनुभूति कराना है कि जल केवल संसाधन नहीं जीवन का आदर और ईश्वर की अमूल्य देन है जिसकी रक्षा करना प्रत्येक मानव का नैतिक कर्तव्य है।



# श्री सत्य साई सेवा संगठन कांगड़ा जिला पूर्वी का पुनर्गठन, रैना जिला अध्यक्ष नियुक्त



पूर्वी जिला के नए सदस्यों के गठन व वार्षिक कैलेंडर के निर्धारण के लिए बैठक आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** श्री सत्य साई सेवा संगठन कांगड़ा जिला पूर्वी का पुर्नगठन अखिल भारतीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार करते हुए इसे तीन जिलों में विभाजित किया गया है।

इस पुनर्गठन के अंतर्गत रोशन रैना को पूर्वी जिला (कांगड़ा) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पूर्वी जिला (कांगड़ा) के नए सदस्यों के गठन तथा नववर्ष के वार्षिक कैलेंडर के निर्धारण के लिए महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन साईं मंदिर मनसिंबल में किया गया। बैठक में जिले की लगभग सभी समितियों से साईं भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कांगड़ा जिला (पूर्वी) की औपचारिक घोषणा की गई तथा चयनित पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अध्यक्ष रोशन रैना द्वारा सभी पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। उन्होंने सभी समितियों से आए प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं सेवा-उन्मुख बनाने का संकल्प दोहराया। इस दौरान अजय अवस्थी स्पिरिचुअल कोऑर्डिनेटर, दया कटोच स्पिरिचुअल को-ऑर्डिनेटर, रजनीश अत्री एजुकेशन को-ऑर्डिनेटर, विनोद धीमन एजुकेशन को-ऑर्डिनेटर, गीतिका सूद एजुकेशन को-ऑर्डिनेटर, मोनिका जरियाल एजुकेशन को-ऑर्डिनेटर, सुनील देव को मेडिकल इंचार्ज, राजिंदर सूद सर्विस को-ऑर्डिनेटर, सुनीता रैना सर्विस को-ऑर्डिनेटर, अजय ठाकुर डिजास्टर मैनेजमेंट को-ऑर्डिनेटर, राजिंदर सूद, अजय सूद, साहिल रैना एवं अनुपम मेहरा को आईटी इंचार्ज बनाया गया। यह पुनर्गठन संगठन की सेवा गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक: परमार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 'मन की बात' के 131वें एपिसोड में दिया गया उद्बोधन ऐतिहासिक और दिशासूचक रहा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि यह केवल संवाद नहीं, बल्कि विश्व मंच पर आत्मविश्वास से खड़े नए भारत की उद्घोषणा है। परमार ने बताया कि मोदी ने स्पष्ट किया कि आज का भारत संकोच नहीं, संकल्प की भाषा बोलता है। आज का भारत अनुसरण नहीं, नेतृत्व करता है। उन्होंने कहा कि भारत तकनीक, नैतिकता और मानवीय मूल्यों के संगम से वैश्विक दिशा तय करने की क्षमता रखता है। परमार ने रविवार को अरला बूथ नंबर 42 पर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी। इस अवसर पर परमार ने बताया कि दिल्ली में आयोजित एआई समिट का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि भारत की तकनीकी सामर्थ्य जिस बुलंदी के साथ सामने आई है, उसने विश्व को यह संदेश दे दिया है कि 21वीं सदी के नेतृत्व में भारत निर्णायक भूमिका निभा रहा है। भारत अब तकनीक का उपभोक्ता भर नहीं, बल्कि नवाचार का निर्माता और वैश्विक नीति निर्धारण में अग्रणी राष्ट्र बन चुका है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब केवल सॉफ्टवेयर तक सीमित विषय नहीं, बल्कि खेत-खलिहानों, डेयरी, पशुपालन, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन का माध्यम बन चुकी है। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस व राहुल अब टॉपलेस शेमलेस, ब्रेनलेस और फेसलेस राजनीति का पर्याय: संजय शर्मा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** ग्लोबल एआई समिट के दौरान कांग्रेस की ओर से किए गए प्रदर्शन की तीखी भर्त्सना की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस टॉपलेस, शेमलेस, ब्रेनलेस और फेसलेस राजनीति का पर्याय बन चुकी है। संजय शर्मा ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया को तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दिशा दिखा रहा है, तब कांग्रेस के कार्यकर्ता कपड़े उतारकर देश की अंतरराष्ट्रीय छवि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।

भारत मंडपम में जो कुछ इस युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किया है, वे असहनीय ही नहीं बल्कि हर भारतीय की विशेषकर युवा पीढ़ी की छवि को विश्व स्तर पर धूमिल किया है।

प्रवक्ता संजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस व राहुल गांधी अब टॉपलेस, शेमलेस, ब्रेनलेस और फेसलेस राजनीति का पर्याय बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने अपने राजनीतिक गुरु और मार्गदर्शक सैम पित्रोदा के कहने के पर पहले तो विदेशों में भारत की छवि खराब करने का काम करते थे अब उन्हीं के कहने पर राहुल गांधी ने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा भारत में ही रहते हुए इसकी छवि विश्व स्तर पर खराब करने का षड्यंत्र किया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस जितनी अराजकता फैलाएगी, जनता के बीच उतनी ही अप्रासंगिक हो जाएगी।

# निरंकारी मिशन के सेवादारों ने जल स्रोतों की साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, देहरा।** संत निरंकारी मिशन की शाखा गुलेर में जल संरक्षण की दिशा में 'प्रोजेक्ट अमृत' के तहत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान का शुभारंभ हुआ। निरंकारी मिशन के सेवादारों ने ऐतिहासिक जलस्रोतों की साफ-सफाई कर समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। इस पुनीत कार्य की इलाके में भी खूब तारीफ हुई। संत निरंकारी मिशन की ब्रांच गुलेर की मुखी बहन संतोष गुलेरी जी ने बताया कि यह विशाल अभियान देशभर में 1500 से अधिक स्थानों में एक साथ आयोजित किया जा रहा है। इस व्यापक विस्तार के कारण यह प्रयास ऐतिहासिक स्वरूप धारण करेगा, जो जल संरक्षण तथा स्वच्छता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावशाली रूप से पहुंचाएगा। इस पहल का मूल उद्देश्य समाज को यह अनुभूति कराना है कि जल केवल संसाधन नहीं, जीवन का आधार और ईश्वर की अमूल्य देन है, जिसकी रक्षा करना प्रत्येक मानव का नैतिक कर्तव्य है। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी की प्रेरणास्पद शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का सूत्रपात किया था। यह पुनीत पहल जल संरक्षण को किसी एक दिवस या अभियान तक सीमित न रखकर उसे जीवनशैली, संस्कार और सेवा-भाव के रूप में अभिव्यक्त करने की प्रेरणा देती है, जहां स्वच्छ जल से स्वच्छ मन और स्वच्छ समाज का निर्माण संभव हो सके।



साफ-सफाई करते निरंकारी मिशन के सेवादार। अनंत ज्ञान

# सारनू में संत निरंकारी मिशन ने स्वच्छता अभियान चलाया

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के समीप सारनू में संत निरंकारी मिशन की ओर से रविवार को शाहपुर ब्रांच के मुखी अश्वनी वर्मा के मार्गदर्शन में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आदेशानुसार 'अमृत प्रोजेक्ट' के अंतर्गत जल स्त्रोतों की सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान खोली खड्ड में पुल के नजदीक व्यापक सफाई की गई। इस अभियान में संत निरंकारी मिशन शाहपुर के भाई-बहनों ने भाग लेकर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बताया गया कि पिछले तीन-चार वर्षों से बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर इस प्रकार के सेवा अभियान आयोजित किए जाते रहे हैं। मिशन के मीडिया प्रभारी अभिनव बुनकर ने बताया कि सतगुरु माता जी के कथनानुसार जल जीवन का आधार है और इसकी स्वच्छता बनाए रखना हम सबका कर्तव्य है। भारत सरकार के सहयोग से चल रहे जल जीवन मिशन से जुड़कर संत निरंकारी मिशन भी स्वच्छ एवं सुरक्षित जल के प्रति जनजागरूकता फैलाने में अपना सक्रिय योगदान दे रहा है।

### इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक एसो. व आरोग्य भारती के संयुक्त तत्वावधान में चिकित्सा शिविर आयोजित

# 250 से अधिक मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक एसोसिएशन व आरोग्य भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 250 से अधिक मरीजों की जांच की गई। इसमें ईडीएमए पंजाब की ओर से डॉ. संतोष सिंह और डॉ. सर्वजीत सिंह ने शिरकत की। आरोग्य भारती हिमाचल प्रदेश इकाई पालमपुर के सचिव डॉ. सीएम मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक विपिन सिंह परमार के अलावा विभिन्न विभागों व संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और इलेक्ट्रो-होम्योपैथी के बारे में जानकारी ली।

सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी धर्मशाला की ओर से छात्रों की सेवाएं अति सराहनीय रहीं। पालमपुर मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत भट्टू-समूला में आयोजित इलेक्ट्रो-होम्योपैथी शिविर में दूसरे दिन सैकड़ों मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें विभिन्न बीमारियों से बचाव का परामर्श देकर हर्बल चिकित्सा के बारे अवगत करवाया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष परमार ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आज देश की जनता को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। इलेक्ट्रो-होम्योपैथी जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित चिकित्सा पद्धति का विकास करना चाहिए ताकि लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इस मौके पर डॉ. सीएम मिश्रा ने कहा कि भारत में कोरोना संक्रमण के मामलों में इस चिकित्सा पद्धति ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने विधायक से अपील की कि इस चिकित्सा पद्धति को राजस्थान की तर्ज पर प्रदेश में मान्यता प्रदान की जाए।



चिकित्सा शिविर में विधायक विपिन सिंह परमार ने शिरकत की। अनंत ज्ञान

# नाथ युवा क्लब ने लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** रविवार को नाथ युवा क्लब की ओर से देहण के शिव मंदिर में भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में अरला, सलोह और देहण के सभी नाथ परिवारों के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा तन, मन और धन से सहयोग प्रदान किया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की अच्छी उपस्थिति रही और सभी ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। नाथ युवा क्लब के अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि अरला, देहण और सलोह की नाथ सभा के परिवारों द्वारा हर वर्ष इसी प्रकार भंडारे का आयोजन निरंतर किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी सामाजिक एकता और सेवा भाव को बनाए रखते हुए ऐसे आयोजन जारी रहेंगे।

# संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं की एकजुटता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत: भंडारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** आम आदमी पार्टी की संगठनात्मक जिला कांगड़ा की जिलास्तरीय बैठक रैत में जिला अध्यक्ष देशराज की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन जिला सचिव गुरचरण सिंह ने किया। बैठक में संगठनात्मक जिला कांगड़ा के तहत आने वाले चारों विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्ष, संगठन मंत्री, अन्य पदाधिकारी तथा कार्यकारिणी सदस्य पर्याप्त संख्या में उपस्थित रहे। बैठक की विशेष गरिमा पार्टी के नवनियुक्त राज्य प्रवक्ता एवं राज्य समन्वयक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रहे कल्याण भंडारी की उपस्थिति से और अधिक बढ़ी।

कल्याण भंडारी ने कहा कि संगठनात्मक मजबूती, आंतरिक एकता और कार्यकर्ताओं की एकजुटता को पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। आम आदमी पार्टी का लक्ष्य केवल राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कराना नहीं, बल्कि पंचायत स्तर तक संगठन सृजन एवं निर्माण कर एक सशक्त, सक्रिय और जनआधारित इकाई खड़ी करना है। बैठक में यह दृढ़ संकल्प दोहराया गया कि वर्ष 2027 के हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों में प्रदेश की परंपरागत सियासी अदला-बदली, कांग्रेस और भाजपा की बारी-बारी से सत्ता में आने की रिवायत को समाप्त किया जाएगा। प्रदेश की जनता अब विकल्प नहीं, परिवर्तन चाहती है। आम आदमी पार्टी काम की राजनीति को स्थापित करते हुए दिल्ली और पंजाब मॉडल की जनकल्याणकारी नीतियों बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, पारदर्शी प्रशासन और भ्रष्टाचार मुक्त शासन को हिमाचल में लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में जिला अध्यक्ष देशराज ने कहा कि आने वाले समय में पार्टी का बूथ और पंचायत स्तर तक संगठन विस्तार अभियान तेज किया जाएगा और जनता के मुद्दों को लेकर व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम चलाए जाएंगे।




आम आदमी पार्टी की जिलास्तरीय बैठक आयोजित। अनंत ज्ञान

# सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारक 28 तक करवाएं ई-केवाईसी

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** तहसील कल्याण अधिकारी पालमपुर मंजुल ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार पालमपुर उपमंडल के समस्त सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारकों के लिए ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा ई-केवाईसी करवाने की अंतिम तिथि को अब बढ़ाकर 28 फरवरी कर दिया है। सभी पेंशनधारक इस निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रक्रिया को पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि उनकी मासिक पेंशन का भुगतान बिना किसी बाधा के निरंतर जारी रह सके। मंजुल ने बताया कि पेंशनधारक अपनी ई-केवाईसी करवाने के लिए अपने क्षेत्र की संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते हैं, जो इस पूरी प्रक्रिया को संपन्न करने में लाभार्थियों की सहायता करेंगी। यदि कोई लाभार्थी 28 फरवरी 2026 तक अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं करता है, तो विभाग द्वारा भविष्य में उनकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन रोक दी जाएगी।

# इंद्रुनाग में चलाया स्वच्छता अभियान




लोगों को प्लास्टिक मुक्त वातावरण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के समीप खनियारा स्थित इंद्रुनाग मंदिर परिसर में संघर्ष एनजीओ और वेस्ट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक राणा रहे। वेस्ट वॉरियर्स की ओर से रविंद्र एवं दिव्या विशेष रूप से उपस्थित रहे। संघर्ष एनजीओ की ओर से अध्यक्ष दीपक चौधरी, सचिव आदित्य चौधरी, कोषाध्यक्ष राधिका थापा सहित टीम के सदस्य हिमांशु, आदिया, आंशिक, अंशुल अशरफ, मुस्कान, सुजल, रोहित डोगरा, दीक्षांत आदि उपस्थित रहे। सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर मंदिर परिसर, सीढ़ियों एवं आसपास के क्षेत्रों में फैले कचरे को एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान लोगों को प्लास्टिक मुक्त वातावरण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया गया। मुख्य अतिथि अभिषेक राणा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संघर्ष एनजीओ के अध्यक्ष दीपक चौधरी जी ने बताया कि संगठन भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक और पर्यावरणीय कार्यों को निरंतर जारी रखेगा।

# एसडीएम बैजनाथ को किया जनगणना मास्टर ट्रेनर नियुक्त

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** 2020 के सेकंड टॉपर रहे हिमाचल प्रशासनिक अधिकारी संकल्प गौतम प्रदेश के सबसे बड़े जिले कांगड़ा के जनगणना मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं। राज्यस्तरीय शिवरात्रि के बहुत ही सफल आयोजन के बाद उपमंडल अधिकारी नागरिक संकल्प गौतम के लिए यह एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। गौरतलब है संकल्प गौतम ने राजस्थानी शिवरात्रि महोत्सव में दंगल फैशन शो तथा अन्य गतिविधियों शामिल करके शिवरात्रि महोत्सव में चार चांद लगा दिए थे, जिसकी तारीफ विधायक किशोरी लाल आम जनमानस के साथ-साथ तिलकराज जैसे भाजपा नेता भी कर रहे हैं। एक सप्ताह की हिप्पा (शिमला) में ट्रेनिंग के बाद संकल्प गौतम जिले के राजस्व अधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे।



मंडी जिले के सुंदरनगर से संबंध रखने वाले संकल्प गौतम वर्तमान में बैजनाथ के उप मंडल अधिकारी हैं। संकल्प गौतम तेजतर्रार तथा हर किसी की मदद करने वाली कार्यशैली के अधिकारी माने जाते हैं।

# कांगड़ा जिले की पंचायतों में लगेंगे ग्राउंड माउंटेन सोलर पॉवर प्लांट

## ग्रीन पंचायत प्रोग्राम व वर्ल्ड बैंक फाइनांस प्रोग्राम में 3 पंचायतें चयनित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले की पंचायतों में ग्राउंड माउंटेन सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किए जाने हैं। सरकार के ग्रीन पंचायत प्रोग्राम व वर्ल्ड बैंक फाइनांस प्रोग्राम के तहत जिला कांगड़ा के हर विधानसभा में उपरोक्त सोलर पॉवर प्लांट को स्थापित करने की योजना है।

इसके तहत अब तक कांगड़ा जिले की 3 पंचायतों को चयनित किया जा चुका है, जबकि जिले के तहत आते विधानसभा क्षेत्रों में इन प्लांटों को स्थापित करने के लिए जमीन की तलाश की जा रही है। चयनित पंचायतों में देहरा उपमंडल के तहत आती पंचायत मोहाल, नूरपुर उपमंडल की पंचायत पंजाड़ा व इंदौरा उपमंडल के तहत ग्राम पंचायत बसंतपुर शामिल हैं। पहले चरण के तहत चयनित हर पंचायत में 2 करोड़ रुपए की लागत से 500 किलोवॉट सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार ग्राउंड माउंटेन सोलर पॉवर प्लांट के स्थापित होने के बाद इससे उत्पादित बिजली के वितरण के बाद आय से प्राप्त 40 प्रतिशत हिस्सा संबंधित पंचायत के विकास पर खर्च किया जाएगा। 20 प्रतिशत हिस्सा सरकार, 30 प्रतिशत हिस्सा हिम ऊर्जा व 10 प्रतिशत हिस्सा पंचायतों के विधवा वर्ग व अनाथ बच्चों के कल्याण पर खर्च किया जाएगा। उधर, ई. अरुण भारद्वाज, प्रोजेक्ट ऑफिसर, हिमऊर्जा कांगड़ा ने बताया कि जिले में ग्राउंड माउंटेन सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके तहत जिले में अभी तक 3 पंचायतों का चयन किया जा चुका है, जबकि जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्रों में इस कार्य के लिए भूमि तलाश की जा रही है।

### करीब 22 कनाल में स्थापित होगा प्लांट

**सूत्रों** के अनुसार, लगभग 20 से 22 कनाल की प्लांट आवश्यक भूमि पर स्थापित होने वाले इन सोलर पॉवर प्लांट से हर साल लाखों रुपए की बिजली का उत्पादन होगा। बताया जा रहा है कि यह प्लांट अधिक ऊर्जा उत्पादन, आसान रखरखाव और अधिक क्षमता के लिए उपयुक्त होते हैं। साथ ही पर्यावरण के प्रति भी अनुकुल होते हैं।

# सकोह में सड़क किनारे खड़े वाहन से टकराई बाइक, चालक घायल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के साथ लगते अपर सकोह के पास शनिवार रात को मोटरसाइकिल को चालक ने तेज गति से चलाते हुए खड़े हुए वाहन से टक्कर मार दी।

इस हादसे में बाइक चालक घायल हुए हैं, जिसे जोनल अस्पताल धर्मशाला में प्राथमिक उपचार के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार चालक रवि धीमान निवासी गांव व डाकघर कोटपलाहड़ी तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा ने सड़क किनारे खड़ी गाड़ी के साथ टक्कर कर दी। रवि धीमान को चोटें लगी हैं, जिसे टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। पुलिस ने आरंभिक जांच में यह हादसा मोटरसाइकिल चालक की तेज रफ्तारी व लापरवाही से होना पाया है। इस संदर्भ में पुलिस थाना धर्मशाला में दर्ज कर लिया है। उधर, एएसपी बीर बहादुर सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

# कांगड़ा एयरपोर्ट प्रभावित परिवारों को 1950 करोड़ की मुआवजा राशि वितरित : पठानिया

## कुठमां में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन पर बोले उपमुख्य सचेतक

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** कांगड़ा एयरपोर्ट के तहत आने वाले प्रभावित परिवारों को अब तक लगभग 1950 करोड़ रुपए की भू-अधिग्रहण राशि वितरित की जा चुकी है।

यह जानकारी शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने दी। पठानिया रविवार को शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत कुठमां में स्व. गजय राणा की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित थे।

उन्होंने बताया कि लगभग 4 हजार लोगों को यह राशि प्रदान की जा चुकी है और जिन लोगों ने आवेदन किया था, उन्हें अब तक मुआवजा दे दिया गया है। कांगड़ा हवाई अड्डे के पास एक एयरोसिटी बनाने का लक्ष्य भी राज्य सरकार ने रखा है, जिसके लिए भूमि चिह्नित की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भारी बरसात के कारण एयरपोर्ट की चारदीवारी के समीप नुकसान हुआ था। पानी के रिसाव के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग भी कई बार अवरुद्ध होता रहा। इस विषय को मुख्यमंत्री के ध्यान में लाया गया है और आगामी बरसात से पूर्व आवश्यक मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जाएगा। आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं का खेलों की ओर बढ़ता रुझान सकारात्मक संकेत है। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में जिला कांगड़ा की 16 टीमें भाग ले रही हैं।

इस अवसर पर पवन राणा, रिपन राणा, उपमुख्य सचेतक के सलाहकार विनय, वीरेंद्र, राजेंद्र, पुष्पिंदर, विवेक, उर्मिला, सुषमा मीना, सविता, रितेश, अक्षित, राहुल, अजय रिजुल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 टीमें ले रहीं भाग। अनंत ज्ञान



गोवरनंद के राहुल भाटिया और बड़ा (नादौन) की शिल्पा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# सामुदायिक भवन नगरी के पास बाइक दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत एक सड़क हादसे में दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शनिवार रात के समय सामुदायिक भवन नगरी के पास मोटरसाइकिल नंबर डीएल 3 एससीसी -4920 तथा एचपी 53-7861 पर सवार दो युवक प्रशांत निवासी गांव व तहसील बैजनाथ व आदर्श निवासी गांव दराटी डाकघर लाहला तहसील पालमपुर मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। यह हादसा तेज रफ्तारी व लापरवाही से हुआ है। पुलिस थाना पालमपुर में मामला दर्ज किया गया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

# घर के ताले तोड़कर गहनों और नकदी पर किया हाथ साफ

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत घर से चोरी होने का मामला दर्ज किया गया है। गदयाड़ा निवासी महिला ने पुलिस थाना पालमपुर को दी शिकायत में बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने दिन के समय घर के दरवाजे के ताले खोलकर सामान व नकदी चोरी कर लिए हैं। इस मामले में आरंभिक जांच में करीब एक लाख रुपए की चोरी होने की बात कही गई है। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना पालमपुर में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# भाजपा थुरल मंडल के 41 बूथों पर सुना 'मन की बात' कार्यक्रम



'मन की बात' के 131वें एपिसोड का लाइव प्रसारण सुनते लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** भाजपा थुरल मंडल के सभी 41 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' के 131वें एपिसोड का लाइव प्रसारण उत्साहपूर्वक देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर लगभग 1500 से अधिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रधानमंत्री ने डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए देशवासियों से सतर्क और जागरूक रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के संदिग्ध मैसेज या टेलीफोन कॉल पर बिना पूरी जांच-पड़ताल के प्रतिक्रिया न दें। मंडल अध्यक्ष विकास धीमान ने मंडल की समस्त टीम का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि हमारे सभी पदाधिकारी एवं 41 बूथों के कर्मठ बूथ अध्यक्ष पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रम को अपने-अपने बूथ पर पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ सफल बनाते हैं। सभी कार्यकर्ताओं का समर्पण एवं अनुशासन संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है।

# 'प्रोजेक्ट अमृत' का स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान संपन्न

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** जल प्रकृति का अमूल्य उपहार और जीवन की आधारशिला है। स्वच्छ एवं संरक्षित जल न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखता है, बल्कि समाज के सामूहिक स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ करता है। इसी उद्देश्य से संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन की ओर से 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान का चौथा चरण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। पठानकोट जोन के जोनल इंचार्ज महात्मा एसके दत्ता ने बताया कि यह अभियान पूज्य बाबा हरदेव सिंह जी की शिक्षाओं से प्रेरित है। भारत के 25 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 930 शहरों में 1600 से अधिक स्थानों पर लगभग 12 लाख स्वयंसेवकों ने भाग लिया। पठानकोट जोन में 29 स्थानों, जिनमें जिला पठानकोट के 17 और होशियारपुर के 12 स्थान शामिल हैं, पर जल स्रोतों की सफाई की गई। दिल्ली में आयोजित सत्संग में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने सेवा, सुमिरन और सत्संग को जीवन का आधार बताते हुए भक्ति को कर्मों में उतारने का संदेश दिया।

# पौंग डैम में बाथू दी लड़ी को देखने पहुंच रहे पर्यटक



बाथू दी लड़ी को देखने के लिए मोटरबोट से जाते पर्यटक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जवाली।** प्रवासी पक्षियों के बाद पर्यटकों के आगमन से अब पौंग झील गुलजार हो रही है। पौंग झील के पानी में समाई बाथू दी लड़ी के ऊपरी सिरे बाहर निकलते ही उसको निहारने के लिए पर्यटक आ रहे हैं।

बाथू दी लड़ी को देखने के लिए प्रतिदिन काफी संख्या में दूरदराज से पर्यटक व श्रद्धालु वाहनों के माध्यम से आने शुरू हो गए हैं। पांडवों द्वारा अज्ञातवास के दौरान निर्मित ऐतिहासिक स्थल बाथू दी लड़ी को निहारने पहुंच रहे पर्यटक वन्य प्राणी विभाग द्वारा शुरू की गई मोटरबोट में बैठकर झील के बीच जाकर झील का नजारा देख रहे हैं। मोटरबोट से पर्यटक झील के बीच बने रैंसर दी गढ़ी टापू को भी निहारने जा रहे हैं। मोटरबोट में बैठने वाले पर्यटकों की सुरक्षा का पूरा इंतजाम है। मोटरबोट में बैठने वाले पर्यटकों को सेफ्टी जैकेट पहनाई जाती है। बाथू दी लड़ी के साथ-साथ इस बार मोटरबोट भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। रोजाना दूरदराज से काफी पर्यटक बाथू दी लड़ी को निहारने पहुंच रहे हैं।

# शिव शक्ति क्लब पदियाल ने लगाया भंडारा



अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** शिव शक्ति क्लब पदियाल की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर भंडारे का आयोजन किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में क्लब के सदस्यों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ व्यवस्थाओं का संचालन किया।

इस अवसर पर गांव के अक्षय शर्मा, कृष्णा दत्त शर्मा, आशीष मैहता, हैप्पी कौशल, प्रवीण मैहता, गुलशन चौहान, नवीन मैहता, राजकुमार, पवन मैहता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे धार्मिक व सामाजिक आयोजन समाज में भाईचारा, सौहार्द और पारस्परिक सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प दोहराया।

# जवाली में मनाया शिवरात्रि महोत्सव

**अनंत ज्ञान, ज्वाली।** उपमंडल जवाली के अंतर्गत केके पैलेस जवाली में ब्रह्माकुमारी बहन कंचना के सानिध्य में शिवरात्रि महोत्सव मनाया गया। इसमें मंडी से ब्रह्माकुमारी बहन दक्षा, चंबा से ब्रह्माकुमारी बहन सोनिया, नूरपुर से ब्रह्माकुमारी बहन ज्योति ने भाग लेकर भाई-बहनों को परमपिता परमेश्वर शिव की महिमा से प्रवचन के माध्यम से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव ही सर्वशक्तिमान हैं तथा हमें सर्वशक्तिमान भगवान शिव की ईश्वरीय शक्ति को पहचानना है। इस कार्यक्रम में समाजसेवी सुभाष धवन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि एडिशनल एडवोकेट जनरल अमित चौधरी ने विशेषतौर पर शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज मुख्यातिथि सुभाष धवन व विशेषातिथि अमित चौधरी ने ज्योति प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर नपं जवाली की पूर्व चेयरमैन पुष्पा चौधरी, सौरभ चौधरी, ब्रह्म देव शर्मा सहित काफी संख्या में भाई-बहन मौजूद रहे।

# होली महोत्सव को लेकर न्यू बस स्टैंड पपरोला की कमेटी गठित

अनंत ज्ञान

- रितेश सूद प्रधान नियुक्त
- पपरोला न्यू बस स्टैंड के व्यापारियों ने की बैठक

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** जिलास्तरीय होली महोत्सव को लेकर पपरोला न्यू बस स्टैंड के व्यापारियों की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ सलाहकार घनश्याम मेहता, राजकुमार कौड़ा, मनोज महाजन रमन नंदा, सरदार अवतार सिंह, डॉक्टर अतुलेद्र सूद, जगदीश सूद, राजन मेहता, अरविंद सूद, संतोष सिंह, रमेश सूद, और कृपाल सिंह,दविंद्र गुप्ता नरेश मेहता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया कि इस बार होली मेले के दौरान न्यू बस स्टैंड में बच्चों की प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों को करवाया जाएगा। इसमें प्रतिभागियों को आकर्षक इनाम दिए जाएंगे। बैठक में रितेश सूद को प्रधान, धीरज सूद, रित्विक सूद वरिष्ठ उपप्रधान, सत्यम सूद और वाली चौधरी और हरीश अरोड़ा दिशात गुप्ता उपप्रधान नियुक्त किया गया।

विपिन शर्मा, संजय सोनी सचिव, आशीष सूद और संजय सूद सहसचिव, कोषाध्यक्ष नामित नंदा सलाहकार अनिल सूद, विक्रम सिंह, कमल सूद जतीन कौड़ा और रिंकू चौधरी नियुक्त किया गया । इसके साथ प्रेस सचिव मनीष सूद और सेतु महाजन नियुक्त किए गए। बैठक में निर्णय लिए गया कि होली के समय न्यू बस स्टैंड से चलने वाली झांकी के लिए राजा, समीर सूद, ओमी, निशांत, साहिल को सदस्य नियुक्त किया गया, ताकि झांकी के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को संभाला जा सके, और जाम की स्थिति न उत्पन्न हो। इस मौके पर पारुल महाजन,जस्सी, अतुल, सुमित अमोल सूद अंकुश कौड़ा अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# विजेता और उपविजेता टीमों को नवाजा



विनय बाबर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** युवक मंडल रजियाना की तरफ से करवाए जा रहे पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में बतौर मुख्यातिथि विनय बाबर शिरकत की। उन्होंने विजेता और उपविजता टीम को इनाम बांटे।

उन्होंने ग्राउंड के लिए हर मदद देने का आश्वासन दिया। उन्होंने आयोजकों को 11000 रुपए अपनी नेक कमाई से दिए। इस मौके अंकित, विवेक, कनिष्क आयोजकों की ओर से सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया।

# पुलिस ने दुकान से की अवैध शराब बरामद, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत भितलु ग्राम पंचायत भवन के साथ पुलिस टीम ने अवैध शराब पकड़ी है। पुलिस ने सुरेश कुमार निवासी गांव कोटला डाकघर चमियारा तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा की दुकान से पांच हजार 250 एमएल देशी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना मैक्लोडगंह में मामला दर्ज किया गया है। उधर, एएसपी बीर बहादुर ने पुष्टि की है।

# नियमित हुए जलरक्षकों ने झूंगा देवी मंदिर में लगाया भंडारा



अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** धीरा उपमंडल के अंतर्गत स्थित मां झूंगा देवी के पावन दरबार में रविवार को भंडारा लगाया गया।

पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में जल शक्ति विभाग में नियमित हुए जलरक्षकों में से जलशक्ति सब डिवीजन धीरा के तहत आने वाले 9 जलरक्षकों ने माता रानी के दरबार में भंडारे का आयोजन कर अपनी कृतज्ञता प्रकट की। नियमित होने के बाद अब ये सभी जलरक्षक विभाग में पंप अटेंडेंट के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। इस शुभ अवसर पर मांग झूंगा देवी कमेटी के सदस्यों ने सभी जलरक्षकों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कमेटी सदस्यों ने कहा कि ये सभी युवा कर्मठ, मेहनती और समर्पित हैं तथा आने वाले समय में जीवन में खूब तरक्की करेंगे।

## पालमपुर के बनूरी में स्थापित राज्य की पहली आईवीएफ लैब की बड़ी उपलब्धि

# एक जर्सी गाय से एक वर्ष में तीन उच्च आनुवंशिक क्षमता वाले बछड़ों का जन्म

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश में पशुधन विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, पशुपालन विभाग पालमपुर के अंतर्गत बनूरी में स्थापित राज्य की पहली इन विट्रो फर्टिलाइजेशन प्रयोगशाला ने उन्नत प्रजनन जैव-प्रौद्योगिकी के माध्यम से जर्सी नस्ल में तीव्र आनुवंशिक सुधार का सफल प्रदर्शन किया है। यह आईवीएफ प्रयोगशाला भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से प्रदेश पशुधन एवं कुक्कुट विकास बोर्ड के माध्यम से वित्त पोषित की गई है।

इस अत्याधुनिक प्रयोगशाला का उद्घाटन जनवरी 2025 में कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने किया था। आईवीएफ प्रक्रिया के अंतर्गत उच्च आनुवंशिक क्षमता वाली एमएसपी (न्यूनतम मानक प्रोटोकॉल) दाता जर्सी गायों से अल्ट्रासाउंड-मार्गदर्शित सुइयों की सहायता से अंडाणुओं (ओओसाइट्स) का संग्रह किया जाता है। इन अंडाणुओं को प्रयोगशाला में परिपक्व किया जाता है तथा श्रेष्ठ आनुवंशिक क्षमता वाले सांडों के वीर्य से इन विट्रो निषेचन किया जाता है। आईवीएफ एवं सरोगेसी तकनीक के माध्यम से एक ही उत्कृष्ट जर्सी दाता गाय से एक वर्ष में तीन उच्च आनुवंशिक क्षमता वाले बछड़ों का जन्म एक बड़ी उपलब्धि है, पहला जर्सी एमएसपी नर बछड़ा राजपुर में डॉ. राजीव फुल्ल के फार्म पर जन्मा, उसी दाता गाय से एक मादा बछड़ी का जन्म जर्सी कैटल ब्रीडिंग फार्म पालमपुर में हुआ, एक अन्य नर बछड़े का जन्म कंडबाड़ी में श्री सरदार सिंह की सरोगेट गाय से हुआ। यह उपलब्धि दर्शाती है कि आईवीएफ तकनीक के माध्यम से एक ही उत्कृष्ट गाय से कम समय में अनेक संतानों का जन्म संभव है, जिससे आनुवंशिक सुधार की प्रक्रिया अत्यंत तेज हो जाती है।



तीन उच्च आनुवंशिक क्षमता वाले बछड़ों का जन्म बड़ी उपलब्धि। अनंत ज्ञान

# शाहपुर कंडी पुलिस ने चिट्टा बेचने व खरीदने के आरोप में एक युवक को किया गिरफ्तार



पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार आरोपी युवक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पंजाब पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शाहपुर कंडी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। शनिवार रात पुलिस ने गांव मनवाल कोठे के कब्रिस्तान के समीप से शिवांग नामक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 ग्राम 27 मिलीग्राम चिट्टा बरामद किया।

आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर रिमांड लिया गया, जिसके दौरान पूछताछ में उसने खुलासा किया कि गांव काहनपुर निवासी सोहन सिंह भी उसके साथ नशे की खरीद-फरोख्त में शामिल है। इस सूचना के आधार पर शाहपुर कंडी पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और दूसरे आरोपी सोहन सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। थाना शाहपुर कंडी के एसएचओ सब इंस्पेक्टर जगदीश कुमार ने बताया कि पहले आरोपी शिवांग को एएसआई नरेश कुमार ने गिरफ्तार किया था, जबकि आगे की जांच एएसआई धर्म पाल बैंस द्वारा की गई।

दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एसएचओ ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार नशे का कारोबार और सेवन दोनों अपराध हैं, और पुलिस ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखेगी।

# बरसात में बही 50 मीटर सड़क को दोबारा नहीं बना पाया विभाग

## सस्त्र बल्ली-घनोटला सड़क सरकार और लोक निर्माण विभाग की अनदेखी की शिकार



दुर्दशा बयां करती सस्त्र बल्ली-घनोटला सड़क की तस्वीर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

◆ लोगों को घर जाने के लिए आठ किलोमीटर का अतिरिक्त करना पड़ रहा सफर

**हमीरपुर।** जिला मुख्यालय हमीरपुर के नजदीक स्थित मटाहनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास से निकलने वाली सस्त्र बल्ली घनोटला निर्माणाधीन सड़क सरकार की अनदेखी का शिकार हो रही है। पिछले साल 22 अगस्त 2025 को भारी बरसात के कारण सड़क का लगभग 50 मीटर हिस्सा डैमेज हो गया था। इस मार्ग से कोई भी वाहन नहीं गुजर सकता है। लोगों को लगभग छह महीने से लगभग सात/आठ किलोमीटर घूमकर अपने घरों को जाना पढ़ रहा है। इससे समय और पैसा अधिक देकर लोगों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

रिटेनिंग वॉल के गिरने से नजदीक के लोगों का एक मात्र पानी का स्त्रोत (बाबड़ी) भी इसके नीचे दब चुकी है, अगर बरसात से पहले इसका हल नहीं हुआ तो नजदीक के घरों को भी खतरा पैदा हो गया है। क्योंकि सड़क की खुदाई के कारण अब यहां स्लाइडिंग जोन बन चुका है और भूमि का कटाव होते हुए घरों के नजदीक पहुंच गया। इस कारण आने वाली बरसात से घरों के खिसकने का भी खतरा हो गया है, लेकिन लोक निर्माण विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इससे लोगों में गहरी रोष पनता जा रहा है।

क्षेत्र के लोगों ने सरकार और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़क की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक रिटेनिंग वॉल का स्थायी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता, तब तक प्रशासन अस्थायी रूप से मिट्टी और पत्थर डालकर तथा खाली सीमेंट की बोरियों से सहारा देकर वैकल्पिक मार्ग तैयार करे, ताकि यातायात को सुचारु रूप से चालू किया जा सके।

वर्तमान में लगभग पचास मीटर सड़क टूट जाने के कारण पूरा मार्ग अवरुद्ध हो गया है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क यहां रहने वाले लोगों के लिए सबसे निकट और प्रमुख संपर्क मार्ग है। इसके बंद होने से लोगों को लंबा चक्कर लगाकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क के निर्माण पर सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन केवल एक छोटे से हिस्से के क्षतिग्रस्त होने के कारण पूरा मार्ग बेकार साबित हो रहा है और 'सफेद हाथी' बन गया है। इस स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में गहरा रोष और निराशा व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर राहत प्रदान करने की मांग की है।लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दीपक कपिल ने बताया कि इस सड़क पर जमीनी विवाद है। उन्होंने बताया कि इस सड़क को शीघ्र बना दिया जाएगा।

### नाहलवीं और आघार पंचायत के चार बूथों के सैनिकों व महिला मंडलों के लिए सम्मान समारोह आयोजित

# विधायक आशीष ने 170 पूर्व सैनिकों, सैन्य परिवारों को किया सम्मानित

◆ बोले- सरहद पर सैनिक के जागने से हम अपने घरों में सोते हैं चैन की नींद

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पंचायत नाहलवीं और आघार के चारों बूथों के पूर्व सैनिकों, सैन्य परिवारों एवं महिला मंडलों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। विधायक आशीष शर्मा ने 170 पूर्व सैनिकों, सैन्य परिवारों और 18 महिला मंडलों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम भी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनता सहित सुना। विधायक ने कहा कि देश सेवा में सैनिकों का योगदान हमेशा अविस्मरणीय रहेगा, जिसका कर्ज कभी चुकाया नहीं जा सकता।

इन सभी पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य आज मिला। उन्होंने



पूर्व सैनिक के परिवारों को सम्मानित करते विधायक आशीष शर्मा। अनंत ज्ञान

समारोह में पधारे समस्त पूर्व सैनिकों, सैन्य परिवारों, मातृशक्ति, युवाशक्ति एवं समस्त कार्यकर्ताओं का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरहद पर सैनिक देश की रक्षा करता हे, तभी हम सब अपने घरों में चैन की नींद सोते हैं।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिला वीरभूमि के नाम से जाना जाता है, जहां पर हर दूसरे घर से सैनिक देश रक्षा में तैनात है। विधायक आशीष ने कहा कि हम सौभागशाली हैं कि इस वीरभूमि पर हमनें जन्म लिया। इस मौके पर उन्होंने दोनों पंचायतों में विधायक निधि से करवाए कार्यों को भी जनता के समक्ष रखा। वहीं, स्थानीय जनता ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ग्रामीण जसवीर सिंह, महामंत्री अश्वनी शर्मा एवं प्रमोद पटियाल, विधायक की धर्मपत्नी स्वाति जार, ग्राम केंद्र अध्यक्ष रवि, बूथ अध्यक्ष अशोक, गिरधारी लाल, रिखी राम एवं कुलवीर, कैप्टन अश्वनी कटोच, महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति बाला, एससी मोर्चा अध्यक्ष कुलवीर सिंह, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बलवंत सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष शुभम, मंडल युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# 55 प्लस आयु वर्ग के डबल मुकाबले में विनोद और सुरेंद्र रत्न बने विजेता

### हमीरपुर में जिलास्तरीय मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला हमीरपुर बैडमिंटन संघ की ओर से रविवार को जिलास्तरीय मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन अणु खेल स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ डीएसपी हरीश गुलेरिया ने किया।

इस प्रतियोगिता में 35 आयु वर्ग से ऊपर के जिला हमीरपुर के आए 60 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जो खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे, वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कुल्लू में भाग लेंगे। यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 24 से 27 फरवरी तक आयोजित होगी, उसमें जिला हमीरपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता के मुकाबले देर शाम तक आयोजित किए गए। शाम तक आयोजित मुकाबलों में 35 प्लस आयु वर्ग में शांति स्वरूप प्रथम, 40 प्लस आयु



बैडमिंटन प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि डीएसपी हरीश गुलेरिया को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

वर्ग में भुवनेश प्रथम, 45 प्लस आयु वर्ग में सुशील ठाकुर प्रथम, 50 प्लस आयु वर्ग में प्रदीप कुमार, 55 प्लस आयु वर्ग में सुरेंद्र रत्न प्रथम, जबकि 55 प्लस आयु वर्ग में डबल मुकाबले में विनोद और सुरेंद्र रत्न ने प्रथम स्थान किया है।

इस अवसर पर प्रदीप ठाकुर रेफरी, राजेंद्र शर्मा पूर्व संयुक्त सचिव भारतीय बैडमिंटन संघ सदस्य गौतम सिंह, नवीन गौतम,सुशील ठाकुर, सुशील बन्याल, पंकज सकलानी, वीरेंद्र सिंह, डॉ. अभिषेक, इत्यादि मौजूद रहे।

# करोट पंचायत को बनाएंगे आदर्श पंचायत: रणजीत

### 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत सुनीं लोगों की समस्याएं

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह रविवार को 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत करोट पंचायत पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। वहीं, विधायक ने अलग-अलग स्थानों पर जनसभाएं की। उन्होंने कहा कि करोट पंचायत के विकास के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी गई है।

उन्होंने विशेष रूप से डे-बोर्डिंग स्कूल की सौगात का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों में क्षेत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को सशक्त करने का माध्यम भी बनेगा।

उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। रास्तों के निर्माण, डंगे और रेलिंग लगाने के लिए राशि जारी की जा चुकी है, जिससे ग्रामीणों को



लोगों को दिया हर समस्या के समाधान का आश्वासन। अनंत ज्ञान

### महिला मंडल के भवन को दो लाख देने की घोषणा

**महिला** सशक्तिकरण पर बल देते हुए विधायक ने घोषणा की कि करोट पंचायत में महिला मंडल भवन के निर्माण के लिए 2 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कर दी गई है और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। जनसभाओं के दौरान ग्रामीणों ने स्थानीय समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने आश्वासन दिया कि हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने करोट पंचायत के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो प्यार, स्नेह और सम्मान उन्हें मिला है, वह उन्हें और अधिक सेवा करने की प्रेरणा देता है। विधायक ने कहा कि करोट पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

आवागमन में सुविधा मिलेगी और सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के दुर्गम हिस्सों को बेहतर सड़क संपर्क से जोड़ना उनकी प्राथमिकता रही है, ताकि विकास की धारा हर घर तक पहुंचे।

### हमीरपुर महाविद्यालय में कॉमर्स सोसायटी जिला स्तरीय ट्रेड फेयर कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय हमीरपुर की कॉमर्स सोसायटी जिला स्तरीय ट्रेड फेयर 24 फरवरी को आयोजित होगा। इसमें कॉलेज के छात्र हैंड ऑन एक्टिविटी में भाग लेंगे। ट्रेड फेयर में जिलेभर के सरकारी व प्राइवेट कॉलेज के छात्रों को निमंत्रण भेजा गया है। ट्रेड फेयर में 16 के करीब पंडाल कॉलेज छात्रों द्वारा लगाए जाएंगे। इनमें से टॉप-फाइव टीमों को कैश प्राइज देकर सम्मानित किया जाएगा। ट्रेड फेयर संयोजक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि ट्रेड फेयर छात्रों के लिए एक उत्कृष्ट व्यावहारिक अनुभव है, जो उन्हें उद्यमिता, नेटवर्किंग और विपणन कौशल सीखने का मौका देता है। इसमें विभिन्न स्टॉल लगाकर नए उत्पादों का प्रदर्शन, बाजार के रुझानों को समझना और ग्राहकों के साथ संवाद करना शामिल है, जिससे कौशल विकास होता है। ट्रेड फेयर छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान, टीम वर्क और व्यावसायिक दुनिया की झलक दिखाता है।

# 20,000 भक्तों ने लिया बाबा बालक नाथ जी का आशीर्वाद

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** फरवरी माह के अंतिम रविवार को सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अनुमानित 20 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं, जो देर शाम तक जारी रहीं।



रविवार अवकाश होने के चलते प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

मंदिर में सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन व मंदिर ट्रस्ट की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मान्यता है कि जिन भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है, वे दंडवत होकर बाबा के दरबार में पहुंचते हैं। रविवार को भी कई श्रद्धालु दंडवत करते हुए गुफा तक पहुंचे और अपनी श्रद्धा व्यक्त की। मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन भी किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

श्रद्धालुओं ने बताया कि बाबा बालक नाथ के प्रति उनकी अटूट आस्था है और वे परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना लेकर दरबार में पहुंचे हैं। पूरे दिन मंदिर क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा। बता दें कि रविवार को लगभग 20 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके गद्दीसीन महंत श्री श्री 1008 राजेंद्र गिरि महाराज के दरबार पहुंचकर बाबा जी से भी आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पहुंचे हुए थे। मंदिर अधिकारी जोगिंदर कुमार ने बताया कि रविवार को लगभग 20,000 श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम को ही श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचना शुरू हो गए थे।

### सनातन धर्म सर्वोपरि है, मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं : महंत

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** महंत श्रीश्री 1008 राजेंद्र गिरि महाराज ने नए जिज्ञासुओं को मुंडन कार्यक्रम के दौरान कहा कि सनातन धर्म सर्वोपरि है, क्योंकि इसमें विश्व कल्याण की भावना निहित है। उन्होंने कहा कि हिंदू संस्कृति ही विश्व बंधुत्व की भावना को बढ़ावा दे सकती है। उन्होंने जिज्ञासुओं से आग्रह किया कि वे सनातन धर्म के आदर्शों के प्रति प्रतिबद्ध रहें और धार्मिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लें। साथ ही, उन्होंने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आग्रह किया, ताकि समाज, प्रदेश और देश के विकास को गति मिल सके। रविवार को महंत निवास पर विशेष कार्यक्रम के दौरान बाबा जी के प्यारों ने गुफा दर्शन करके बाबाजी के निवास में पहुंचकर उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया।

### सुजानपुर कॉलेज में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह कल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर सत्र 2025 -26 का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन 24 फरवरी को किया जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कैप्टन रणजीत सिंह रहेंगे। विधायक 400 शैक्षणिक, सह पाठ्यक्रम और खेलकूद में अव्वल रहे विद्यार्थियों को को सम्मानित करेंगे, जिन्होंने महाविद्यालय, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम ऊंचा किया। यह जानकारी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर ने दी।

**खेलकूद** पुरुष वर्ग से प्रशांत वीर व आदित्य और महिला वर्ग से अनन्या शर्मा एवं अंकिता बनी सर्वश्रेष्ठ एथलीट

# 1500 मीटर दौड़ में अंकिता और आदित्य विजेता

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के सिंथेटिक ट्रैक में किया गया। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. पवन कुमार वर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्या डॉ. अंजु बत्ता सहगल रहीं।

प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण रस्साकशी प्रतियोगिता रही, जिसका विद्यार्थियों एवं दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। महिला वर्ग में बीसीए विभाग विजेता रहा, एमएससी जूलॉजी उपविजेता तथा एमएससी केमिस्ट्री विभाग तृतीय स्थान पर रहा। पुरुष वर्ग में बीकॉम विभाग विजेता बना, बीबीए विभाग उपविजेता तथा बीसीए विभाग तृतीय स्थान पर रहा। मुख्य अतिथि डॉ. अंजु गुप्ता



मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को नवाजा। अनंत ज्ञान

ने कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक विकास बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी निर्माण करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में निरंतर भाग लेने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी ने विद्यार्थियों के उत्साह और अनुशासन की सराहना की। पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रशांत प्रथम, सूर्या द्वितीय, आयुष तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में प्रशांत प्रथम, अंश द्वितीय, उमेश तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में अंश राणा प्रथम, आयुष शर्मा द्वितीय, शुभम तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में आदित्य पटियाल प्रथम, विशाल द्वितीय, सूरज तृतीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ में आदित्य पटियाल प्रथम, अतुल शर्मा द्वितीय, सौरव तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, महिला वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में अंकिता प्रथम, कविता द्वितीय, ममता तृतीय स्थान पर रहीं।

### 5000 मीटर दौड़ में सुमित ने मारी बाजी

**5000** मीटर दौड़ में सुमित प्रथम, हर्ष द्वितीय, शुभम तृतीय स्थान पर रहे। शॉटपुट में दिवेश प्रथम, निखिल द्वितीय, दिवेश तृतीय स्थान पर रहे। जैवलिन थ्रो में दिवेश प्रथम, कृष द्वितीय, कर्ण तृतीय स्थान पर रहे। लॉन्ग जंप में आदित्य कपिल प्रथम, सूर्य द्वितीय, सुमित तृतीय व हाई जंप में आदित्य कपिल प्रथम, कृष द्वितीय, अथर्व नेगी तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अनन्या प्रथम, मुस्कान द्वितीय, राजिया तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में अंकिता प्रथम, मुस्कान द्वितीय, विनीता तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में रिया प्रथम, रुचि द्वितीय, आंचल तृतीय स्थान पर रहीं। 800 मीटर दौड़ में अंकिता प्रथम, मुस्कान द्वितीय, पल्लवी राणा तृतीय स्थान पर रहीं।

### शॉट पुट में महक और जैवलिन थ्रो में आनंदिता प्रथम

**शॉटपुट** में महक प्रथम, रुचि द्वितीय, पल्लवी तृतीय स्थान पर रहीं। जैवलिन थ्रो में आनंदिता प्रथम, अंकिता द्वितीय, तमन्ना तृतीय स्थान पर रहीं। लॉन्ग जंप में अनन्या प्रथम, कीर्ति द्वितीय, मुस्कान तृतीय स्थान पर रहीं।हाई जंप में सुहानी प्रथम, मुस्कान द्वितीय, पल्लवी राणा तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में स्टाफ रेस भी करवाई गई। पुरुष वर्ग में डॉ. सतीश सोनी प्रथम, प्रो संजय चौहान द्वितीय, प्रो संजय कुमार (इतिहास विभाग) तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में प्रो. नीना कुमारी (हिंदी विभाग) प्रथम, अंजू द्वितीय, उर्वशी एवं संदेश तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग से प्रशांत वीर एवं आदित्य कपिल को सर्वश्रेष्ठ धावक, तथा महिला वर्ग से अनन्या शर्मा एवं अंकिता को सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया।

# भरेड़ी में स्मार्ट मीटर के विरोध में रैली आज

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोंरज के तहत भरेड़ी बाजार में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में सोमवार सुबह 11 बजे एक विशाल रैली निकाली जाएगी। रैली के माध्यम से क्षेत्रवासी अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करेंगे और राज्य सरकार से स्मार्ट मीटर योजना पर पुनर्विचार करने की अपील करेंगे। यह जानकारी पपलाह पंचायत के पूर्व प्रधान अंकुश सैणी तथा गरसाहड़ पंचायत के उपप्रधान विकास शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोगों में स्मार्ट मीटर को लेकर गहरी चिंता और असंतोष है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को आशंका है कि नए मीटरों से बिजली बिलों में बढ़ोतरी हो सकती है तथा तकनीकी समस्याओं के कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने बताया कि रैली भरेड़ी बाजार से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होते हुए निर्धारित स्थल तक



प्रशासन के माध्यम से सीएम सुक्खू को भेजा जाएगा ज्ञापन। अनंत ज्ञान

पहुंचेगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन प्रशासन के माध्यम से भेजा जाएगा, जिसमें स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाने तथा जनभावनाओं का सम्मान करने की मांग की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडल के सदस्यों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रैली में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं, ताकि सरकार तक जनता की आवाज मजबूती से पहुंचाई जा सके। आयोजकों का कहना है कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से किया जाएगा। उनका उद्देश्य किसी प्रकार का टकराव नहीं, बल्कि जनहित के मुद्दे को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाना है।

# न्यूज ब्रीफ

## विधायक डॉ. जनकराज ने निभाई डॉक्टर की भूमिका

**अनंत ज्ञान, भरमौर/चंबा।** चंबा जिला के भरमौर क्षेत्र के गरोला में एकल अभियान अंचल वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान एक बार फिर उनका सेवाभाव देखने को मिला। जैसे ही स्थानीय महिलाएं अपनी और अपने परिजनों की मेडिकल रिपोर्ट लेकर उनके पास पहुंचीं, तो डॉ. जनकराज ने वहीं बैठकर रिपोर्ट्स की जांच शुरू कर दी। उन्होंने मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी व पर्ची पर जरूरी दवाइयां भी लिखीं। डॉ. जनकराज पेशे से न्यूरोसर्जन रह चुके हैं। राजनीति में आने से पहले उन्होंने लंबे समय तक चिकित्सा क्षेत्र में सेवाएं दी हैं। वर्तमान में वह भरमौर से भाजपा विधायक हैं। उन्हें अक्सर सार्वजनिक कार्यक्रमों, जनसभाओं व यहां तक कि पारिवारिक आयोजनों में भी लोगों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सुनते व उपचार संबंधी सलाह देते देखा जाता है। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों की अच्छी खासी उपस्थिति रही और स्थानीय महिलाओं ने विधायक के इस सेवाभाव की सराहना की।

## पुखरी के पास बीच सड़क पर पलटी कार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा-तीसा मुख्य मार्ग पर पुखरी के समीप एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें सवार सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। घटना के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन स्थानीय लोगों की तत्परता से वाहन में सवार सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बाद में वहां एकत्रित लोगों ने दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क किनारे कर दिया, जिससे वाहनों की आवाजाही फिर से सुचारू हो गई। दुर्घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। हालांकि, प्रारंभिक तौर पर वाहन के फिसलने या चालक के नियंत्रण खोने की आशंका जताई जा रही है। घटना के चलते कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 24 को 100 फील्ड सर्वेयर पदों के लिए साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला रोजगार अधिकारी मंडी अक्षय कुमार ने जानकारी दी है कि जियोमैटिक्स साइंटिफिक टेक्नोलॉजी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फील्ड सर्वेयर के 100 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 24 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय, मंडी में आयोजित किए जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों को 12,500 रुपए प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा तथा आवास सुविधा भी कंपनी की ओर से उपलब्ध करवाई जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इन पदों के लिए केवल पुरुष अभ्यर्थी पात्र होंगे। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं के साथ आईटीआई इलेक्ट्रिकल निर्धारित की गई है। एंड्रॉयड फोन, वैध ड्राइविंग लाइसेंस तथा दो पहिया वाहन रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि साक्षात्कार में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड तथा रोजगार पंजीकरण पत्र सहित निर्धारित तिथि को जिला रोजगार कार्यालय, मंडी में उपस्थित हो सकते हैं।

## हाइवे पर कार सवार युवक से 894 ग्राम चरस बरामद

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना हटली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मादक पदार्थ तस्करी का मामला दर्ज किया गया है। थाना हटली मे धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थाना हटली की एएसआई सुरजीत, नरेंद्र और सैलेंद्र की टीम ढलवान क्षेत्र में नेरचौक जाहू सुपर हाइवे पर नाकाबंदी, यातायात जांच व मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली की नेरचौक से जाहू की तरफ एक गाडी आ रही है, जिसमें नशे का सामान बड़ी मात्रा में है। सूचना पाकर पुलिस टीम ने सेल्फी प्वॉइंट ढलवान के नजदीक नाका लगाकर हाइवे से गुजरने वाले वाहनों की जांच कड़ी कर दी। इसी दौरान नेरचौक से जाहू की तरफ सफेद रंग की एक स्विफ्ट कार पीबी35यू-3565 को जांच के लिए रोका व कार की बारीकी से तलाशी लेने पर कार चालक के कब्जे से 894 ग्राम चरस बरामद हुई है। आरोपी युवक की पहचान अजय कुमार (25) पुत्र केवल कृष्ण गांव बजीगर कुलियां डाकघर भटोया तहसील व जिला गुरदासपुर पंजाब के तौर पर हुई। हटली पुलिस ने उपरोक्त युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की पुष्टि डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने देते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कारवाई की गई है और जांच जारी है।

## 24 से चंबा प्रवास पर कुलदीप सिंह पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 24 से 27 फरवरी तक चंबा प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 फरवरी को विधानसभा अध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय सिहुंता के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 25 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुवाड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे। 26 फरवरी को विधानसभा अध्यक्ष प्रातः11:30 बजे बचत भवन में जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके उपरांत सायं 3:30 बजे पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को कुलदीप सिंह पठानिया दोपहर 12:30 बजे भरमौर विधानसभा क्षेत्र के मैहला में आयोजित होने वाले 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। 28 फरवरी को विधानसभा अध्यक्ष सिहुंता से शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

## संगत ने सतगुरु की वाणी का किया रसपान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** गांव सिद्धपुरा (भद्रम) सरोल में संत शिरोमणि संत गुरु रविदास महाराज जी के 649वें जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य कीर्तन दरबार और गुरु के लंगर का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में संगत पहुंची और सतगुरु की वाणी का रसपान किया। कीर्तन दरबार में भाई सुनील कुमार मंगला वाले, भाई रोहित कुमार, रागी जत्था मैहला, भीमा बाई महिला मंडल चम्बा और भाई दलीप सिंह जी ओहली वाले सहित कई रागियों ने पावन भजनों का भावपूर्ण गायन कर वातावरण भक्तिमय बना दिया। संगत 'सतनाम श्री वाहेगुरु' के जाप में लीन होकर आध्यात्मिक आनंद में डूबी रही। प्रातःकाल गुरु जस कीर्तन, पाठ, आरती और अरदास के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके उपरांत विशाल लंगर में सभी ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन ने समाज में भाईचारा, समरसता और सेवा भावना का संदेश फैलाया। गुरु रविदास सभा चंबा, सिद्धपुरा और काकडोलू के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# चंबा-तीसा-किलाड़ मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग तेज

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल ,चंबा।** सीमांत एवं जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी की वर्षों पुरानी मांग अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचती दिखाई दे रही है। समाजसेवी ताशी दोरजे खंपा ने राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के समक्ष चंबा-तीसा-किलाड़ सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने तथा पठानकोट-चंबा-तीसा-किलाड़-लेह मार्ग को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना अथवा किसी अन्य केंद्रीय योजना के अंतर्गत विकसित करने की पैरवी की है। खंपा ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को विस्तृत पत्र प्रेषित कर चंबा-तीसा-किलाड़ खंड की अंतिम राजपत्र अधिसूचना जल्द जारी करने का आग्रह भी किया है।



राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के साथ भेंट करते समाजसेवी ताशी दोरजे खंपा। अनंत ज्ञान

### यह पांगी घाटी की जीवनरेखा

**चंबा**-तीसा-किलाड़ मार्ग पांगी घाटी के हजारों नागरिकों के लिए जीवनरेखा है। हर वर्ष भारी हिमपात और प्राकृतिक आपदाओं के कारण यह क्षेत्र लंबे समय तक देश के अन्य हिस्सों से कट जाता है यदि इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा देकर सर्व-मौसमी व आपदा-रोधी स्वरूप में विकसित किया जाता है, तो जनजातीय समुदायों को स्थायी राहत मिलेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, व्यापार और पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। ताशी दोरजे खंपा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह केवल स्थानीय मांग नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सामरिक सुदृढ़ता और सीमांत विकास से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा, हर्ष महाजन हिमाचल के धरती पुत्र हैं। हमें पूरे हिमाचल में सबसे ज्यादा उम्मीद उन्हीं से है। वे हमारी पीड़ा और सीमांत क्षेत्रों की जरूरतों को भली-भांति समझते हैं। क्षेत्रवासियों की निगाहें अब केंद्र सरकार के निर्णय पर टिकी हैं। यदि जल्द अधिसूचना जारी होती है, तो न केवल चंबा और पांगी घाटी के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा, बल्कि सीमांत क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को नई रणनीतिक मजबूती भी मिलेगी।

### राष्ट्रीय सुरक्षा की रीढ़ बन सकता है यह मार्ग

**प्रस्तावित** मार्ग पठानकोट छावनी जैसे महत्वपूर्ण सैन्य अड्डे से शुरू होकर चंबा और पांगी घाटी को जोड़ते हुए आगे लद्दाख के लेह तक अपेक्षाकृत छोटा व सीधा संपर्क प्रदान करता है। वर्तमान में प्रचलित मनाली मार्ग की तुलना में यह मार्ग दूरी और समय दोनों दृष्टि से अधिक उपयोगी और रणनीतिक रूप से लाभकारी माना जा रहा है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा मिलने से सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षा आपूर्ति, आपातकालीन सैन्य तैनाती और त्वरित रणनीतिक मूवमेंट को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी।

### अधूरी अधिसूचना से थमा विकास

**पठानकोट**-चंबा खंड पहले से ही राष्ट्रीय राजमार्ग-154ए के रूप में अधिसूचित है, जबकि चंबा-तीसा-किलाड़ खंड को वर्ष 2016 में सैद्धांतिक स्वरीकृति मिल चुकी थी। इसके बावजूद अंतिम राजपत्र अधिसूचना अब तक लंबित है। परिणामस्वरूप इस अति-महत्वपूर्ण मार्ग का उन्नयन व सर्व-मौसमी विकास कार्य ठप पड़े हैं, जिससे पांगी घाटी का समग्र विकास बाधित हो रहा है।

## आशीष ने कार्डबोर्ड से भगवान कार्तिकेय का प्रांगण व विद्यालय का जीवंत मॉडल बनाया

अनंत ज्ञान



**भरमौर।** होली तहसील की ग्राम पंचायत कुलेठ के उभरते छात्र आशीष ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया है। पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल होली के छात्र आशीष ने कार्डबोर्ड से भगवान कार्तिकेय के प्रांगण तथा अपने विद्यालय का बेहद सुंदर व जीवंत मॉडल तैयार किया है, जिसकी क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। बताया जा रहा है कि आशीष ने यह मॉडल पूरी लगन, सूक्ष्मता व कल्पनाशीलता के साथ तैयार किया है।

कम उम्र में इतनी बारीकी और आकर्षक प्रस्तुति ने शिक्षकों, अभिभावकों व स्थानीय लोगों को काफी प्रभावित किया है। सीमित संसाधनों और आर्थिक अभाव के बावजूद आशीष ने अपनी प्रतिभा को निखारते हुए यह अनोखा मॉडल तैयार किया, जो उसकी मेहनत और जुनून को दर्शाता है। विद्यालय प्रबंधन और क्षेत्रवासियों ने आशीष की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आशीष की इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। जनजातीय क्षेत्र में इस तरह के हुनर को लेकर आशीष की चारों ओर खूब प्रशंसा हो रही है। लोगों ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वह आगे भी इसी प्रकार नई ऊंचाइयां हासिल करेगा और क्षेत्र का नाम रोशन करेगा।

# शिक्षा मंत्री ने चंबा में किए करोड़ों के विकास कार्यों के शिलान्यास व लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**चंबा।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने चंबा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 2 करोड़ 25 लाख की धनराशि से निर्मित व प्रस्तावित विद्यालय भवनों के शिलान्यास व लोकार्पण किए। विधायक नीरज नैय्यर इस दौरान विशेष रूप से उपस्थित रहे। रोहित ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चनेड़ में 1 करोड़ 96 लाख की राशि से निर्मित होने वाले विज्ञान खंड का शिलान्यास किया।

उन्होंने दोपहर बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साच में लगभग 29 लाख धनराशि से नवनिर्मित अतिरिक्त भवन का लोकार्पण भी किया। शिक्षा मंत्री ने इससे पहले राइजिंग स्टार पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल उदयपुर में नए ऑडिटोरियम, क्रिकेट कोर्ट और कन्या छात्रावास गुरुकुल का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। रोहित ने अपने प्रवास की निरंतरता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चनेड, राइजिंग स्टार पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल उदयपुर तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साच में विद्यार्थियों उनके अभिभावकों तथा स्थानीय लोगों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में गुणवत्ता युक्त एवं परिणामोन्मुख शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। साथ में उन्होंने ये भी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही उत्कृष्ट नीतियों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं का परिणाम है कि वर्ष 2021 की तुलना में वर्तमान में प्रदेश की साक्षरता दर 99.30 प्रतिशत है।



रोहित ने प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि गत तीन वर्षों में शिक्षा विभाग में 7 हजार पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। इसके अतिरिक्त 4 हजार पदों को भरने की प्रक्रिया भी जारी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों का नामांकन सर्वाधिक चंबा जिले में है। उन्होंने शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि चंबा जिले के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा आवश्यक कदम निरंतर उठाए जा रहे हैं। रोहित ने राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रथम चरण के तहत प्रदेश में चयनित 42 डे बोर्डिंग स्कूलों के निर्माण कार्यों को राज्य सरकार द्वारा 112 करोड़ रुपए की धनराशि का प्रावधान किया गया है। रोहित ठाकुर ने विधायक नीरज नैय्यर की मांग पर राजकीय उच्च पाठशाला पल्युर के जारी भवन निर्माण को पूर्ण करने के लिए 11 लाख की धनराशि उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की। शिक्षा मंत्री ने आयोजित कार्यक्रमों के दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चनेड तथा साच और राइजिंग स्टार पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल उदयपुर के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

### प्रवीण ने शिक्षा मंत्री के समक्ष रखी प्रमुख मांगें

**धरवाला।** चंबा आगमन पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के निदेशक प्रवीण मिन्हास ने टोपी व शॉल पहनाकर जोरदार स्वागत किया। उन्होंने अपने क्षेत्र की प्रमुख शैक्षणिक समस्याओं से अवगत करवाया उन्होंने कहा कि राजकीय महाविद्यालय लिल्ह के भवन का निर्माण कार्य, पिछले 10 सालों से अधूरा पड़ा है इस कारण छात्र-छात्राओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कॉलेज के भवन निर्माण कार्य को जल्द करवा कर जल्द इसका लोकार्पण किया जाए, ताकि छात्र-छात्राओं को दिक्कतें पेश ना आएं। वहीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुआं में कॉमर्स, मेडिकल एवं नॉन मेडिकल संकाय प्रारंभ किए जाएं, ताकि विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर बेहतर शिक्षा सुविधा प्राप्त हो सके। वहीं, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विषयों को गंभीरता से सुनते हुए प्राथमिकता के आधार पर जल्द ही सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया है।

## अदिति बनी सहायक जिला न्यायवादी

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिला की ग्राम पंचायत छतराड़ी के छोटे से गांव सुंगरेड़ की निवासी अदिति शर्मा ने प्रदेश भर में 16वां रैंक हासिल कर सहायक जिला न्यायवादी (असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी) बनकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र और परिवार में खुशी का माहौल है। 25 वर्षीय अदिति शर्मा पुत्री अशोक शर्मा मूल रूप से ग्राम पंचायत छतराड़ी के सुंगरेड़ गांव की रहने वाली हैं। अदिति के दादा रामचंद शर्मा (डिजनी) सेना में बतौर कैप्टन अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जबकि उनके पिता अशोक शर्मा भी भारतीय सेना में नायब सूबेदार के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। अदिति शर्मा की प्रारंभिक शिक्षा गेटवे पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजा का तालाब कांगड़ा से हुई। प्लस टू के बाद उन्होंने हिमाचल इंस्टिट्यूट ऑफ लीगल सडीज से बीए एलएलबी की डिग्री हासिल की।

## ज्ञान विज्ञान समिति धर्मपुर खंड के अध्यक्ष बने भोलादत्त कश्यप

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति धर्मपुर खंड के खंड सम्मेलन में नई 21 सदस्यीय कमेटी गठित की गई, जिसमें अध्यक्ष की कमान भराड़ी उत्कृष्ट विद्यालय के प्रिंसिपल भोलादत्त कश्यप को सौंपी गई और सेवानिवृत्त स्कूल प्रिंसिपल एसएन कश्यप को वरिष्ठ उपाध्यक्ष न्यू बीम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य बिमला हिनोस्तानी को उपाध्यक्षा चुना गया। वहीं, ऋत्विक को सचिव सपना और मीना को सह-सचिव और कंचना देवी को कोषाध्यक्ष चुना गया। अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी, डॉ. विना राठौर, डॉ आईएस वर्मा,परजीत ठाकुर, रणताज राणा, सुरेंद्र सकलानी और भूपेंद्र सिंह को सलाहकार चुना गया। बबिता, रेखा, रजनी, मीनू, रीता, लता, ऋचा, माया, सरोज, ज्योति, बबली, राजमल, व्यासा देवी, सतीश कुमार, कृष्ण देव, अशवनी, आशीष कुमार को खंड कमेटी का सदस्य चुना गया।

## पीएम का संदेश: डिजिटल सुरक्षा व तकनीकी आत्मनिर्भरता

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर रविवार को राष्ट्रभावना व तकनीकी जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला, जब कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। वातावरण देशभक्ति, आत्मनिर्भरता व डिजिटल सजगता के संदेश से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई 2026 के सफल आयोजन पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि वैश्विक तकनीकी नेतृत्व की ओर बढ़ता हुआ नवाचार का केंद्र बन चुका है। उन्होंने देश में विकसित हो रहे अत्याधुनिक एआई मॉडल्स, स्टार्टअप्स और युवा वैज्ञानिकों की प्रतिभा का उल्लेख करते हुए इसे 'नए भारत की बौद्धिक शक्ति' बताया। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि तकनीकी प्रगति के साथ डिजिटल सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे बढ़ते साइबर अपराधों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने नागरिकों से सजग, सतर्क और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार अपनाने का आह्वान किया। उनका संदेश था कि सुरक्षित डिजिटल भारत ही विकसित भारत की आधारशिला है। इस अवसर पर भाजपा कार्यसमिति सदस्य जय सिंह ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का मार्गदर्शन है। यह प्रत्येक नागरिक को तकनीकी आत्मनिर्भरता और डिजिटल जिम्मेदारी के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में बीएलए देवेंद्र ठाकुर, पन्ना प्रमुख अक्षय राणा, कंचन वर्मा, काजल, रतनी देवी, अक्षय कुमार, डीआर ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और विकसित भारत के संकल्प की झलक स्पष्ट दिखाई दी।



'मन की बात' कार्यक्रम को सुनते हुए कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

## पीएमएमवीवाई और एसएनपी के क्रियान्वयन पर दिए जरूरी निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एसपी कत्याल ने धर्मपुर उपमंडल कार्यालय में आयोजित बैठक में बाल विकास परियोजना धर्मपुर के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन प्रोग्राम (एसएनपी) तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

बैठक में अध्यक्ष ने बाल विकास परियोजना अधिकारी के माध्यम से सभी पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन का समुचित भंडारण और समय पर वितरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साथ ही निर्देश दिए कि लाभार्थियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप हॉट कुक्ड मील उपलब्ध कराया जाए। अध्यक्ष ने हिमफेड तथा सिविल सप्लाई विभाग के माध्यम से आईसीडीएस परियोजनाओं के लिए राशन आपूर्ति में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी परियोजनाओं को समय पर और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सिविल सप्लाई के भंडारण केंद्रों का निरीक्षण करते हुए राशन की गुणवत्ता और रख-रखाव की स्थिति का भी जायजा लिया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जहां सरकारी गोदाम उपलब्ध नहीं हैं, वहां उपयुक्त भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव भेजे जाएं, ताकि भविष्य में भंडारण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी (नागरिक) धर्मपुर जोगिंदर पटयाल, बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मपुर बालम राम तथा सिविल सप्लाई विभाग के निरीक्षक देश राज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डलहौजी में गटी सैलानियों की तादाद, पर्यटन व्यवसाय में गिरावट

अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी में पिछले कुछ वर्षों से पर्यटन व्यवसाय में लगातार गिरावट देखी जा रही है। सैलानियों की दिन-प्रतिदिन डलहौजी में कमी हो रही है। डलहौजी के टूरिस्ट प्वॉइंट, जिन्हें पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इन पर कोई जमीनी स्तर पर कार्य नहीं किया जा रहा है और पर्यटन दृष्टि से डलहौजी पिछड़ता चला जा रहा है।




डलहौजी के सेल्फी प्वॉइंट की दयनीय हालत, जहां पर्यटक तस्वीरें खिंचवाते हैं सेल्फी लेते है। वहीं, इस बोर्ड के नीचे शराब की खाली बोतले व कचरा पड़ा रहता है। इस बोर्ड की दयनीय हालत को देखकर लगता है क्या डलहौजी एक खुबसूरत व विक्सित पर्यटन स्थल है, यहां से बाहरी राज्यों से आए सैलानी क्या संदेश लेकर जाते होंगे। क्या कारण है कि डलहौजी में पर्यटक एक बार आने के बाद दोबारा घूमने के लिए नहीं आता है, बहुत सी कमियां हैं, लेकिन इस विषय पर कोई विचार-विमर्श नहीं किया जाता है, लेकिन इस पर संज्ञान लेना अति आवश्यक है। सैलानी डलहौजी बस स्टैंड पर पहुंचने पर पूछते हैं कि डलहौजी का बस स्टैंड कहां है, बस स्टैंड में शौचलय की बहुत ही बत्तर हालत है, पार्किंग की समस्या, नगर में कोई बड़ा चिल्ड्रन पार्क नहीं, बस स्टैंड, सुभाष चौक में आकर्षित मार्केट नहीं, गांधी चौक, सुभाष चौक और बस स्टैंड में हाई मास्ट लाइट नहीं, यह डलहौजी की बुनयादि जरूरतें है यह पूरी नहीं की जा रही हैं, तो अन्य की क्या बात करें। पर्यटक मैदानी क्षेत्रों से प्रदूषित वातावरण से निकल कर कुछ समय पहाड़ों की स्वच्छ हवाओं और खूबसूरत वादियों का आनंद लेने के लिए यहां आते हैं, लेकिन यहां आकर भी उन्हें मायूस ही होना पड़ता है। कारण यह कि पर्यटकों का कहना है वह लोग जिनके बंगले, कोठी डलहौजी में हैं और वह ग्रीष्म ऋतु में कई महीने डलहौजी में बिताते हैं, उनका भी कहना है कि लगभग पिछले दस वर्षों से डलहौजी का वातावरण सब बदल गया है, जिन मार्गों पर पैदल सैर करने का जो आंनद आता था अब वैसा कुछ नहीं रहा। डलहौजी में, जिसे हैरिटेज वाक कहा जाता है वह सब समाप्त होता जा रहा है।

## सेवादारों ने पानी के टैंक, बावड़ियां और मिनी सचिवालय की सफाई की

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** निरंकारी सद्गुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्म दिवस पर सफाई अभियान के तहत पब्लिक प्लेस में विश्व भर में संत निरंकारी मिशन के सेवा दार भाई बहनों ने सफाई की।

इसी कड़ी में संत निरंकारी मिशन की ब्रांच लोअर बरोट, भांबला व बलद्वाडा के सेवा दार भाई बहनों ने बलद्वाडा क्षेत्र के बाग में पानी के टैंक, जहां से चार गांवों को पानी मिलता है, उस टैंक और पास में बनी दो बावड़ीयों व मिनी सचिवालय बलद्वाडा के प्रांगण व बावड़ी को सेवादारों ने साफ किया। इस दिन सद्गुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज का जन्मदिन होता है। बाबा जी का आदेश पूरे विश्व में है सदियां सुंदर जग सुंदर अगर मानव जीवन हो सुंदर सद्गुरु का आदेश भक्ति के साथ मानवीय मूल्यों को भी कर भला हो भले के साथ मानव जीवन जीना ही मानव का धर्म है। सफाई अभियान में बलद्वाडा ग्राम पंचायत की भूतपूर्व प्रधान हंसा ठाकुर साथ रही। हंसा ने मिशन के इस अभियान की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

इस मौके पर मिशन के अनुयाई, भागीरथ मुखी बलद्वाडा, महाजन संचालक लोअर बरोट ब्रांच, किशन सिंह सैनी, सपना लोअर बरोट सुनीता ढलवान संत राम मुखी भांबला, रमेश कुमार कोषाध्यक्ष लोअर बरोट के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके बाद सत्संग का भी आयोजन किया गया। इसमें सद्गुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की शिक्षाओं को हमेशा जिंदा रखने पर जोर दिया गया। बाद में गुरु का अटूट लंगर भी खिलाया गया।

## पांगी में नाबालिग युवती के अपहरण का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पांगी क्षेत्र में एक लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, भरमौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांगी के गांव रेई निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि पांगी के ही कोठी निवासी राहुल उसकी बेटी को अपने साथ ले गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम मामले की छानबीन में जुट गई है और लड़की की तलाश के प्रयास जारी हैं। एसपी चंबा विजय सकलानी ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है तथा जल्द ही मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**MUNICIPAL CORPORATION HAMIRPUR DISTRICT HAMIRPUR (HP)**

No./MCH/E-Tender/CW/Vol-25/2025-26

**SHORT TERM NOTICE INVITING E-TENDERS**

Commissioner, Municipal Corporation, Hamirpur do hereby invites online bids on the website: https://hptenders.gov.in from the eligible contractors/firms for the works as mentioned below:-

| S. No | Description | Tender Download start Date | Tender Download End Date | Tender opening date |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Publication of E-Tender, Download Tender Document & Online Bid Submission. 2 No. of Civil works) | 23.02.2026 at 10.00 AM | 03.03.2026 till 10.00 AM | 03.03.2026 at 11.00AM Onwards |

**General Instructions:-**

1. Detailed Notice Inviting Tender Document & other related documents, terms and conditions can be downloaded from the website of Himachal Government :- https://hptenders.gov.inor can be seen at any working day in the office of Municipal Corporation Hamirpur during working hours.

**Commissioner**
**Municipal Corporation, Hamirpur (HP)**

**बुद्धिमान** मनुष्य अपनी हानि पर कभी नहीं रोते, बल्कि साहस के साथ उसकी क्षतिपूर्ति में लग जाते हैं।

-विष्णु शर्मा

## संपादकीय

# आसान शुल्क वसूली

सड़क पर यात्रा करते वक्त समय का विशेष महत्व होता है। हर व्यक्ति चाहता है कि वह अपने गंतव्य तक सुरक्षित और समय पर पहुंचे। टोल प्लाजा पर रुकना केवल कुछ सेकंड का काम नहीं होता, बल्कि कई बार यह मिनटों में बदल जाता है और त्योहारों, छुट्टियों या व्यस्त समय में यह प्रतीक्षा घंटों तक खिंच जाती है। केवल टैक्स कटाने के लिए लोगों को लंबी लाइनों में लगना पड़ता है, जिससे ईंधन की खपत बढ़ती है, तनाव पैदा होता है और यात्रा का आनंद खत्म हो जाता है। इस समस्या को देखते हुए सरकार ने नकद भुगतान समाप्त कर डिजिटल माध्यम से शुल्क वसूली को अनिवार्य करने का फैसला लिया है।

यह कदम डिजिटल इंडिया अभियान की भावना के अनुरूप है। सरकार पहले ही फास्टैग प्रणाली को लागू कर चुकी है, जिससे टोल भुगतान स्वचालित रूप से वाहन के खाते से कट जाता है। अब नकद भुगतान बंद होने से यह व्यवस्था और प्रभावी हो जाएगी। इससे टोल प्लाजा पर मानवीय हस्तक्षेप कम होगा, लेनदेन में पारदर्शिता आएगी और भ्रष्टाचार की संभावनाएं घटेंगी। नकद लेनदेन में अक्सर गड़बड़ी, विवाद और अवैध वसूली की शिकायतें सामने आती थीं, जिन्हें डिजिटल प्रणाली काफी हद तक खत्म कर सकती है।

इस फैसले का एक महत्वपूर्ण लाभ यह भी है कि इससे ईंधन की बचत होगी और प्रदूषण में कमी आएगी। टोल प्लाजा पर वाहनों को बार-बार रोकना और फिर चलाना ईंधन की अतिरिक्त खपत करता है। लंबे जाम के कारण वाहन धुआं छोड़ते रहते हैं, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। यदि वाहन बिना रुके या बहुत कम समय में टोल पार कर सकेंगे, तो इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और सड़कों पर यातायात का प्रवाह सुचारु होगा। यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम मानी जा सकती है।

सरकार की मंशा स्पष्ट रूप से लोगों की सुविधा और व्यवस्था में सुधार की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले वर्षों में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। नोटबंदी के बाद से लेकर यूपीआई और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन तक, देश को कैशलेस अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने की कोशिश लगातार जारी रही है। टोल प्लाजा पर नकद भुगतान बंद करना उसी श्रृंखला की एक कड़ी है।

हालांकि, इस फैसले के साथ कुछ चुनौतियां भी जुड़ी हैं। देश के कई हिस्सों में अभी भी डिजिटल साक्षरता पूरी तरह विकसित नहीं हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में ऐसे लोग हैं जो डिजिटल भुगतान प्रणाली का उपयोग करने में असहज महसूस करते हैं। कुछ वाहन चालकों के पास अभी भी फास्टैग नहीं है या उन्हें इसे रिचार्ज कराने में परेशानी होती है। तकनीकी खराबी, नेटवर्क समस्या या खाते में बैलेंस न होने की स्थिति में यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि हर टोल प्लाजा पर तकनीकी ढांचा मजबूत हो और किसी भी आपात स्थिति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था मौजूद रहे।

इसके अलावा, यह भी जरूरी है कि फास्टैग या डिजिटल भुगतान से जुड़े शुल्क और नियम स्पष्ट हों। कई बार उपभोक्ताओं को यह शिकायत रहती है कि गलत तरीके से राशि कट जाती है या शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया जटिल होती है। यदि नकद भुगतान पूरी तरह बंद हो जाता है, तो डिजिटल प्रणाली पर भरोसा और मजबूत करना सरकार की जिम्मेदारी होगी। एक सरल और पारदर्शी शिकायत निवारण तंत्र बनाए बिना यह फैसला पूरी तरह सफल नहीं हो सकता।

यह निर्णय समय की बचत और सुविधा के साथ-साथ अनुशासन को भी बढ़ावा देगा। लोग अब बिना रुके यात्रा कर सकेंगे और टोल प्लाजा पर होने वाले झगड़े, बहस और अव्यवस्था कम होगी। ट्रक चालक, बस यात्री और निजी वाहन चलाने वाले सभी इससे लाभान्वित होंगे। विशेष रूप से व्यावसायिक परिवहन क्षेत्र के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है, क्योंकि समय की बचत सीधे तौर पर लागत में कमी और उत्पादकता में वृद्धि से जुड़ी होती है। आर्थिक दृष्टि से भी फायदेमंद है। डिजिटल भुगतान से टोल राजस्व की चोरी रोकने में मदद मिलेगी और सरकार को सटीक आंकड़े प्राप्त होंगे। इससे सड़क निर्माण और रखरखाव के लिए अधिक संसाधन जुटाए जा सकेंगे। पारदर्शिता बढ़ने से निवेशकों का भरोसा भी मजबूत होगा और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को गति मिलेगी। ■

# स्मार्ट मीटर : बदलाव, चुनौती और भरोसे की कसौटी

बिजली के बिना जीवन असंभव सा प्रतीत होता है। हमारी रोजमर्रा की गतिविधियां-चाहे वह घरेलू काम हों, स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई, व्यवसाय और उद्योग, स्वास्थ्य सेवाएं या संचार और इंटरनेट सब बिजली पर निर्भर हैं। हिमाचल प्रदेश में आजकल पुराने बिजली मीटर बदलने का अभियान जोर-शोर से चल रहा है। पुराने मीटर तकनीकी खामियों और बिजली चोरी की वजह से उपभोक्ताओं की वास्तविक खपत का सही आंकड़ा नहीं दे पाते थे, जबकि स्मार्ट मीटर इस समस्या का बेहतर समाधान हैं। स्मार्ट मीटर तकनीकी सुधार के साथ उपभोक्ताओं के लिए पारदर्शिता, सटीक बिलिंग और बिजली चोरी पर नियंत्रण सुनिश्चित करने के माध्यम हैं। ये सीधे बिजली विभाग से जुड़े होते हैं और किसी भी अनियमित खपत या छेड़छाड़ का सिग्नल तुरंत विभाग तक पहुंच जाता है। इस प्रणाली से विभाग समय रहते कार्रवाई कर सकता है और बिजली की वास्तविक खपत सुनिश्चित हो सकती है।

बिजली हर घर की बुनियादी आवश्यकता बन चुकी है। लोग उपकरणों के माध्यम से अपनी सुविधा के अनुसार इसका उपयोग करते हैं, लेकिन ज्यादा बिल आने पर लोगों के मन में अक्सर यह सवाल उठता है कि क्या हमने वाकई इतनी बिजली खर्च कर दी? बिल अधिक आने पर उपभोक्ता विचार करते हैं कि अगली बार खपत नियंत्रित करेंगे और प्रदेश सरकार की ओर से दी जा रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा भी लेंगे ताकि बिल जीरो आए।

दरअसल, हिमाचल में बिजली चोरी एक गंभीर समस्या बन चुकी है। अगर इस पर नियंत्रण हो जाए तो यह सरकार की कमाई का बहुत अच्छा जरिया बन सकता है। पहले पुराने मीटरों की तकनीकी खामियों और अनधिकृत कनेक्शनों की वजह से बिजली की वास्तविक खपत का सही आंकड़ा नहीं मिल पाता था, लेकिन अब स्मार्ट मीटर इस समस्या को जरूर कम करेंगे, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए। स्मार्ट मीटर में किसी भी तरह की छेड़छाड़ या अनियमित खपत का सिग्नल तुरंत विभाग तक पहुंच जाता है और विभाग संबंधित उपभोक्ता पर कार्रवाई करता है। स्मार्ट मीटर के साथ उपभोक्ताओं को प्री-पेड सुविधा भी मिलेगी। इसका मतलब यह है कि उपभोक्ता अपनी जरूरत के अनुसार बिजली का रिचार्ज कर सकेंगे। हर 15 मिनट में खपत का आंकड़ा देखने से उपभोक्ता अपने बिजली उपयोग पर नियंत्रण रख पाएंगे। अगर किसी उपभोक्ता को लगता है कि उनके घर या व्यापार में बिजली अधिक खर्च हो रही है, तो वे तुरंत इसका नियंत्रण कर सकते हैं।

ध्यान रखें मीटर बदलते समय उपभोक्ता सावधानी बरतें। पुराने मीटर की अंतिम रीडिंग रिकॉर्ड करें, वीडियो बनाएं और रसीद जरूर लें। रसीद में पुराने और नए मीटर की रीडिंग दोनों का उल्लेख होना चाहिए ताकि भविष्य में कोई विवाद न हो। यह प्रक्रिया पारदर्शिता सुनिश्चित बनाएगी और उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा भी करेगी। स्मार्ट मीटर से लोड की जानकारी भी मिलती है। यदि घर में अधिक खपत वाले उपकरण जैसे एसी, गीजर, इंडक्शन, हीटर या वॉशिंग मशीन लगे हैं, तो लोड बढ़ाने की आवश्यकता होगी। यह इसलिए जरूरी है ताकि निर्धारित लोड से अधिक खपत पर पेनल्टी न लगे। पुराने मीटरों में अधिक लोड का



पता नहीं चलता था, लेकिन स्मार्ट मीटर रियल टाइम में खपत और लोड की पूरी जानकारी देते हैं। इसका फायदा यह है कि उपभोक्ता अपनी खपत के अनुसार बिजली का सही उपयोग कर सकते हैं और अनावश्यक खर्च से बच सकते हैं।

हाल ही में कुछ स्थानों पर अत्यधिक बिल आने की घटनाएं भी सामने आई हैं। उदाहरण के लिए कांगड़ा जिले के देहरा क्षेत्र के ढोंटा गांव में एक उपभोक्ता को केवल 20 दिन में 1 लाख रुपए का बिल थमा दिया गया था। जांच में यह बिल केवल 600 रुपए निकला। इसके अलावा कांगड़ा जिले के ही बग्गा, बैह और कोटला में भी उपभोक्तों को एक-एक लाख रुपए के बिल आए हैं। ऐसे मामलों से उपभोक्ताओं का भरोसा टूटा है और वे स्मार्ट मीटर लगाने में संकोच कर रहे हैं। बिजली विभाग को चाहिए कि वह उपभोक्ताओं को भरोसा दिलाए कि तकनीकी खामियों के कारण अधिक बिल नहीं वसूला जाएगा और मीटर में कोई गड़बड़ी होने पर उसे तुरंत बदल दिया जाएगा।

**यथार्थ**



**समरजीत**

स्मार्ट मीटर केवल तकनीकी उपकरण नहीं हैं, बल्कि वे उपभोक्ताओं को उनकी खपत की वास्तविक जानकारी देते हैं। ये पारदर्शिता लाते हैं और बिजली चोरी को रोकते हैं। इसके अलावा, स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता अपनी खपत के आंकड़े हर समय देख सकते हैं और रियल टाइम में बिजली की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

यह कहना गलत नहीं होगा कि स्मार्ट मीटर की तकनीकी विशेषताएं बहुत व्यापक हैं। यह उपभोक्ता को पीक लोड समय, औसत दैनिक खपत और बिजली कटौती की घटनाओं के बारे में जानकारी देता है। यह डेटा न केवल उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी है, बल्कि सरकारी नीतियों और ऊर्जा प्रबंधन के लिए भी मददगार है। स्मार्ट मीटर से विद्युत वितरण की सटीकता बढ़ती है और ऊर्जा की बचत सुनिश्चित होती है। स्मार्ट मीटर की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह बिजली चोरी की घटनाओं को काफी हद तक रोक सकते हैं। पुराने मीटरों के मुकाबले स्मार्ट मीटर में छेड़छाड़ की संभावना बहुत कम है। यदि कोई उपभोक्ता निर्धारित सीमा से अधिक बिजली खपत करता है, तो सिस्टम तुरंत अलर्ट भेजता है। विभाग इस अलर्ट के आधार पर कार्रवाई करता है। इससे पारदर्शिता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित होती है।

स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है कि वे कैसे अपनी खपत पर नियंत्रण रख सकते हैं और रियल टाइम में बिजली की जानकारी कैसे प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही समय-समय पर अपनी खपत की समीक्षा भी कर सकते हैं। बिजली विभाग को भी तकनीकी खामियों को तुरंत सुधारना चाहिए ताकि उपभोक्ताओं का भरोसा बना रहे।

स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ता अपने खपत पैटर्न को समझ सकते हैं। उदाहरण के लिए, किसी परिवार में दिन के किस समय बिजली का अधिक उपयोग होता है, किस समय पीक लोड होता है, और कौन से उपकरण ज्यादा बिजली खर्च कर रहे हैं, यह सब जानकारी स्मार्ट मीटर प्रदान करता है। इससे उपभोक्ता अपने बिजली उपयोग को संतुलित कर सकते हैं और बिल को नियंत्रित कर सकते हैं।

स्मार्ट मीटर के साथ प्री-पेड सुविधा होने से उपभोक्ता अपनी खपत के अनुसार बिजली का रिचार्ज कर सकते हैं। इससे बिजली की अनावश्यक खपत पर नियंत्रण आता है और उपभोक्ताओं को अपनी खपत के अनुसार बजट बनाने में आसानी होती है। इसके अलावा, स्मार्ट मीटर से सरकार को यह जानकारी मिलती है कि प्रदेश में कितनी बिजली उत्पादन हो रही है और कितनी बचत हो रही है।

स्मार्ट मीटर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली के वितरण और खपत में पारदर्शिता लाने में मदद करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली चोरी और अवैध कनेक्शन अधिक होते हैं। ऐसे में स्मार्ट मीटर से वास्तविक खपत का आंकड़ा पता चल जाता है। वहीं, शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ता अपने रियल टाइम खपत आंकड़े देख सकते हैं और उपयुक्त समय पर बिजली का इस्तेमाल कर सकते हैं। स्मार्ट मीटर के डेटा एनालिटिक्स का उपयोग सरकारी ऊर्जा नीतियों में भी किया जा सकता है। पीक लोड समय, औसत खपत और क्षेत्रीय खपत पैटर्न का विश्लेषण करके ऊर्जा उत्पादन और वितरण को बेहतर बनाया जा सकता है। यह ऊर्जा संरक्षण के उपायों को प्रभावी बनाने में मदद करेगा और उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिलों में बचत का अवसर भी प्रदान करेगा।

स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को अपनी खपत का मासिक और वार्षिक विश्लेषण करने का अवसर मिलता है। वे देख सकते हैं कि कौन से उपकरण ज्यादा बिजली खा रहे हैं और किस समय बिजली अधिक खर्च हो रही है। इससे वे अपने उपयोग को नियंत्रित कर सकते हैं और ऊर्जा बचत कर सकते हैं। भविष्य में स्मार्ट मीटर और डिजिटल बिलिंग का मिश्रण बिजली वितरण व्यवस्था को और अधिक स्मार्ट बनाएगा। यह उपभोक्ताओं को अपनी खपत का पूर्ण नियंत्रण देगा और सरकारी नीतियों के अनुसार ऊर्जा प्रबंधन को आसान बनाएगा। स्मार्ट मीटर से ऊर्जा बचत, चोरी रोकने, और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। स्मार्ट मीटर की सटीकता, पारदर्शिता और डेटा संग्रह क्षमता इसे केवल तकनीकी उपकरण नहीं, बल्कि ऊर्जा प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाती है। उपभोक्ता अपनी खपत पर नियंत्रण रख सकते हैं, बिजली चोरी रोक सकते हैं और वास्तविक समय में अपने खर्च का विश्लेषण कर सकते हैं। स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली विभाग उपभोक्ताओं के साथ संवाद स्थापित कर सकता है, उन्हें खपत के पैटर्न समझा सकता है और तकनीकी खामियों को तुरंत सुधार सकता है। यह बिजली वितरण प्रणाली को मजबूत और उपभोक्ता अनुकूल बनाता है। स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं की जागरूकता बढ़ती है। वे अपने खपत पैटर्न को समझते हैं और समय-समय पर अपने उपयोग को संतुलित करते हैं। इससे न केवल बिल कम आते हैं बल्कि ऊर्जा की बचत भी होती है।

स्मार्ट मीटर केवल तकनीकी सुधार का साधन नहीं हैं, बल्कि यह उपभोक्ताओं और सरकार के बीच भरोसे का सेतु भी हैं। ये मीटर उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत की वास्तविक जानकारी प्रदान करते हैं, जिससे वे अपने उपयोग को नियंत्रित कर सकते हैं और अनावश्यक खर्च से बच सकते हैं। इससे बिजली वितरण प्रणाली अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और विश्वसनीय बनती है।

बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि स्मार्ट मीटर ऊर्जा प्रबंधन, उपभोक्ता जागरूकता और सरकारी नीतियों के क्रियान्वयन में भी अहम भूमिका निभाएंगे। यदि सरकार पारदर्शिता, त्वरित समाधान और उपभोक्ता संवाद बनाए रखे, तो स्मार्ट मीटर हिमाचल प्रदेश की बिजली वितरण प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार ला सकते हैं। यह उपकरण केवल तकनीक का प्रतीक नहीं बल्कि सुविधा, सुरक्षा और भरोसे का भी प्रतीक हैं। स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता अपने बिजली उपयोग को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे, बिजली बचत करेंगे और वितरण व्यवस्था को मजबूत बनाएंगे। कुल मिलाकर, स्मार्ट मीटर तकनीक और भरोसे का मिश्रण बनकर प्रदेश के लिए एक स्थायी लाभ सुनिश्चित करते हैं।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

## अनंत ज्ञान — आज की प्रमुख हस्ती

# भारत के प्रसिद्ध जादूगर

**पीसी सरकार** (पूरा नाम: प्रोतुल चंद्र सरकार) भारत के विश्वविख्यात जादूगर थे, जिन्होंने भारतीय जादू को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाई।



**पीसी सरकार**
**जन्म :** 23 फरवरी, 1913
**मृत्यु :** 6 जनवरी, 1971

उनका जन्म 23 फरवरी 1913 को तंगैल (तत्कालीन बंगाल) में हुआ था। वे जादूगरों की सातवीं पीढ़ी से संबंध रखते थे और कम उम्र से ही जादू की कला में दक्ष हो गए थे।

1930 के दशक में कोलकाता और जापान में उनके शो ने उन्हें लोकप्रिय बना दिया। उनका प्रसिद्ध मंच-प्रदर्शन 'इंद्रजाल' (The Magic of India Show) 1955 में पेरिस में आयोजित हुआ, जिसने पश्चिमी देशों में भारतीय जादू की छवि बदल दी। उन्होंने अपने शो में भव्य मंच सज्जा, आकर्षक प्रकाश प्रभाव और बड़े उपकरणों का प्रयोग किया। उनकी 'लड़की को हवा में उड़ाना' और 'आरी से काटने' जैसी प्रस्तुतियां अत्यंत चर्चित रहीं।

9 अप्रैल 1956 को ब्रिटेन के चर्चित टीवी कार्यक्रम Panorama में उनके एक जादुई प्रदर्शन ने सनसनी फैला दी। दर्शकों को लगा कि उन्होंने लाइव टीवी पर एक लड़की की हत्या देख ली है, जिसके बाद बीबीसी कार्यालय में सैकड़ों फोन कॉल आए। इस घटना ने उन्हें ब्रिटेन में अपार प्रसिद्धि दिलाई और उनके ड्यूक ऑफ यॉर्क थिएटर के शो के टिकट तेजी से बिक गए।

भारत सरकार ने उनकी उपलब्धियों के लिए 26 जनवरी 1964 को उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया। उन्हें 'जादू सम्राट' की उपाधि भी दी गई। 23 फरवरी 2010 को भारतीय डाक ने उनके सम्मान में 5 रुपए का डाक टिकट जारी किया। उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखीं, जिनमें आपके लिए जादू (1965), आपके लिए अधिक जादू (1965), जादू का इतिहास (1970) और Indian Magic (1983) प्रमुख हैं। 6 जनवरी 1971 को जापान के असाहिकावा में शो के बाद दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। ■

## कविता — कैसा है यह मन मंदिर



अनंत ज्ञान
**वीरेन्द्र शर्मा वात्स्यायन**
**ऊना (हिमाचल प्रदेश)**

**कैसा** है यह मन मंदिर, मनभावन चित्र खींचता
कभी इधर कभी उधर, मन मधुर गीत गुनगुनाता
मन रूपी कलम किताब लेकर, न जाने क्या लिखता रहता है
पंछी बन आसमान में स्वछंद, उड़ान भरता रहता है
कैसा है मन मंदिर ....बीते स्वप्नों में खोकर न
जाने क्या खोजता रहता है, अनजान बन कर भी यह
इधर उधर घूमता रहता है, नहीं ठौर ठिकाना क्षण में इसका
इधर-उधर आता जाता रहता है, अपने ही ख्यालों में खोकर यह
समय की इबारत पढ़ता रहता है, अपने ही मन में खोया रहता यह
कैसा है यह मन का मंदिर......पता नहीं क्या सोचता रहता है
न जाने किन स्वप्नलोक में विचर, कलम किताब दावात लेकर
क्या क्या लिखता रहता है कैसा है यह मन का मंदिर ......

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# पंचपुला : आजादी के परवाने सरदार अजीत सिंह की स्मृतियों का पावन स्थल



**तुलसी राम डोगरा**
**स्वतंत्र लेखक, पालमपुर**
अनंत ज्ञान

भारत की स्वतंत्रता अनगिनत वीर सपूतों के त्याग, तपस्या और बलिदान का परिणाम है। अंग्रेजी हुकूमत की दमनकारी नीतियों, आर्थिक शोषण और राजनीतिक अन्याय ने देश को जकड़ रखा था। भूमि बंदोबस्त की कठोर व्यवस्थाओं ने किसानों को कर्ज और निर्धनता में धकेल दिया, हस्तशिल्प उद्योग मशीनों से बने विदेशी कपड़ों के कारण नष्ट होने लगे, और देशी रियासतों के विलय से अनेक सैनिक बेरोजगार हो गए, परंतु इन अत्याचारों के बावजूद भारतीय युवाओं का उत्साह और देशभक्ति कम न हुई। वे 'वंदे मातरम्' के उद्घोष के साथ स्वतंत्रता की लौ जलाए रहे।

इसी बलिदानी परंपरा में एक तेजस्वी नाम है सरदार अजीत सिंह का, जो शहीद-ए-आजम भगत सिंह के चाचा थे। उनका जन्म 23 फरवरी 1881 को पंजाब के खटकला (वर्तमान नवांशहर) में हुआ। उनके पिता सरदार अर्जन सिंह और माता जयकौर सादगी व राष्ट्रप्रेम के संस्कारों से ओत-प्रोत थे। अजित सिंह ने सुख-सुविधाओं का जीवन त्यागकर राष्ट्रसेवा का मार्ग चुना।

ब्रिटिश सरकार के 'कालोनाइजेशन एक्ट' जैसे दमनकारी कानूनों के विरोध में उन्होंने लाला लाजपत राय के साथ मिलकर किसानों का नेतृत्व किया। उनका प्रसिद्ध नारा 'पगड़ी संभाल ओ जट्टा' पंजाब में जनांदोलन का प्रतीक बन गया। ब्रिटिश सरकार ने उन्हें निर्वासन झेलने पर मजबूर किया, परंतु उनका संकल्प अडिग रहा।

बाद में वे दक्षिण-पूर्व एशिया में स्वतंत्रता संग्राम की गतिविधियों से भी जुड़े और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में गठित इंडियन नेशनल आर्मी के प्रयासों का समर्थन किया। उनका जीवन राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए निरंतर संघर्ष का पर्याय बन गया। 14 अगस्त 1947 को जब उन्होंने भारत की स्वतंत्रता का समाचार सुना तो कहा-'मेरा



जीवन-ध्येय पूरा हुआ।' 15 अगस्त 1947 की प्रात: उन्होंने अंतिम सांस ली।

हिमाचल प्रदेश के डलहौजी से लगभग 2.5 किलोमीटर दूर स्थित पंचपुला एक रमणीय स्थल है, जहां सरदार अजित सिंह की समाधि बनी हुई है। 'पंचपुला' नाम यहां बहने वाली पांच धाराओं पर बने पांच पुलों के कारण पड़ा। यह स्थल केवल एक पर्यटन केंद्र नहीं, बल्कि देशभक्ति का तीर्थ है। समाधि परिसर में स्थापित उनकी भव्य प्रतिमा हर आगंतुक को नतमस्तक होने को प्रेरित करती है। हरे-भरे वृक्षों, कल-कल बहती जलधाराओं और शांत वातावरण के बीच स्थित यह स्मारक स्वतंत्रता संग्राम की अमर गाथा सुनाता प्रतीत होता है। रात्रि के समय जब प्रकाश की किरणें समाधि पर पड़ती हैं, तो वातावरण अलौकिक हो उठता है। समीप स्थित जलाशय और प्राकृतिक दृश्य इसकी सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। यहां सैलानी बोटिंग का आनंद लेते हैं तथा आसपास बने आधुनिक कैफे और सुविधाएं पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। पंचपुला से लगभग 750 मीटर दूर पहाड़ी पर स्थित काली माता मंदिर भी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र है, जो इस स्थल की आध्यात्मिक गरिमा को और बढ़ाता है। दूसरी ओर, पंचपुला का जलाशय यहां की खूबसूरती को चार चांद लगा देता है, सैलानी इसमें बोटिंग करते हुए भी दिखाई देते हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए खिलौनानुमा सैरपट दौड़ती मोटर-जीप व बैलून स्लाइडर के रोमांचित नजारे तो देखते ही बनते हैं। अपनी आभा के कारण पंचपुला देश-विदेश के पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र है। चारों ओर से घिरे इस समाधि स्थल पर आप बड़ी सुगमता के साथ अदुभुत कुदरती नजारों के दृश्यों का अवलोकन भी कर सकते हैं।

जब भी आप चंबा आएं तो डलहौजी के पंचपुला के दीदार अवश्य करें क्योंकि यह आजादी के परवाने और राष्ट्र भक्त सरदार अजीत सिंह की स्मृतियों को संजोए हुए है। यहां दिल्ली से पठानकोट तक रेल-बस मार्ग से पहुंच सकते हैं, वहीं दिल्ली से पठानकोट व कांगड़ा तक फ्लाइट से भी पहुंचा जा सकता है। पठानकोट- कांगड़ा से आप टैक्सी-बस द्वारा डलहौजी के दीदार करते हुए पंचपुला पहुंचा जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# दहेज प्रथा : सामाजिक कुरीति से मानवीय त्रासदी तक



**डॉ. पीसी कौंडल**
**वरिष्ठ साहित्यकार**
**गांव ददोह, तहसील बल्ह (मंडी)**
अनंत ज्ञान

भारतीय समाज में विवाह को एक पवित्र संस्कार माना गया है। लगभग पचास-साठ वर्ष पूर्व तक शादियां सादगीपूर्ण रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न होती थीं। लड़के वाले, लड़की के घर जाकर प्रस्ताव रखते, परिवारों के बीच सहमति बनती और फिर सहज वातावरण में विवाह हो जाता।

विदाई के समय माता-पिता अपनी सामर्थ्य के अनुसार बेटी को कुछ घरेलू सामान और उपहार प्रेमपूर्वक दे देते थे। यह लेन-देन स्नेह और आशीर्वाद का प्रतीक होता था, न कि किसी प्रकार का दबाव। समय के साथ यह परंपरा विकृत रूप लेने लगी। स्वेच्छा से दिए जाने वाले उपहार धीरे-धीरे 'दहेज' की अनिवार्य मांग में बदल गए। लड़के पक्ष द्वारा महंगे सामान, नकद धनराशि, वाहन और संपत्ति की मांग की जाने लगी। यह मांग कई बार इतनी अधिक होती है कि लड़की के माता-पिता के लिए उसे पूरा करना असंभव हो जाता है। सामाजिक प्रतिष्ठा और तय हो चुके रिश्ते की चिंता के कारण वे कर्ज लेने, गहने गिरवी रखने या संपत्ति बेचने तक को मजबूर हो जाते हैं।

दहेज प्रथा आज एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुकी है। विवाह के बाद भी अनेक परिवारों में अतिरिक्त दहेज की मांग जारी रहती है। मांग पूरी न होने पर नवविवाहिता को मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न सहना पड़ता है। कई मामलों में मारपीट, प्रताड़ना और यहां तक कि हत्या जैसी भयावह घटनाएं भी सामने आती हैं। यह स्थिति न केवल मानवता के लिए शर्मनाक है, बल्कि हमारी सामाजिक संवेदनहीनता का भी परिचायक है। दहेज की समस्या का मूल कारण समाज में व्याप्त लोभ, दिखावा और गलत सामाजिक मान्यताएं हैं। विवाह को प्रतिष्ठा और लेन-देन का माध्यम बना दिया गया है। लड़के को 'कमाऊ पूंजी' मानकर



उसके बदले धन की मांग करना अत्यंत अमानवीय और निंदनीय है। यह सोच नारी के सम्मान और समानता के सिद्धांतों के विरुद्ध है। इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कानून के स्तर पर दहेज निषेध अधिनियम मौजूद है, परंतु उसका कठोर और प्रभावी पालन भी जरूरी है। दोषियों को सख्त सजा मिले, तभी समाज में भय उत्पन्न होगा। साथ ही, सामाजिक जागरूकता अभियान चलाकर लोगों की मानसिकता बदलनी होगी। विद्यालयों और महाविद्यालयों में नैतिक शिक्षा के माध्यम से युवाओं को दहेज विरोधी सोच के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण भूमिका युवा पीढ़ी की है। यदि युवक स्वयं यह संकल्प लें कि वे दहेज नहीं लेंगे और उनके परिवार भी इसका समर्थन करें, तो यह कुप्रथा स्वत: कमजोर पड़ जाएगी। माता-पिता को भी यह निर्णय लेना होगा कि वे अपनी बेटियों का विवाह केवल उन परिवारों में करेंगे जहाँ दहेज की मांग न हो। समाज को ऐसे परिवारों का सम्मान करना चाहिए जो बिना दहेज के विवाह संपन्न करते हैं। बेटियां बोझ नहीं, बल्कि परिवार और समाज की शक्ति हैं। उन्हें शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना ही सच्चा समाधान है। जब नारी आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त होगी, तब दहेज जैसी कुरीतियां स्वत: समाप्त हो जाएंगी।

अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर दहेज रूपी इस अभिशाप को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लें, ताकि कोई भी बेटी लोभ और लालच की भेंट न चढ़े और हर घर में विवाह स्नेह, सम्मान और समानता का उत्सव बने।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## देव समागम...



प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी मंडी में सात दिनों तक चले अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के समापन से पूर्व 'चौहटे री जातर' में कतारबद्ध विराजमान देवी-देवता और अपने-अपने आराध्य के दर्शन करती श्रद्धालुओं की भीड़। अनंत ज्ञान

## एक दिन और दस देवता


















# श्रीराज माधव राय की जलेब के साथ देव कारज पूर्ण

### ताराात्रि से शुरू हुई देव परंपराएं निर्विघ्न संपन्न, अलग-अलग वेशभूषा में देव रथों ने मोहा मन, देवी-देवताओं ने दिया मंडी रियासत को आशीर्वाद

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** श्रीराज माधव राय की अंतिम जलेब के साथ महाशिवरात्रि के सभी देव कारज पूर्ण हो गए। लगभग एक माह पूर्व ताराात्रि से शुरू हुए देव कारज रविवार को बाबा भूतनाथ, श्यामाकाली माता व बड़ा देव कमरूनाग की पूजा अर्चना के साथ संपन्न हो गए। देव कारज के अंतिम दिन चौहटा की जातर, देवी देवताओं को नजराना, देव परंपराओं का निर्वहन, ऋषि पराशर द्वारा रात्रि जाग में मंडी रियासत को सुरक्षा कवच प्रदान करना व देव आदि ब्रह्मा द्वारा कार बांधने की प्रक्रिया संपन्न होने व अतिथि सत्कार के साथ देव कारज पूर्व रूप से संपन्न हो गए। आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत सी परंपराओं के निर्वहन करने पर मंडी रियासत एक वर्ष के लिए अभेद्य दुर्ग बन गई है। अगले वर्ष पुनः देवी देवता बाबा भूतनाथ की बरात में शिरकत करने छोटी काशी मंडी पहुंचेंगे और पुनः सभी धार्मिक प्रक्रियाओं का निर्वहन करेंगे। बता दें कि देव छांजणु और देव छमाहू ने जलेब में सबसे आगे चलकर दुष्ट शक्तियों का संहार किया और मंडी रियासत का मार्ग प्रशस्त किया। शक्ति संपन्न दोनों ही देवता अपने देवलुओं द्वारा वाद्य यंत्रों की थाप पर नृत्य करते हुए पड्डल मैदान की ओर बढ़ रहे थे। बाद इसके कतारबद्ध एक के बाद एक देवता जलेब की शोभा बढ़ा रहे थे। विष्णु मतलोड़ा, विट्ठू नारायण सहित शैटीनाग, शुकदेव ऋषि, मार्कंडेय ऋषि, देव मगरू महादेव, देव चपलांदू नाग, बायला नारायण, देव हुरंग नारायण, घडौणी नारायण, देव पशाकोट, देव पेखरू गहरी, देव चुंजवाला शिव जलेब की शोभा बढ़ाते हुए पड्डल मैदान पहुंचे। पड्डल की चानणी में देवताओं सहित श्रीराज माधव राय ने लोगों को दर्शन दिए। इस दौरान मेले में शिरकत करने आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रीराज माधव राय के आगे शीश नवाया। कुछ समय पड्डल की चानणी में विराजमान होने के उपरांत श्रीराज माधव राय मंदिर लौट आए।



श्रीराज माधव राय के दरबार में हाजिरी भरते देवी-देवता। अनंत ज्ञान

### महाशिवरात्रि केसरी का खिताब अर्शदीप के नाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि मेले के अंतर्गत 20 से 22 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय कुश्ती दंगल में रोमांचक मुकाबलों के बीच शिवरात्रि भारत केसरी (खुली श्रेणी) का खिताब अर्शदीप ऊना ने 55,000 रुपए की पुरस्कार राशि के साथ अपने नाम किया, जबकि नवीन मंडी 45,000 की राशि के साथ उपविजेता रहे। इस वर्ष दंगल में विशेष रूप से हिमाचल कुमार (21 वर्ष) तथा मंडी कुमार (17 वर्ष) वर्ग के प्रतिभागियों के लिए अलग-अलग खिताब निर्धारित किए गए थे तथा कुल चार प्रकार के खिताबों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। हिमाचल कुमार (21 वर्ष वर्ग) में यासिन (चंबा) ने 27,000 रुपए की राशि के साथ विजेता का खिताब जीता, जबकि धीरज धवाल (सुंदरनगर) 23,000 रुपए के साथ उपविजेता रहे। दंगल के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उप महानिरीक्षक, सेंट्रल रेंज मंडी राहुल नाथ ने शिरकत कर विजेताओं को सम्मानित किया।




### जयराम ठाकुर ने अधिष्ठात्री देवी माता टारना व बड़ा देव कमरूनाग के दरबार में नवाया शीश



जयराम ठाकुर को सम्मानित करते हुए गणमान्य। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव का समापन अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक भव्यता के साथ संपन्न हुआ, जिसमें बतौर मुख्यातिथि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और विशेष अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शिरकत की। महोत्सव के अंतिम दिन का आगाज नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा अत्यंत आध्यात्मिक वातावरण में किया गया, जहां उन्होंने सुबह सबसे पहले अधिष्ठात्री देवी माता टारना और बड़ा देव कमरूनाग के दरबार में शीश नवाया और विशेष पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात, पारंपरिक 'जलेब' (शाही शोभायात्रा) के प्रस्थान से पूर्व जयराम ठाकुर ने मंडी के आराध्य देव राज माधव राय के मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा में भाग लिया और देव परंपराओं का निर्वहन किया। दोपहर बाद जब अंतिम भव्य जलेब निकाली गई, तो राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और जयराम ठाकुर एक साथ इस रथ यात्रा के साक्षी बने। इस दौरान उन्होंने चौहट्टा बाजार स्थित ऐतिहासिक बाबा भूतनाथ के मंदिर में भी दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। यह विशाल शोभायात्रा ढोल-नगाड़ों, नरसिंगों और करनाल की मधुर ध्वनियों के बीच पूरे शहर की परिक्रमा करते हुए वापस पड्डल मैदान पहुंची, जहां राज्यपाल ने विधिवत रूप से इस सात दिवसीय मेले के समापन की घोषणा की। समापन समारोह के इस ऐतिहासिक अवसर पर जयराम ठाकुर के साथ उनकी धर्मपत्नी डॉ. साधना ठाकुर, सदर विधायक अनिल शर्मा, विधायक विनोद कुमार, इंद्र सिंह गांधी, चंद्रशेखर, पूर्ण चंद, दिलीप ठाकुर, दीपराज और नगर निगम मंडी के मेयर वीरेंद्र भट्ट सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिन्होंने इस देव मिलन के साक्षी बनकर अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान प्रकट किया।

# देव आदि ब्रह्मा ने बांधी कार, मंडी की रियासत को प्रदान किया सुरक्षा कवच

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के समापन अवसर पर ठीक 18 घड़ी पहले देव आदि ब्रह्मा ने मंडी रियासत की परिक्रमा कर कार बांधी। बता दें कि यह प्रथा प्राचीन काल से चलती आ रही है, जिसका आज भी वैसे ही पालन किया जाता है जैसे राजतंत्र के समय किया जाता था। देवता परिक्रमा करने के दौरान आटा फैंकते हुए कार बांधते हैं और अगले वर्ष तक लोगों को सुरक्षा प्रदान करते हैं।

सर्व देवता समिति प्रधान शिव शर्मा ने बताया कि हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि मेला के समापन पर देव आदि ब्रह्मा मंडी शहर की परिक्रमा लगाते हैं और सुरक्षा कार बांधते हैं। कार बांधने का कार्य ऐतिहासिक सिद्ध काली मंदिर से शुरू होकर रणेश्वर महादेव से होते हुए बंगला मुहल्ला से होते हुए पुनः सेरी मंच पहुंचते हैं। इस दौरान देवता के पुजारी देवली आटा हवा में उछालते हैं। मान्यता है कि आटे के माध्यम से देवता सुरक्षा दीवार लगाते हैं। देव आदि ब्रह्मा द्वारा लगाए गए इस सुरक्षा कवच को कोई भी दुष्ट शक्ति भेद नहीं पाती है, इसके साथ ही आधी-व्याधि भी इसके लगाने के बाद एक वर्ष तक रियासत में नहीं फैलती है।



वाद्य यंत्रों की धुनों पर नृत्य करते हुए गुर। अनंत ज्ञान

◆ **सदियों पुरानी परंपरा का आज भी हो रहा निर्वहन**

### तलवारों के बीच जीभ

**सेरी** मंच पर देवता के तीन गुर वाद्य यंत्रों की धुनों पर नृत्य करते हैं और विभिन्न प्रकार का करतब दिखा कर सबको हैरान कर देते हैं। इस दौरान तलवारों के बीच जीभ रखी जाती है और यह दृश्य अद्भुत होने के साथ हैरान और कोतुहल पैदा करने वाला होता है, जिसे विदेश से आए पर्यटक विशेष रूप से कवर करने के लिए आते हैं।

# चौहटा की जातर में आए सैकड़ों देवी-देवता

### मेला समिति की ओर से डीसी अपूर्व देवगन ने देवी-देवताओं को नजराना किया भेंट

◆ **प्राचीन काल से बाबा भूतनाथ के प्रांगण में लगती है जातर**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के समापन से ठीक पहले बाबा भूतनाथ के प्रांगण में चौहटा की जातर लगी, जिसमें 200 से अधिक देवी-देवताओं ने भाग लिया। वहीं मंडी जनपद के आराध्य देव कमरूनाग सेरी मंच पर लोगों को दर्शन देने के लिए विराजमान रहे। अपने आराध्य देव कमरूनाग के दर्शनों के लिए सेरी मंच पर सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ लगी रही।

मेला समिति की ओर से उपायुक्त अपूर्व देवगन ने देवी-देवताओं को नजराना भेंट किया। लोगों ने यहां क्रमबद्ध बैठे हुए देवताओं को धूप, खील पतासे चढ़ा कर आशीर्वाद लिया और अगले वर्ष पुनः आने का वचन अपने-अपने आराध्य देवों से लिया। बता दें कि चौहटा की जातर में देवी-देवता के शामिल होने की प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है। इसके पश्चात सभी देवी-देवताओं ने अपने-अपने हरियानों के साथ श्रीराज माधव राय के दरवार में हाजिरी भरी और कुछ देवताओं के देवलुओं ने नाटी भी डाली।

सर्व देवता सेवा समिति के अध्यक्ष शिवपाल शर्मा ने कहा कि चौहटा की चातर निर्विघ्न संपन्न हुई है। देव समाज ने प्रशासन के साथ सहयोग किया और सारे कार्य निर्विघ्न संपन्न हुए हैं। हालांकि चौहटा में बैठने के लिए स्थान कम है, लेकिन फिर भी यहां 200 से अधिक देवताओं ने शिरकत की है। अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के संपन्न होते ही देवी-देवता अपने-अपने देवालयों के लिए रवाना हो गए तथा कुछ सोमवार को रवाना होंगे।



अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के सफल आयोजन पर राजमहल स्थित मंदिर में आशीर्वाद लेते उपायुक्त अपूर्व देवगन। अनंत ज्ञान

# खतरे की जद में पपलोग बैली पुल की नींव

### विभाग ने सुध नहीं ली तो गिर सकता है पुल, वर्ष 2000 में हुआ था उद्घाटन, रखरखाव पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर की ग्राम पंचायत पपलोग में जंधरौल खंड के ऊपर बने बैली पुल की विभाग ने सुध नहीं ली तो बारिशों में ना सिर्फ नींव ध्वस्थ हो सकती हैं बल्कि, पुल भी गिर सकता है।

इस पुल की एक तरफ की नींव खंड में ज्यादा पाने आने की वजह से वर्तमान पानी की स्तर से ऊपर दिखती नजर आ रही हैं। पुल का उद्घाटन तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री व विधायक महिंद्र सिंह ठाकुर ने 1 सितंबर, 2000 को किया था, लेकिन लग रहा है, तब से अब तक किसी भी विधायक, मंत्री या अधिकारियों ने इस पुल की देख रख के लिए कोई खाद कदम नहीं उठाए। धाड़ता क्षेत्र से संबंध रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व प्रत्याशी सरकाघाट विस रमेश चंद भारद्वाज ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से आग्रह किया है कि वो, लोक निर्माण विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश करवा कर इस पुल की वर्तमान गुणवत्ता का प्रमाणपत्र दिलवाने, पुल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और इस पुल के पैरलल दूसरा पुल बनाने का आग्रह किया, जिससे किसी तरह की अनहोनी उत्पन न हो।




खतरे की जद में पपलोग बैली पुल की नींव। अनंत ज्ञान

# दियारगी में 1 मार्च को मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक दौरा

### तैयारियां जोरों पर, विभिन्न कमेटियों का गठन, विश्राम गृह बग्गी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की बैठक

अनंत ज्ञान

**बग्गी।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के दियारगी में 1 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का एक दिवसीय दौरा प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है तथा तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति जन जाति विकास निगम के चेयरमैन लाल सिंह कौशल ने दी। उन्होंने बताया कि दौरे को सफल बनाने के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन कर जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं से लेकर स्वागत एवं सुरक्षा प्रबंधों तक सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रविवार को विश्राम गृह बग्गी में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के भव्य स्वागत और कार्यक्रम की सफलता के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री अपने दौरे के दौरान क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों की समीक्षा कर सकते हैं तथा जनता को कई सौगातें भी दे सकते हैं। उनके आगमन को लेकर दियारगी और आसपास के क्षेत्रों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बैठक में सिधु राम भारद्वाज, बलदेव ठाकुर, संजू डोगरा, अजय आनंद, चिंत राम शास्त्री सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बग्गी में कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक करते हुए। अनंत ज्ञान

# स्वामी सुग्रीवानंद महाराज तप, त्याग साधना की सजीव प्रतिमूर्ति : मुकेश

अनंत ज्ञान

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रविवार को ऊना जिले के नारी स्थित डेरा बाबा श्री रुद्रानंद आश्रम पहुंचकर ब्रह्मलीन वेदांताचार्य स्वामी श्री सुग्रीवानंद जी महाराज के प्रथम वार्षिक श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लिया तथा श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उन्होंने पूज्य संत की आध्यात्मिक विरासत को स्मरण करते हुए कहा कि स्वामी सुग्रीवानंद जी महाराज तप, त्याग और साधना की सजीव प्रतिमूर्ति थे। उनका समूचा जीवन लोककल्याण व आध्यात्मिक उत्थान को समर्पित रहा, जो समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उपमुख्यमंत्री ने आश्रम के अधिष्ठाता स्वामी हेमानंद जी महाराज के गद्दीनशीनी समारोह में भी सहभागिता की तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्वामी हेमानंद जी महाराज के मार्गदर्शन में आश्रम आध्यात्मिक चेतना, सेवा व जनकल्याण के कार्यों को नई दिशा और ऊंचाइयां प्रदान करेगा। अग्निहोत्री ने कहा कि स्वामी सुग्रीवानंद महाराज चारों वेदों के प्रकांड ज्ञाता और विरले संत थे। उनके ब्रह्मलीन होने पर समूचा प्रदेश शोकाकुल हो उठा था।



गद्दीनशीन आचार्य हेमानंद महाराज जी के साथ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधायक विवेक शर्मा और अन्य। अनंत ज्ञान

उनके सम्मान में राजकीय आदर के साथ अंतिम संस्कार सम्पन्न किया गया तथा ऊना जिले में अवकाश घोषित किया गया, जो उनके प्रति सरकार और समाज की गहरी श्रद्धा का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि संत परंपरा भारतीय संस्कृति की आधारशिला है, जो समाज को नैतिक मूल्यों, सेवा भावना और सद्भाव का मार्ग प्रशस्त करती है। हिमाचल देवभूमि है और प्रदेश सरकार धार्मिक एवं आध्यात्मिक संस्थाओं के संरक्षण तथा सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान आश्रम परिसर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा, पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष देशराज गौतम सहित धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र की अनेक गणमान्य हस्तियां तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिक सभागार पर बुलडोजर का खतरा, नप के फैसले से बिलासपुर में रोष

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** बिलासपुर के ऐतिहासिक वरिष्ठ नागरिक सभागार को लेकर शहर में भारी आक्रोश पनप रहा है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद प्रशासन इस भवन को 'असुरक्षित' बताते हुए गिराकर उसकी जगह क्वार्टर निर्माण की योजना बना रहा है, जैसे ही यह बात सार्वजनिक हुई, शहर के वरिष्ठ नागरिकों और स्थानीय लोगों में तीखा विरोध शुरू हो गया है। वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि यह भवन केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि उनकी सामाजिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक स्मृतियों का केंद्र है।

यहां वर्षों से बैठकें, सांस्कृतिक कार्यक्रम व सामाजिक गतिविधियां होती रही हैं, ऐसे में इसे गिराने का निर्णय शहरवासियों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। सूत्रों के अनुसार सोमवार को एसडीएम व नगर परिषद की ईओ मौके पर पहुंचकर भवन की स्थिति का जायजा लेंगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि 'बाहर से आने वाले अधिकारियों को बिलासपुर के दर्द व इतिहास की समझ नहीं है। हमने क्या खोया है व कितना खोया है, यह हमसे बेहतर कोई नहीं जानता। रही-सही कसर अब ऐसे मनमाने फैसले पूरी कर रहे हैं।' लोगों ने नगर परिषद के पूर्व निर्णयों पर भी सवाल उठाए हैं। नगर परिषद विश्राम गृह के साथ बनाई गई पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी असंतोष व्यक्त किया जा रहा है। नागरिकों का आरोप है कि उस परियोजना का भी 'बेड़ा गर्क' कर दिया गया और अब एक और विरासत को खत्म करने की तैयारी है। वरिष्ठ नागरिकों ने साफ चेतावनी दी है कि बिना व्यापक जनसुनवाई व वैकल्पिक व्यवस्था के यदि भवन को गिराने की कार्रवाई की गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने से भी पीछे नहीं हटेंगे, अब सबकी निगाहें सोमवार को होने वाले निरीक्षण पर टिकी हैं। देखना यह है कि प्रशासन जनता की भावनाओं का सम्मान करता है या फिर फैसले की आड़ में एक और विरासत इतिहास बन जाएगी।



# कन्या पाठशाला बंद करने पर भाजपा का सरकार को अल्टीमेटम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर परिषद बिलासपुर के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा जिला प्रवक्ता कमल गौतम ने वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला को बंद किए जाने के निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए प्रदेश सरकार की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इस स्कूल में शहर व आसपास की पंचायतों की सैकड़ों छात्राएं पढ़ती हैं, ऐसे में इसे बंद करना उनके भविष्य से खिलवाड़ है। यदि तुरंत बहाली के आदेश जारी नहीं किए गए, तो भाजपा आंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में नए संस्थान खोलने के बजाय पूर्व सरकार द्वारा खोले गए संस्थानों पर ताले लगाए हैं। एम्स में जल शक्ति विभाग का डिविजन कार्यालय, हरलोग उपतहसील, बरमाणा पीएचसी, कुठेड़ा जल शक्ति सब-डिविजन सहित कई संस्थान बंद किए जा चुके हैं। वर्ष 1971 से संचालित एमएंडटी सर्कल को हमीरपुर भेज दिया गया तथा 28 प्राइमरी और मिडल स्कूल भी बंद कर दिए गए। कमल गौतम ने कहा कि मई 2025 में बिलासपुर गर्ल्स आईटीआई भी बंद कर दी गई थी, जिसकी अब तक बहाली नहीं हुई है, अब कन्या पाठशाला बंद कर प्रिंसिपल को रिलीव कर शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय में भेज दिया गया है।

# पंडोगा की उतराई पर पलटा पंजाब का ट्रक, सामान का हुआ नुकसान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** पंडोगा-होशियारपुर रोड पर नजद कंग ढाबा के समीप बनखंडी की खतरनाक उतराई पर एक ट्रक के पलटने का मामला सामने आया है। हादसे में चालक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि ट्रक में लदा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 3:55 बजे कंट्रोल रूम ऊना को सूचना मिली कि एक सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम, जिसमें मुख्य आरक्षी संजीव कुमार और आरक्षी शबीर मोहम्मद शामिल थे, मौके पर रवाना हुई और मामले की जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार, घायल चालक की पहचान रोहित सिंह (32) पुत्र महाराज सिंह, निवासी गांव कैलाश नगर, डाकघर व तहसील अबोहर, जिला फाजिल्का (पंजाब) के रूप में हुई है। चालक ने अपने बयान में बताया कि वह ट्रक नंबर आरजे19 जीसी-4935 में विनोला का बीज लेकर अबोहर से ऊना की ओर जा रहा था। रात करीब 2:30 बजे जब वह बनखंडी की उतराई उतर रहा था, तभी अचानक ट्रक के ब्रेक फेल हो गए, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के बाईं ओर पलट गया। हादसे में चालक को मामूली चोटें आई हैं व उसका मेडिकल परीक्षण (एमएलसी) करवा लिया गया है।

इस दुर्घटना में किसी अन्य व्यक्ति या वाहन को कोई नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि, ट्रक और उसमें लदे सामान को काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस उपअधीक्षक मोहन रावत ने बताया कि दुर्घटना का मुख्य कारण ट्रक के ब्रेक फेल होना पाया गया है। इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है, क्योंकि हादसे में किसी अन्य पक्ष का नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि बनखंडी की यह उतराई पहले भी कई हादसों का गवाह बन चुकी है और यहां दो से तीन दुर्घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। इस स्थान की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस विभाग इसे ब्लैक स्पॉट घोषित करने की प्रक्रिया में है। साथ ही लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को भी पत्र लिखकर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के लिए कहा जा रहा है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### गौरव ने यूजीसी-नेट में 99.40 परसेंटाइल की हासिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के अंग्रेजी विभाग के छात्र गौरव ठाकुर ने यूजीसी-नेट परीक्षा में 99.40 परसेंटाइल अंक हासिल कर क्षेत्र और संस्थान का नाम रोशन किया है। इस सफलता के साथ वह सहायक प्राध्यापक पद के लिए अर्ह घोषित हुए हैं तथा पीएचडी में प्रवेश के लिए भी पात्र बने हैं। गौरव ने अपनी स्नातक व स्नातकोत्तर की शिक्षा राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर से ही पूरी की है। वह मूल रूप से गांव पोहनी, डाकघर नाम्होल, तहसील सदर के निवासी हैं। उनके पिता श्री मस्त राम का अपना व्यवसाय है तथा माता श्रीमती सुनीता देवी गृहिणी हैं। गौरव के बड़े भाई मर्चेंट नेवी में कार्यरत हैं। गौरव ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुओं का आशीर्वाद और मार्गदर्शन को दिया।

### लेक्चरर से जुड़े कई मुद्दों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** रविवार को हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ की ऊना जिला कार्यकारिणी के प्रधान शशि सैनी व जिला टीम ने लेक्चरर संघ की ऊना जिला कार्यकारिणी का प्रथम जनरल हाउस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समूर में आयोजित किया। लेक्चरर संघ के काफी संख्या में प्रतिनिधियों ने रविवार को इस जनरल हाउस मीटिंग में भाग लिया। लेक्चरर संघ प्रांतीय मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने बताया कि जिला प्रधान शशि सैनी व उनकी टीम लेक्चरर संघ की मांगों को सदैव सशक्त ढंग से उठाती है। जनरल हाउस में लेक्चरर साथियों से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की गई और आम डिमांड चार्टर पर भी चर्चा की गई। लेक्चरर संघ के जिला प्रधान शशि सैनी ने भेंट वार्ता में बताया कि लेक्चरर संघ की समस्याओं को प्राथमिकता पर उठाना और उन्हें हल करवाना कि उनका उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि जिस उद्देश्य के लिए उन्हें साथियों ने चुनाव में विजयी बनाया है, वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास कर रहे हैं व सभी के सहयोग से लेक्चरर संघ की मांगों को हल करवाना ही उनका उद्देश्य है। उधर, लेक्चरर संघ के प्रथम जनरल हाउस के सफलतापूर्वक आयोजन पर लेक्चरर संघ के प्रांतीय मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा, पूर्व राज्य चेयरमैन प्रिंसिपल विनोद बन्याल, सुरेश कुमार एवं अन्य वरिष्ठ साथियों ने जिला प्रधान शशि सैनी, महासचिव संजीव कुमार, जिला मुख्य प्रेस सचिव सतीश कालिया व समस्त जिला कार्यकारिणी को बधाई दी है।

### रास्ता विवाद, शिकायत के बाद भी प्रशासन मौन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत सिहड़ा के तहत लददा पालगरी गांव में रास्ता रोकने व पानी की पाइपलाइन न बिछाने देने के आरोपों से ग्रामीणों में रोष है। पीड़ित परिवारों ने उपमंडलाधिकारी को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव तक पहुंचने का यह एकमात्र रास्ता है व पूर्व में भी इसी तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। साथ ही पेयजल पाइपलाइन को भी कथित रूप से जमीन से गुजरने नहीं दिया गया, जिससे सुविधा अधूरी पड़ी है। मामले में सामाजिक भेदभाव के आरोप भी लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और शासन से जल्द निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है।

### ज्वाल की बावड़ी में चला स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में प्रोजेक्ट अमृत 'स्वच्छ जल-स्वच्छ मन' अभियान के तहत ज्वाल क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक बावड़ी में विशेष स्वच्छता सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेवा अभियान में सेवादल वर्दी सहित बड़ी संख्या में संगत ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वच्छता सेवा का कार्य सुबह 7 से 11 बजे तक चला। इसमें श्रद्धालुओं ने मिलकर बावड़ी परिसर की सफाई की और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया। सेवा कार्य पूर्ण होने के बाद सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक महात्मा रणजीत के निवास स्थान पर संगत का आयोजन किया गया। संगत उपरांत श्रद्धालुओं के लिए लंगर की भी व्यवस्था की गई। मिशन के पदाधिकारियों ने सभी महापुरुषों व संगत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक सेवा भावना से ऐसे अभियान सफल होते हैं।

### अग्निशमन यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार डीएवी पब्लिक स्कूल श्री नयना देवी जी में भूकंप व अग्नि सुरक्षा पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अग्नि विभाग के प्रशिक्षकों ने छात्रों को आपदा के समय घबराने की बजाय सूझबूझ से काम लेने की सीख दी। इस दौरान सीपीआर तकनीक, हस्तनिर्मित स्ट्रेचर और अग्निशमन यंत्रों के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रधानाचार्य हरीश शर्मा ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आपदा कभी बताकर नहीं आती, इसलिए सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है।

### फुटबॉल मैचों में टीमों ने किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट क्षेत्र के भंजाल गांव में शिवालिक क्लब की ओर से आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता के तीसरे दिन दस टीमों में क्वाटर सेमी फाइनल मैच हुए। इस मौके पर क्षेत्र के समाजसेवी मोनू (ठेकेदार) द्वारा 5100 रुपए आयोजन समिति को दिए गए। क्वाटर सेमी फाइनल राउंड के पहला मैच में टीम लेह सिटी ने टाइगर फोर्स रैसरी को (4-0) से हराया। दूसरे मैच में वाइएफसी खड़ ने एचपीएफए को (3-1) के कड़े स्कोर से हराया। तीसरे मैच में आरएफसी भंजाल और एएफसी आंबोटा के बीच पेनल्टी शूट आउट का मैच भी हुआ। इसमें भंजाल ने अंबोटा को (7-6) से हराया। चौथे मैच नकोदर सिटी और बीएएफसी भंजाल के बीच हुआ। इसमें भंजाल ने नकोदर सिटी को (2-0) से हराया। पांचवां मैच वाईएफसी चरुरु और एसएफसी भंजाल के बीच हुआ। इसमें चुरुरु ने भंजाल को (1-0) से हराया। इस मौके पर आयोजन समिति के सदस्य व अन्य लोग मौजूद रहे। फुटबॉल मैच के सेमी फाइनल व फाइनल राउंड करवाए जाएंगे और जीतने वाली टीम को 61000 रुपय, रनर अप को 51000 रुपय दिए जाएंगे।

### छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अडानी फाउंडेशन के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरनोड़ा व बरमाणा में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यातिथि मानव सेवा ट्रस्ट सुंदरनगर के अध्यक्ष प्रकाश चंद बंसल ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चिट्टा जैसे नशे के कारण समाज में एचआईवी के मामले बढ़ रहे हैं व यह युवाओं के लिए घातक है। नशा एक दिमागी बीमारी है, जिसे जागरूकता से दूर किया जा सकता है। अडानी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बच्चों को नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित रखने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य जगदीश सिंह व नीलम थापा ने नशे को समाज का दीमक बताते हुए अभिभावकों से बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देने का आग्रह किया।

# कांग्रेस सरकार कर्मचारी व पेंशनरों के हितों की अनदेखी कर रही : भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ

अनंत ज्ञान

**ऊना।** भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ ऊना के संयोजक एचएस गुलेरिया, पूर्व कर्मचारी नेता यशपाल रायजादा, पूर्व संयोजक अजय पराशर, शिव मैहन, राजीव वशिष्ट, हरगोविंद, प्रकाश ठाकुर, जगतार सिंह, जसवंत सिंह, कुलवंत व अजमेर सिंह चंदेल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

नेताओं ने कहा कि जहां-जहां देश में भाजपा की सरकारें हैं, वहां वर्ष 2016 का संशोधित वेतनमान व महंगाई भत्ते की किश्तें जारी कर दी गई हैं, जबकि हिमाचल में कर्मचारियों व पेंशनरों को अब तक कोई ठोस राहत नहीं मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई भत्ते की बकाया किश्तें भी जारी नहीं की गईं, जिससे कर्मचारी वर्ग आर्थिक दबाव में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं को कर्मचारी का बेटा बताते हैं, लेकिन आज पेंशनर अपने हकों की लड़ाई लड़ने के लिए विधानसभा के बाहर धरना देने को मजबूर हैं। यदि सरकार समय पर लाभ देती तो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सड़कों पर उतरने की नौबत नहीं आती। चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लंबित बिलों को लेकर भी नेताओं ने सरकार को घेरा व कहा कि तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद भुगतान नहीं हुआ है, जिससे पेंशनर अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार कर्ज ले रही है, लेकिन उसका लाभ कर्मचारियों, पेंशनरों और आम जनता तक नहीं पहुंच रहा। नेताओं ने कहा कि ऊना सदर से विधायक सतपाल सिंह सत्ती लगातार कर्मचारियों और आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठा रहे हैं तथा उनके अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं।

# प्रेस इलेवन ने फॉरेस्ट इलेवन को हराया

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के ओहर क्षेत्र में द्वितीय इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ हुआ। खेल भावना व उत्साह से भरपूर इस प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में प्रेस इलेवन व फॉरेस्ट इलेवन के बीच रोमांचक मैच खेला गया।

फॉरेस्ट इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन प्रेस इलेवन के गेंदबाजों ने शुरू से ही सटीक लाइन-लेंथ व कसी हुई गेंदबाजी के दम पर विपक्षी टीम को दबाव में रखा। निर्धारित 15 ओवर के मैच में फॉरेस्ट की पूरी टीम 10.4 ओवर में मात्र 66 रन पर ऑल आउट हो गई। प्रेस टीम के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए बड़ा स्कोर खड़ा नहीं होने दिया। 66 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रेस क्लब बिलासपुर की टीम ने आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की। ओपनर विजय चंदेल व सुभाष ठाकुर ने टीम को मजबूत शुरुआत दी। मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने पारी को संभालते हुए रन गति बनाए रखी। अंत में संजय शर्मा और संजय चंदेल ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत दिलाई। प्रेस क्लब ने केवल 10 ओवर में 67 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।




प्रेस क्लब की विजेता टीम। अनंत ज्ञान

मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रेस क्लब के खिलाड़ी शुभम राही को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए चार महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए व टीम की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। इस अवसर पर इंटर डिपार्टमेंट टूर्नामेंट के आयोजक व जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी विजेंद्र पठानिया ने सभी टीमों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से विभागों के बीच आपसी समन्वय प सौहार्द बढ़ता है तथा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

# राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए प्रिया का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनएसएस वालंटियर प्रिया का चयन राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान चंडीगढ़ में 24 से 27 फरवरी तक आयोजित 'नेतृत्व और टीम निर्माण' विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए हुआ है। यह प्रशिक्षण युवा विकास एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने प्रिया को बधाई देते हुए कहा कि वह न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरे जिला बिलासपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रदेश से 14 वालंटियर इस शिविर में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रो. रंजीत कौशल, डॉ. सुरेंद्र ठाकुर, डॉ. सुरजीत चंदेल, प्रो. श्रवण कुमार, डॉ. रितु शर्मा, डॉ. जसवाल और डॉ. अजीत ने भी प्रिया को शुभकामनाएं दीं।

# गोबिंद सागर वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी, देश की पहली निशुल्क प्रशिक्षण देने वाली संस्था

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण खेल संस्थान मनाली के सेवानिवृत्त निदेशक कर्नल एस एस शर्मा ने गोबिंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अधीन हिमाचल गोबिंद सागर वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह अकादमी देश की पहली ऐसी संस्था है, जहां युवाओं को निशुल्क वॉटर स्पोर्ट्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसोसिएशन के प्रधान सराज अख्तर व शालिनी शर्मा ने कर्नल शर्मा व उनकी धर्मपत्नी का सम्मान किया। कर्नल शर्मा ने बताया कि अकादमी में स्विमिंग, ड्रैगन बोट व कायाकिंग का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने सराज अख्तर, इशान अख्तर और हेम राज ठाकुर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि एसोसिएशन वर्ष 2009 से अकादमी सागर झील को विश्व पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

# गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल के ग्राउंड में वाटर मॉनिटरिंग वेल का काम शुरू

अनंत ज्ञान

**गोंदपुर बनेहड़ा।** वाटर मॉनिटरिंग पीजोमिटर वेल का काम केंद्र सरकार के अंतर्गत आई टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा के ग्राउंड में तेजी से शुरू कर दिया है। इस वाटर मोनिटरिंग वेल के जरिये जमीन के 102 मीटर नीचे पाइप डाली जाएगी व हर तीन मीटर के बाद मिट्टी और पानी का सैंपल जांच के लिए जोड़ा जाएगा।

मोनिटरिंग वेल से पानी व मिट्टी के कुल 34 सैंपल जमा करने के बाद केंद्र से आई टीम द्वारा सैंपल सेंट्रल ग्राउंड वाटर टेस्टिंग बोर्ड धर्मशाला भेजे जाएंगे, जिससे जमीन के नीचे की मिट्टी और पानी की मात्रा व गुणवत्ता की जांच की जाएगी। टीम ने बताया कि यह वाटर मोनिटरिंग वेल का काम पूरा होने के बाद यहां एक पीजोमिटर चिप लगाई जाएगी। चिप के जरिये समय-समय पर केंद्र सरकार व



सेंट्रल वाटर बोर्ड जमीन के नीचे के पानी व मिट्टी की मात्रा व गुणवत्ता की जांच कर पाएंगी। पीजोमीटर वेल का काम जमीन के नीचे के पानी की गहराई, गुणवत्ता व उसके दबाव को सटीक रूप से मापना है। पीजोमिटर बोरहोल में लगी एक नली होती है, जो मुख्य रूप से जमीन के नीचे स्थित चट्टानों, रेत या बजरी में पानी के दबाव में बदलाव का मूल्यांकन करती है।

# कुलारू में ट्रक ने रौंदी मासूम की जिंदगी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग-103 पर रविवार का दिन एक परिवार के लिए कभी न भरने वाला जख्म बन गया। घुमारवीं उपमंडल के कुलारू क्षेत्र में तेज रफ्तार व लापरवाही ने 11 साल के मासूम की सांसें छीन लीं। एक अनियंत्रित ट्रक ने स्कूटी को इस कदर टक्कर मारी कि पीछे बैठा बच्चा सीधे ट्रक के पहिए के नीचे आ गया। देखते ही देखते खुशियों से भरा परिवार चीखों में बदल गया। जोल पलाखी निवासी सुनील कुमार अपने बेटे अभिनव और आठ वर्षीय बेटी इशानी के साथ कांगू मंदिर जा रहे थे। लेकिन कुलारू के पास पीछे से आए ट्रक ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सड़क पर घिसट गई और अभिनव नीचे गिर पड़ा। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, ट्रक का टायर उसके ऊपर से गुजर गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को सिविल अस्पताल घुमारवीं पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पिता और बहन को चोटें आई हैं, मगर वे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर लिया है और वाहन को कब्जे में ले लिया गया है।

# संत निरंकारी मिशन ने चलाया स्वच्छता अभियान

अनंत ज्ञान



**ऊना।** संत निरंकारी मिशन के तहत हरोली क्षेत्र के गांव पंजावर में सतगुरु बाबा हरदेव सिंह के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में संत निरंकारी मिशन ब्रांच के मुखी महात्मा सुरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, जगतार सिंह, मनदीप कुमार, हजारा सिंह समेत सभी अनुयायियों ने मिलकर स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

इस दौरान पंजावर बाजार के तालाब के इर्द-गिर्द साफ-सफाई की गई। कूड़ा-कचरा हटाया गया। सभी ने सामुहिक रूप से इस कार्य को अंजाम दिया। कई जगह प्लास्टिक व अन्य प्रकार का कचरा पड़ा हुआ था, जिसे हटाया गया। संत निरंकारी सगत ने बाजार में साफ-सफाई की। बाजार में निकलकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। डिस्पेंसरी में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। बता दें कि रविवार को प्रोजेक्ट अमृत के तहत देश भर के विभिन्न शहरों में नदियों, तटों, बावडि़यों, कुओं, खड्डों में यह स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें लाखों संत निरंकारी शामिल हुए। उन्होंने देश भर में इस तरह का अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

# जब्बल में पुरातन पेयजल स्रोत बावड़ी की साफ-सफाई की



बावड़ी को साफ करने के उपरांत सभी स्वयंसेवी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** स्वच्छ जल, स्वच्छ मन कार्यक्रम के अंतर्गत एक स्वच्छता अभियान संत निरंकारी मंडल ब्रांच फगोग द्वारा संपन्न हुआ। ब्रांच मुखी श्री धर्मदास की अध्यक्षता में बड़गांव पंचायत के जब्बल नामक स्थान पर सन् 1966 में निर्मित पुरातन पेयजल स्रोत बावड़ी की साफ-सफाई की गई। इस अभियान में साध संगत के सदस्यों व सेवादल यूनिट नं. 1026 के सदस्यों ने बावड़ी के आंतरिक और बाह्य भाग की पूर्णतया साफ- सफाई की।

पेयजल स्रोत की सफाई करने के बाद बरठीं में रविवारीय साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं व मानवता के कल्याण के लिए किए गए उनके विशेष व अमूल्य योगदान को याद किया गया व उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रण लिया गया।

संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रत्येक वर्ष समस्त भारत में अनेक स्थानों पर मानवता के कल्याण के लिए इस प्रकार के अनेक स्वच्छता अभियान व रक्तदान शिविर लगाए जाते हैं। समाज में मिलवर्तन, सहिष्णुता ,पारस्परिक सौहार्द, आपसी सहयोग, परोपकार की भावना व मानव-मानव के बीच सामंजस्य बनाए रखने, जाति पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर निरंकारी मिशन हमेशा ऐसे कार्यों को पूर्ण करने में अपना भरपूर व विशेष योगदान दे रहा है। इस सत्संग कार्यक्रम में ब्रांच के सभी अनुयायियों ने भाग लिया।

**कार्यक्रम** बिलासपुर में प्रांत स्तरीय सप्त शक्ति संगम संपन्न, 200 महिलाओं ने लिया भाग

# नारी सम्मान और संस्कारयुक्त शिक्षा पर जोर

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** बिलासपुर में आयोजित प्रांत स्तरीय 'सप्त शक्ति संगम' का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश भर से लगभग 200 ऐसी महिलाओं ने भाग लिया, जिन्होंने शिक्षा, प्रशासन, खेल, सामाजिक सेवा और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर समाज में विशिष्ट पहचान बनाई है। समारोह में एचएएस अधिकारी अंशु चंदेल मुख्यातिथि रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पूनम ने की और मुख्य वक्ता के रूप में सोमा राणा ने विचार व्यक्त किए।

अंशु चंदेल ने कहा कि शब्द शक्ति संगम केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि नारी चेतना, संस्कार और सामाजिक जागरूकता का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि भारत की महान महिलाओं जैसे इंदिरा गांधी, कल्पना चावला, पीवी सिंधु और मैरी कॉम ने अपने-अपने क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल कर विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया है। उन्होंने कहा कि सनातन ही एक धर्म है, जो पूरे विश्व को एक परिवार की दृष्टि से देखता है। नारी को सम्मान देना हमारी संस्कृति का मूल है और समाज की उन्नति का आधार भी। अंशु चंदेल ने कहा कि भारत की संस्कृति 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना से प्रेरित है, जो पूरे विश्व को एक नजर से देखने का संदेश देती है।



मंच पर विराजमान मुख्यातिथि अंशु चंदेल। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए उन्होंने बेटियों को संदेश देते हुए कहा कि वह इस तरह के संस्कार युक्त कार्यक्रमों से जुड़े अपने जीवन को सफल बनाएं। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. पूनम ने कहा कि नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण से ही समाज का संतुलित विकास संभव है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अवसर और मंच मिलने पर वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनती हैं। मुख्य वक्ता सोमा राणा ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं समाज की प्रथम गुरु हैं। यदि वे बच्चों को संस्कार, नैतिकता और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाएंगी, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन अवश्य आएगा। शिक्षा के विषय में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम बच्चों को केवल 'हाईली क्वालिफाइड' बनाने की दौड़ में लगे हैं, जबकि उन्हें 'वेल क्वालिफाइड' और संस्कारयुक्त बनाना अधिक आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि माताएँ और महिलाएँ बच्चों को सही दिशा, मूल्य और चरित्र निर्माण की शिक्षा देंगी, तो आने वाली पीढ़ी राष्ट्र निर्माण में सशक्त भूमिका निभाएगी। समापन समारोह में नारी सम्मान, सनातन मूल्यों और संस्कारयुक्त शिक्षा के महत्व पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि सशक्त, जागरूक और सम्मानित नारी ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। एचएएस अधिकारी अंशु चंदेल ने हिमाचल प्रशासनिक सेवा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जो उनकी मेहनत, अनुशासन व लक्ष्य के प्रति समर्पण का प्रमाण है। प्रशासनिक सेवा में चयन के बाद उन्होंने सहायक आयुक्त (विकास)-सह-ब्लॉक विकास अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण व जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया। उनकी कार्यशैली पारदर्शिता, संवेदनशीलता व परिणामोन्मुख प्रशासन के लिए जानी जाती है। युवा वर्ग, विशेषकर बेटियों के लिए वे प्रेरणा स्रोत बनी हैं, जिन्होंने सिद्ध किया कि दृढ़ संकल्प व निरंतर प्रयास से उच्च प्रशासनिक पद हासिल कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

न्यूज ब्रीफ

## 28 को दि लोअर किसान व बागवान भुंतर की बैठक

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** दि लोअर कुल्लू किसान व बागवान संगठन की बैठक 28 फरवरी को आयोजित होगी। दि लोअर कुल्लू किसान व बागवान संगठन शाखा भुंतर के अध्यक्ष करतार सिंह गुलेरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन महासभा की दूसरी बैठक संविधान धारा 11 भाग-क के अंतर्गत 28 फरवरी दिन शनिवार प्रातः 11 बजे संगठन कार्यालय भुंतर में रखी गई है। उन्होंने संगठन के सदस्यों से समय स्थान व तिथि को बैठक में आकर भाग लें। बैठक में किसानों व बागवानों के हित की बात व कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जागी। वहीं, पिछली कार्रवाई की पुष्टि और वर्ष 2025 - 26 की आय व्यय का ब्यौरा के बारे में चर्चा की जाएगी।

## विधायक ने सुना 'मन की बात' का 131वां संस्करण

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के बजौरा भाजपा मंडल अंतर्गत कलैहली, मशगां व नयूल में तीन अलग-अलग स्थानों पर चौपाल बैठकों का सफल आयोजन किया गया। इन बैठकों में स्थानीय कार्यकर्ताओं व आम जनता की सक्रिय सहभागिता रही। बैठकों में कुल्लू जिला भाजपा महामंत्री बतौर प्रभारी उपस्थित रहे। वहीं, बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी भी स्वयं सभी कार्यक्रमों में मौजूद रहे और कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। कलैहली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक सुरेंद्र शौरी ने आम जनता के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत 'मन की बात' के 131वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा इन योजनाओं के लाभों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। चौपाल बैठकों के माध्यम से क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं पर भी चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने का आश्वासन दिया गया।इन बैठकों ने संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ जनसंवाद को भी सशक्त करने का कार्य किया।

## सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** संत निरंकारी मिशन द्वारा रविवार को देशभर में 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस कड़ी में जिला कुल्लू की छह शाखाओं ने संयुक्त रूप से भुंतर स्थित व्यास-पार्वती संगम के समीप स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के उपरांत खुले प्रांगण में सत्संग कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। इस अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक जल स्रोतों, नदियों, तालाबों, झीलों और की निस्वार्थ भाव से स्वच्छता एवं संरक्षण का यह अभियान जन जन में जागरूकता, जिम्मेदारी और सामूहिक सहभागिता का सशक्त संदेश भी दिया। 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण के तहत सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के मार्गदर्शन में भारतवर्ष के 25 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 930 शहरों के 1600 से अधिक स्थानों पर यह स्वच्छता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव ने बताया कि अभियान का शुभारंभ सेवादल के प्रार्थना गीत से हुआ, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। देशभर में जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सुरक्षा, अनुशासन और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। वहीं, मिशन से जुड़े कुल्लू जिला के पदाधिकारियों ने बताया निरंकारी मिशन की ओर से समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## जनहितकारी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की

**अनंत ज्ञान, आनी।** श्रीखंड वेलफेयर एंड चैरिटेबल सोसायटी के प्रतिनिधित्व मंडल ने उपमंडल अधिकारी निरमंड जगदीप सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उनके नवीन दायित्व के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर सोसायटी द्वारा गत वर्षों में किए गए जनहितकारी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रतिनिधियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व जरूरतमंद परिवारों की सहायता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में संस्था की सक्रिय भूमिका से अवगत कराया। साथ ही आगामी वर्षों के लिए प्रस्तावित योजनाओं पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान क्षेत्र के सामाजिक विकास, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा जनसहभागिता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई। प्रतिनिधित्वमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि उपमंडल अधिकारी के कुशल व दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तावित जनकल्याणकारी कार्यों को नई गति मिलेगी।

# देश व दुनिया के लिए मिला-जुला रहेगा 2026

## देवालय में बंधी घंटियां खुली, बंद पड़े रेडियो व टीवी भी हुए ऑन, सुनाया स्वर्ग का हाल

अनंत ज्ञान

**मनाली।** देव अनुकंपा का साक्षात उदाहरण रविवार को मनाली के ऐतिहासिक गांव गोशाल में देखने को मिला।

42 दिनों के बाद स्वर्ग प्रवास से लौटे मनाली की उझी घाटी के आराध्य देवों ने रविवार को भविष्यवाणी की। देवताओं के स्वर्ग प्रवास से आते ही देवालय में बंधी घंटियां खोल दी गई। बंद पड़े रेडियो व टीवी भी ऑन हो गए। देवताओं ने गुर के माध्यम से बताया कि मानव जगत के लिए वर्ष 2026 मिला जुला रहेगा। स्वर्ग प्रवास से लौटे महाऋषि गौतम–महाऋषि व्यास और कंचन नाग द्वारा कुल्लू घाटी के सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में दुनिया भर में होने वाले घटनाक्रम से अवगत करवाया गया। सुबह ही ऐतिहासिक गांव देव वाद्य यंत्रों से गूंज उठा। अपने आराध्य देवों के स्वर्ग प्रवास से लौटने को लेकर उत्सुक ग्रामीणों और देवता के कारकूनों ने विधिपूर्वक देवताओं का स्वागत किया। कारकूनों और पुजारियों द्वारा पूजा–अर्चना के बाद विधिपूर्वक मृदा लेप को हटाया गया। मृदा लेप से कुमकुम, फूल, अनाज के छिलके, सेब के पत्ते निकलने से ग्रामीण खुश हुए। काले बाल और कोयला भी हल्की मात्रा में निकला। देवता ने वर्ष 2026 दुनिया के लिए कुछ अच्छा तो कुछ बुरा बताया है। उन्होंने घाटी में सेब की फसल अच्छी होने से साथ–साथ शुभ कार्य अधिक रहने की बात कही। देवता के कारदार हरि सिंह ने बताया कि कुल मिलाकर यह वर्ष सभी के लिए सुखद रहेगा।



गोशाल में आयोजित देव कारज के दौरान घाटीवासी। अनंत ज्ञान

- 42 दिन के स्वर्ग प्रवास से लौटे देवताओं ने की भविष्यवाणी
- गांव गोशाल में बताई धरती की दशा, सैकड़ों लोग बने गवाह

### देव प्रतिबंध से मुक्त हुए ग्रामीण

**घाटी** के आराध्य देव स्वर्ग प्रवास से लौट आए हैं तथा ग्रामीण देव प्रतिबंध से मुक्त हो गए हैं। गांव में खुशी का माहौल है तथा ग्रामीण उत्सव मनाने में व्यस्त हो गए हैं। इस बार कोयला कम निकलने से लोग खुश हैं। देवता के स्वर्ग प्रवास से लौटते ही मनाली की उझी घाटी में फागली उत्सव की धूम शुरू हो गई है।

# हलाण–2 मार्ग पर छह माह बाद बहाल होगी बस सेवा, निगम का ट्रायल सफल

अनंत ज्ञान



**पतलीकूहल।** पिछले वर्ष अगस्त माह में आई प्राकृतिक आपदा के जख्मों को भरते हुए लोक निर्माण विभाग व एचआरटीसी ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रविवार को हलाण–2 सड़क मार्ग पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस का सफल ट्रायल किया गया।

भारी वर्षा व भूस्खलन के कारण यह सड़क पिछले छह महीनों से भारी वाहनों के लिए असुरक्षित बनी हुई थी, जिससे घाटी के ऊपरी क्षेत्रों का संपर्क कटा हुआ था, अब ट्रायल सफल होने के बाद सोमवार शाम से इस रूट पर परिवहन निगम की बसें एक बार फिर अपनी सेवाएं देना शुरू कर देंगी, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों में खुशी की लहर है। सफल ट्रायल के दौरान कुछ तकनीकी कमियां भी सामने आई हैं। निरीक्षण में पाया गया कि मार्ग पर दो से तीन स्थान ऐसे हैं, जहां सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण बस को गुजरने में कठिनाई हो रही है। इस समस्या को देखते हुए अड्डा प्रभारी ने तुरंत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से संपर्क साधा है। विभाग सोमवार दिन भर इन तंग मोड़ों को दुरुस्त करने का कार्य करेगा, जिसके पश्चात शाम को पतलीकूहल से धड़ीगच्छा होते हुए काले पत्थर तक नियमित बस सेवा का संचालन शुरू हो जाएगा। यह सेवा शुरू होने से न केवल दैनिक यात्रियों, बल्कि बागवानों और छात्रों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

> 'हलाण-2 मार्ग पर बस का ट्रायल कामयाब रहा है, जो कुछ स्थानों पर सड़क तंग पाई गई है, उसे लोक निर्माण विभाग सोमवार को ठीक कर देगा। सोमवार शाम से जनता की सुविधा के लिए नियमित बस सेवा बहाल कर दी जाएगी।'
> **जसवंत लाल, अड्डा प्रभारी एचआरटीसी पतलीकूहल।**

# मौसम ने बदली करवट, कुल्लू और मनाली में हुई बारिश

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग।** कुल्लू जिले में रविवार को मौसम ने एक बार फिर करवट बदली और आसमान से राहत की बौछारें बरसी।

जिले में सुबह से लेकर करीब दो बजे तक जहां मौसम साफ रहा और धूप खिली रही। वहीं, दोपहर बाद एक दम आसमान बादलों से ढक गया और हल्की बारिश का दौर शुरू हुआ, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन यह बूंदाबांदी कुछ ही समय हुई, लेकिन मौसम ठंडा हो गया। उधर, लाहौल–स्पीति जिले में भी शाम के समय आसमान बादलों के झुरमुट से भर गया। हालांकि बारिश, बर्फबारी नहीं हुई, लेकिन मौसम के करवट बदलने से लोगों ने ठंडक महसूस की। वहीं, पर्यटन नगरी मनाली सहित लाहौल घाटी में सुबह के सम धूप खिलने के चलते पर्यटक सुबह ही सोलंगनाला सहित अटल टनल रोहतांग के उस पार लाहौल घाटी में पहुंचे और बर्फ के बीच



खूब मस्ती की। सोलंगनाला में साहसिक गतिविधियों का भी पर्यटकों ने जमकर लुत्फ उठाया।सोलंगनाला व धार्मिक पर्यटन स्थल अंजनी महादेव में भी पर्यटकों से रौनक लगी रही। पर्यटन स्थल सोलंगनाला में स्कीइंग, स्नो स्कूटर, स्नो स्लेज, स्नो स्कूटर, स्कीइंग माउंटेन बाइक समेत अन्य साहसिक व रोमांचक गतिविधियां, रोपवे से फातरु की वादियों तक पहुंचना और साथ ही बर्फ से बने शिवलिंग पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। वहीं, उसके साथ ही अटल टनल का दीदार कर उसके दूसरे छोर सहित सिस्सू के आसपास पर्यटकों का खूब मेला लग रहा है।

# मिस्टर फेयरवेल सूर्या व मिस रही इशानवी नेगी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** परी एंजल मॉडल स्कूल लरांकेलो में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रोमिला ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा जीवन में अनुशासन, परिश्रम व संस्कारों का महत्व बताया। कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत, नृत्य, कविता व हास्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। साथ ही कक्षा दसवीं के छात्रों को टाइटल दिए व उनसे कई तरह की प्रतियोगिताएं करवाईं गईं। विदाई समारोह में मिस्टर फेयरवेल सूर्या और मिस फेयरवेल इशानवी नेगी रहे।

# सैंज घाटी में सरकारी स्कूल के शिक्षक पर छात्राओं से दुर्व्यवहार का आरोप

अनंत ज्ञान

**सैंज।** कुल्लू जिले की सैंज घाटी स्थित एक सरकारी शिक्षण संस्थान में शिक्षक द्वारा छात्राओं के साथ कथित अनुचित व्यवहार का गंभीर मामला सामने आया है।

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, कुल्लू के पुलिस अधीक्षक मदन लाल कौशल ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रकरण अत्यंत संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि छात्राओं की सुरक्षा व गोपनीयता को प्राथमिकता दी जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 फरवरी को स्कूल के एक इतिहास प्रवक्ता ने 11वीं कक्षा की तीन छात्राओं को

- निजी काम के बहाने तीन छात्राओं को बुलाया था अपने कमरे में
- आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग

निजी काम के बहाने अपने कमरे में बुलाया। आरोप है कि शिक्षक ने दो छात्राओं को रसोई में खाना बनाने के काम में लगा दिया, जबकि तीसरी छात्रा को अपने कपड़े प्रेस करने के लिए कहा।

इसी दौरान शिक्षक द्वारा उस छात्रा के साथ कथित रूप से अनुचित व्यवहार किया गया। साथ ही, छात्रा को इस बारे में किसी को बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद पीड़ित छात्राओं ने साहस दिखाते हुए पूरी जानकारी स्कूल के प्रधानाचार्य को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विद्यालय प्रशासन ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित किया।

### पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज हुआ मामला

**सूचना** मिलते ही सैंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची व आरोपी शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने छात्राओं के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है व सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय अभिभावकों व निवासियों में गहरा रोष देखा गया। लोगों ने शिक्षा विभाग व प्रशासन से आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# एनएचपीसी चरण–दो ने तोरुल एस रवीश को दी भावभीनी विदाई

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** एनएचपीसी की पार्बती हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट चरण–II के प्रबंधन ने नगवाईं स्थित परिसर में कुल्ल्लू की निवर्तमान उपायुक्त (डीसी) तोरुल एस रवीश के सम्मान में विदाई भोज का आयोजन किया।



निवर्तमान डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश को शॉल टोपी देकर सम्मानित करते हुए एनएचपीसी चरण दो के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनके प्रशासनिक सहयोग व नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि परियोजना की जल्द कमीशनिंग में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। परियोजना प्रबंधन के अनुसार, जब रवीश ने कुल्लू के उपायुक्त का पदभार संभाला था, उस समय पार्वती परियोजना चरण–II विभिन्न परिचालन चुनौतियों से जूझ रही थी। विशेष रूप से बरशैणी के एडिट क्षेत्र में श्रमिकों की हड़ताल तथा भूमि से जुड़े जटिल व लंबित विवादों के कारण कार्य प्रभावित हो रहा था, लेकिन उस समय बतौर उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने सक्रिय हस्तक्षेप, निर्णायक नेतृत्व व त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई के माध्यम से इन समस्याओं के समाधान में अहम भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से कानून–व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ व परियोजना स्थल पर कार्य सुचारू रूप से पुन: आरंभ हो सका। अधिकारियों ने कहा कि उनके सहयोग से परियोजना की प्रगति को नई गति मिली। विदाई समारोह में महाप्रबंधक (बिजली) शाजी के, महाप्रबंधक (सिविल) पीके श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवा) डॉ. ज्योतिर्मय जैन तथा उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) अरविंद कौशिक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने क्षेत्र के विकास के प्रति रवीश की प्रतिबद्धता और प्रशासनिक दक्षता की प्रशंसा की। परियोजना प्रबंधन ने तोरुल एस रवीश को उनके भावी दायित्वों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कुल्लू में उनके सफल और उल्लेखनीय कार्यकाल के लिए आभार व्यक्त किया।

# लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन सकारात्मक सोच पर दी सलाह

अनंत ज्ञान

**आनी।** उपमंडल के अंतर्गत एसडीएम सभागार में आज क्षेत्र के युवाओं और विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सही करियर विकल्प चुनने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की रणनीति समझने और भविष्य की दिशा निर्धारित करने में मार्गदर्शन प्रदान करना था।

कार्यक्रम में एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में सही मार्गदर्शन और सकारात्मक सोच सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर रहने, अनुशासन अपनाने और समय का सदुपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन हमेशा विद्यार्थियों के हित में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि क्षेत्र के युवा सही दिशा में आगे बढ़ सकें। विशेष वक्ताओं में सुशील ठाकुर, संस्थापक थ्रेशहोल्ड अकादमी शिमला, ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, आत्म–अनुशासन और निरंतर अभ्यास के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि सही रणनीति और नियमित मेहनत से मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और असफलताओं से सीख लेने की प्रेरणा दी। कृषि विकास अधिकारी के पद पर हाल ही में चयनित प्रियंका सागर ने अपने संघर्ष और सफलता की यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ निश्चय और सकारात्मक सोच से बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बनाए रखने और लगातार प्रयासरत रहने का संदेश दिया।

## कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल ने 12वीं के विद्यार्थियों के लिए की फेयरवेल पार्टी आयोजित

# स्कूल जीवन की सुनहरी यादों को साझा कर भावुक हुए विद्यार्थी

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की ओर से रविवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक निदेशक, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण तथा कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं स्वागत भाषण के साथ हुई। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें गीत एवं नृत्य प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इन प्रस्तुतियों ने समारोह को अत्यंत भावपूर्ण एवं यादगार बना दिया।विदाई समारोह में अत्यंत भावुक माहौल देखने को मिला। जैसे–जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ता गया, विद्यार्थियों की आंखें नम होती गईं। उन्होंने अपने विद्यालय जीवन की सुनहरी यादों को साझा करते



विदाई समारोह के दौरान शिक्षक विद्यार्थियों के साथ। अनंत ज्ञान

हुए कई विद्यार्थी भावुक हो उठे। शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच का स्नेह, अपनापन और आत्मीयता पूरे वातावरण में स्पष्ट रूप से महसूस की जा सकती थी।

मित्रों के साथ बिताए गए पलों को याद कर सभी के चेहरे पर मुस्कान भी थी और आंखों में विदाई की नमी भी। पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट और भावनात्मक क्षणों से गूंज उठा। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक तथा प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा जीवन में अनुशासन, मेहनत और ईमानदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सक्षम ठाकुर मिस्टर केसीएस (कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल), जबकि शिविका रैना मिस केसीएस चुनी गई। वहीं, अरविंद मिस्टर पर्सनेलिटी व नोरजिन मिस पर्सनेलिटी चुनी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्मृति–चिह्न प्रदान किए गए। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने भी अपने विद्यालय जीवन की यादें साझा कीं और अपने शिक्षकों व साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# तारा बिला में धूमधाम से मनाया जुकारु उत्सव, उमड़ा जनसैलाब



जुकारु उत्सव के दौरान पारंपरिक नृत्य करती महिलाएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जिला कुल्लू में रह रहे पांगी घाटी के लोगों ने भुंतर स्थित तारा बिला में धूमधाम से पारंपरिक जुकारु उत्सव मनाया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में पांगी घाटी के लोगों ने भाग लेकर अपनी समृद्ध लोक संस्कृति व परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ हुई। लोगों ने एक–दूसरे को 'जुकारु' कहकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवक–युवतियों और बुजुर्गों ने उत्सव की शोभा बढ़ाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहे। स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोकगीतों व लोकनृत्यों पर लोग देर तक झूमते रहे। ढोल–नगाड़ों की थाप व पारंपरिक धुनों ने पूरे वातावरण को उत्साह व उमंग से भर दिया। बच्चों और युवाओं ने भी बढ़–चढ़कर भाग लिया। उत्सव के माध्यम से पांगी घाटी के लोगों ने यह संदेश दिया कि वे चाहे प्रदेश के किसी भी हिस्से में रहें, अपनी सांस्कृतिक जड़ों व परंपराओं से गहराई से जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर क्षेत्र की एकता, प्रेम और संस्कृति को बनाए रखने का संकल्प लिया।

**प्रोत्साहन** केलांग में बुनियादी स्की प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधायक ने किया समापन

# जिस्पा में 72 करोड़ से होगा आइस हॉकी रिंक का निर्माण

अनंत ज्ञान

**केलांग।** लाहौल माउंटेनियरिंग एवं स्नो बोर्ड एसोसिएशन द्वारा आयोजित 7 दिवसीय बुनियादी स्की खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता विधायक लाहौल–स्पीति अनुराधा राणा ने की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों व युवाओं को शीतकालीन खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद भी जरूरी है, खेलने से शरीर फिट रहता है और एक फिट शरीर ही हर कार्य को अच्छे से कर सकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्य में लगाना चाहिए। बच्चों और युवाओं को नशे से बचाने के लिए खेलें एक सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों में एकता की भावना जागृत होती है और सामूहिक रूप से लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य करने की सीख मिलती हैं। उन्होंने कहा कि लाहौल–स्पीति



प्रतिभागियों के साथ मुख्यातिथि विधायक अनुराधा। अनंत ज्ञान

जिले के युवा शीतकालीन गेम्स में जिला का नाम रोशन करें और देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में भाग लें इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं।

75 करोड़ रुपए की धनराशि से स्पीति में अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनाया जाएगा, जिसका कार्य इस वर्ष शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन विकास योजना के तहत जिस्पा में 72 करोड़ रुपए की लागत से आइस हॉकी रिंक के निर्माण के राज्य स्तर से मंजूरी मिल चुकी है और जल्द ही इस केंद्र स्तर से मंजूरी मिलने की संभावना है। जिले के गवाजंग, छेलिंग, दांलग व दारचा सहित अन्य स्थानों पर आइस हॉकी रिंग बनाने के लिए धनराशि उपलब्ध करवाई गई है। शीतकालीन खेलों के लिए उपयुक्त स्थल व जलवायु मौजूद हैं और बेहद अनुकूल है जिनका हमें लाभ उठाना चाहिए और इन स्थलों को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। केलांग व गौंधला में इन आयोजनों के लिए अभी तक 2 लाख रुपए की मदद प्रदान की गई है और अन्य स्थानों पर आयोजित होने वाले इन प्रशिक्षणों के लिए भी मदद प्रदान की जाएगी। एक सप्ताह तक चले कार्यक्रम में 28 स्थानीय युवाओं और स्कूली विद्यार्थियों ने बुनियादी स्की प्रशिक्षण उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्हें विधायक द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को स्की उपकरणों के सही उपयोग, संतुलन बनाए रखने की तकनीक, बर्फ पर सुरक्षित तरीके से फिसलने व गिरने से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में गौधला में 23 से 29 फरवरी, त्रिलोकीनाथ में 5 से 11 मार्च तक बुनियादी स्की खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जायगा और जिला स्तरीय स्की खेल प्रतियोगिता का आयोजन 12 और 13 मार्च को त्रिलोकीनाथ में आयोजित की जाएंगी और सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों से चुने हुए 20 उत्कृष्ट मेधावी प्रतिभागियों के लिए 20 मार्च से 2 अप्रैल तक जिस्पा में बुनियादी स्की खेल का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# होटल कारोबारियों की कमर तोड़ रहे प्रदेश सरकार के फरमान: रोशन ठाकुर

अनंत ज्ञान

**मनाली।** होटलियर एसोसिएशन मनाली के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार के फरमान होटल कारोबारियों की कमर तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि होटलों में फायर सिस्टम के कड़े नियम कारोबारियों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार ने प्रदेश के सभी होटलों, कॉमर्शियल बिल्डिंग्स व पर्यटन परिसरों में फायर सिस्टम (स्मोक डिटेक्टर, स्प्रिंकलर, वॉटर हाइड्रेंट) लगाना अनिवार्य कर होटल कारोबारियों की नींद उड़ा दी है। कठोर नियम के चलते पुराने होटलों में इस नियम का पालन करना असंभव सा हो गया है। रोशन ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण भी है, लेकिन इसके नियम इतने कठोर हैं कि होटल संचालकों के लिए प्रदेश सरकार का यह फरमान बड़ा आर्थिक संकट बनकर आया है। उन्होंने कहा कि होटल में लाख लीटर पानी की स्टोरेज का नियम किसी भी दृष्टि से जायज नहीं है। रोशन ने कहा कि पर्यटन उद्योग आर्थिक संकट से जूझ रहा है। प्रदेश सरकार ने हाउस टैक्स सहित पानी, बिजली के बिलों में कई गुणा बढ़ोतरी कर होटल कारोबारियों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि बरसात में आई प्राकृतिक आपदा ने होटल कारोबारियों को उठने लायक नहीं रखा है रही सही कसर प्रदेश सरकार ने हाउस टैक्स सहित पानी



बिजली के बिलों में बढ़ोतरी कर पूरी कर दी है। रोशन ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि अग्निशमन संयंत्र के नियमों को सरल किया जाए। हाउस टैक्स सहित पानी–बिजली के बढ़े बिलों को कम किया जाए। रोशन ने देश भर से पर्यटकों से भी आग्रह किया कि इन दिनों मनाली के अधिकतर पर्यटन स्थल बर्फ से ढके हैं। उन्होंने कहा कि मनाली घूमने के लिए यह समय बहुत अच्छा है। पर्यटक बिना किसी संकोच के मनाली घूमने आएं। होटल एसोसिएशन मनाली पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं मुहैया करवाने को कृत संकल्प है।

# चक्का रोड और बद्दी की सड़कों की खस्ताहालत पर प्रदर्शन, लोग पलायन को मजबूर

## भाजपा ने विधायक व सरकार पर जड़े बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ की अनदेखी के आरोप, कहा-टेंडर-टेंडर का खेल अब नहीं चलेगा

अनंत ज्ञान

**ओम शर्मा, बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी की सड़कों और चक्का रोड की बदत्तर हालत को लेकर ओमैक्स पार्कवुड के बाहर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता लक्की सिंह धुन्ना की अगुआई में सैकड़ों लोग इक्कठे हुए।

प्रदर्शन में पूर्व विधायक परमजीत सिंह पम्मी व गुरमेल चौधरी ने भी समर्थकों सहित शिरकत की। लोगों ने दून विधायक, प्रदेश सरकार और संबंधित विभागों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लक्की सिंह धुन्ना ने कहा के ओमैक्स पार्कवुड बद्दी की सबसे पॉश हाऊसिंग कॉलोनी है, लेकिन चक्का रोड की दुर्दशा की वजह से यहां रहने वाले उद्योगपति, व्यापारी और स्थानीय लोग नर्क से भी बदत्तर जिंदगी जी रहे हैं। महिलाओं ओर बच्चों को रोज परेशानी झेलनी पड़ रही है, लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। लाखों रुपए के फ्लैट खरीदने के बाबजूद ओमैक्स के लोग धूल फांक रहे हैं।

एक तरफ सरकार हिम चंडीगढ़ बसाने का दावा करती है, लेकिन आजतक बद्दी की सड़कों का सुधार तो कर नहीं पाई। लोगों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा अगर सरकार व संबंधित विभागों ने जल्द सड़कों का सुधार नहीं किया, तो लोग चक्का जाम करने ओर सड़कों पर उतरेंगे।

### बीबीएन से करोड़ों का टैक्स, पर सड़कें खस्ताहाल : परमजीत पम्मी

**पूर्व** विधायक परमजीत सिंह पम्मी ने कहा के कांग्रेस सरकार प्रदेश में पूरी तरह से फेल है। बीबीएन से करोड़ों रुपए का टैक्स सरकार को जा रहा है, बावजूद इसके बद्दी की सड़कों की हालत खस्ता है। परमजीत पम्मी ने आरोप लगाया के सरकार के मुखिया गहरी नींद में है और विधायक पूर्व भाजपा सरकार के समय में हुए कामों का श्रेय लेकर 3 साल से जनता को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा नेता गुरमेल चौधरी ने भी जमकर बद्दी की सड़कों की दुर्दशा पर भड़ास निकाली।



चक्का रोड, बद्दी की सड़कों की दुर्दशा को लेकर ओमैक्स के बाहर विरोध प्रदर्शन करते लोग। अनंत ज्ञान

### 3 माह में 100 मीटर नहीं बना चक्का रोड

**विधायक** राम कुमार टेंडर-टेंडर खेलकर जनता को गुमराह कर रहे हैं, जबकि जमीन पर कोई काम नहीं हो रहा। आज चक्का रोड, हाउसिंग बोर्ड की सड़कों और सभी लिंक रोड का बुरा हाल है। 3 महीने से चक्का रोड का काम चला है, लेकिन 100 मीटर सड़क नहीं बनी।

### पलायन को मजबूर ओमैक्स के बाशिंदे

**ओमैक्स** के लोगों केके मेहता, उमेश सोढ़ी, विवेक कौशल, अखिल दीक्षित, शिवम मिश्रा, अनिल बाल्याण, अजय तिवारी, सुनील पांडे, मुकेश सिंगला, संजीव शर्मा, मनीष तिवारी, अजय तिवारी, गौतम शर्मा, अंशुमन उप्पल, अजय पांडे, प्रदीप दुवे, लोकेश दत्ता, अजय साही, अमर सिंह, कृपा राम, मनमोहन सिंह ने कहा कि आज ओमैक्स में रहने वाले लोग सड़क की दुर्दशा की वजह से पलायन को मजबूर हैं। अगर बद्दी की सड़कों की यही हालत रही तो जल्द ही बीबीएन खाली हो जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पच्छाद युवा कांग्रेस का केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पच्छाद युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के विरोध में उनका पुतला जलाकर रोष व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने तथाकथित 'एपस्टीन फाइल' के दबाव में अमेरिका के साथ किसान विरोधी डील साइन की है। साथ ही लोकतांत्रिक विरोध को राष्ट्रविरोध बताकर जनता की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि हिमाचल प्रदेश की आरडीजी ग्रांट बंद किए जाने से प्रदेश के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। युवा कांग्रेस नेताओं ने सरकार से इन सभी मुद्दों पर जवाब देने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि जनविरोधी नीतियां वापस नहीं लीं, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### एसबीएन स्कूल में दसवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** शंकर विद्या निकेतन पब्लिक हाई स्कूल में कक्षा नौवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों के प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त किया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों के आधार पर मिस्टर फेयरवेल के रूप में अनुज तथा मिस फेयरवेल के रूप में आरुषी तोमर को चुना गया। चयन की घोषणा होते ही सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। म्यूजिकल चेयर जैसी रोचक प्रतियोगिताएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। समारोह के अंत में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को स्मृति-चिह्न व उपहार भेंट किए।

### एआई समिट में कांग्रेस ने देश की छवि धूमिल करने का षड्यंत्र किया : आयुष

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति (आई.टी विभाग) के सदस्य अरुष गुप्ता ने एक अधिकारिक बयान जारी कर एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और राहुल गांधी के इशारे पर किए गए अशोभनीय व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की है। अरुष गुप्ता ने कहा कि जहाँ एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है और पूरी दुनिया भारत की शक्ति का लोहा मान रही है, वहीं कांग्रेस के 'युवा विंग' द्वारा समिट के दौरान किया गया कृत्य न केवल निंदनीय है, अपितु 140 करोड़ भारतीयों के आत्मसम्मान पर चोट है। गुप्ता ने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि यह सब राहुल गांधी के इशारे पर किया गया है। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी और उनकी पार्टी को देश की तरक्की बर्दाश्त नहीं हो रही है। जब-जब देश का नाम ऊंचा होता है, कांग्रेस का 'विदेशी टूलकिट' सक्रिय हो जाता है ताकि भारत की छवि खराब की जा सके।

### बीनू हाई स्कूल को सीनियर सेकेंडरी अपग्रेड करने की मांग

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** उपमंडल की ग्राम पंचायत बांजनी के बीनू गांव स्थित हाई स्कूल को अपग्रेड करके सीनियर सेकेंडरी करने की मांग कई सालों से उठाई जा रही है। क्षेत्र के बच्चों को सीनियर सेकेंडरी स्तर की शिक्षा के लिए दूर-दूराज के स्कूलों में जाना पड़ता है। इस सुविधा कमी के कारण विद्यार्थी, अभिभावक और समूचा क्षेत्र शिक्षा परेशानी का सामना कर रहा है। यह स्कूल 1950 के दशक में प्राथमिक स्कूल के रूप में स्थापित हुआ था। स्थापना के करीब 75 साल बाद भी इस स्कूल को अभी तक सीनियर सेकेंडरी का दर्जा नहीं मिला। हाई स्कूल बीनू उपमंडल के सबसे दूर दराज क्षेत्र में स्थित हैं। पंचायत में दूसरा न कोई हाई स्कूल है और न ही सीनियर सेकेंडरी।

### अर्की स्कूल में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह

**अनंत ज्ञान, अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र विद्यालय अर्की में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। समारोह में अभय को मिस्टर फेयरवेल चुना गया, जबकि विशाल प्रथम उपविजेता और तैसुफ द्वितीय उपविजेता रहे। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को आकर्षक बनाया।

### जल स्रोतों की स्वच्छता के लिए चलाया विशेष अभियान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** संत निरंकारी मिशन की दाड़लाघाट शाखा द्वारा अमृत परियोजना के चौथे चरण के अंतर्गत रविवार को प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक जल स्रोतों की स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ग्राम पंचायत दाड़लाघाट क्षेत्र के अंबुजा चौक दाड़ला तथा डोरी बावड़ी में साफ-सफाई की गई। मिशन के सेवादल के भाई-बहनों ने पूरे श्रद्धा भाव और सेवा भावना के साथ जल स्रोतों से गंदगी हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया। शाखा के मुखी विद्या सागर ठाकुर ने बताया कि यह सेवा अभियान सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन सानिध्य में स्वच्छ जल, स्वच्छ मन संदेश के साथ आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा प्राकृतिक जल स्रोतों की रक्षा के लिए प्रेरित करना है।

# नगर निगम ने पुरानी लाइन की मरम्मत के लिए जारी किया टेंडर

## सोलन की हाउसिंग कॉलोनी में सीवरेज की समस्या का होगा समाधान

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम सोलन के तहत वार्ड-14 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेज-1 में लंबे समय से चली आ रही सीवरेज व्यवस्था की समस्या अब हल होने की उम्मीद जगी है। नगर निगम ने पुरानी सीवर लाइन की मरम्मत के लिए टेंडर जारी कर दिया है, जिससे लोगों को प्रदूषित वातावरण और बदबू से निजात मिलेगी। यहां खास तौर पर हाउस नंबर 109, 108 आदि के सामने ट्राई-जंक्शन पर गलत तरीके से जुड़े सीवर सिस्टम के कारण लगातार ओवरफ्लो हो रहा है । इससे बार-बार ब्लॉकेज की समस्या उत्पन्न हो रही थी, जिसकी वजह से गलियों में गंदगी फैल रही थी। रास्ते से गुजरने वाले स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों को भयानक दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा था। गर्मियों के आगमन के साथ महामारी और रोग फैलने का खतरा भी बढ़ गया था। इस मामले को अनंत ज्ञान ने प्रमुखता से उठाया था। उनकी पहल पर नगर निगम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मरम्मत का टेंडर जारी कर दिया। अब आसपास के निवासियों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा और वरिष्ठ नागरिकों व बच्चों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव से राहत मिलेगी।



खुले में बहती सीवरेज की गंदगी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा



"नगर सीवरेज लाइन की मरम्मत के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वर्क अवार्ड होते ही मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा, जिससे कॉलोनी में सीवरेज की इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा।

राजीव कौड़ा, पार्षद, वार्ड 14

बता दें कि नगर निगम सोलन के वार्ड-14 की हाऊसिंग कॉलोनी में लोगों को लम्बे समय से सीवरेज समस्या और सड़क की खस्ता हालत से निजात नहीं पा रही है। कॉलोनी में सड़क की खस्ताहालत के साथ सीवरेज की समस्या से स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं राहगीरों को भी हमेशा गंदगी का सामना करना पड़ता है। बावजूद इसके नगर निगम समस्या का हल नहीं कर पा रहा है।जगह-जगह खुले में खुले में बह रहा सीवरेज स्वास्थ्य के लिहाज से खतरा बन चुका है। लोगों का कहना है कि कॉलोनी में सीवरेज समस्या को लेकर नगर निगम और वार्ड पार्षद को को समय-समय पर अवगत करवाया जाता है। पर अभी समस्या का पूरी तरह निदान नहीं हो पाया है।

हाउसिंग कॉलोनी फेज-1 की समस्याओं को लोग निगम के अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं। वेलफेयर सोसाइटी ने सीवरेज, सड़क व पार्किंग की समस्या को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा। इसमें मुख्यता सीवरेज समस्या के समाधान को बड़ी योजना बनाने की मांग की। हाउसिंग कॉलोनी में आबादी बढ़ने से सीवरेज और सड़कों पर अत्याधिक दबाव पड़ रहा है।

### इंदौर में दम दिखाएगी हिमाचल पुलिस की टीम

# ऑल इंडिया पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता को टीम रवाना



विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेगी 10 सदस्यीय टीम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नाहन।** मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित होने वाली 19वीं ऑल इंडिया पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस की टीम शनिवार को छठी भारतीय रिजर्व बटालियन मुख्यालय धौलाकुआं, जिला सिरमौर से रवाना हुई। छठी भारतीय रिजर्व बटालियन के कमांडेंट आईपीएस भागमल ठाकुर तथा हिमाचल प्रदेश पुलिस शूटिंग क्लब के कोच इंस्पेक्टर सुरेश चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता 24 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित की जाएगी, जिसमें हिमाचल प्रदेश पुलिस शूटिंग क्लब की 10 सदस्यीय टीम हिस्सा लेगी। टीम मैनेजर एचपीएस एसीओ विजय कुमार 25 मीटर रैपिड फायर और 25 मीटर सेंट्रल फायर स्पर्धा में भाग लेंगे। इंस्पेक्टर सुरेश कुमार चौहान 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल, 25 मीटर रैपिड फायर तथा 50 मीटर प्रोन स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। हेड कांस्टेबल सचिन पाल टीम के कप्तान होंगे और 25 मीटर सेंट्रल फायर तथा 300 मीटर प्रोन स्पर्धाओं में भाग लेंगे।

हेड कांस्टेबल विशाल ठाकुर 10 मीटर एयर पिस्टल, हेड कांस्टेबल शुभम 300 मीटर प्रोन व 50 मीटर प्रोन तथा हेड कांस्टेबल सनी कुमार 50 मीटर प्रोन और 300 मीटर प्रोन स्पर्धाओं में भाग लेंगे। कांस्टेबल रोहित भारद्वाज 10 मीटर एयर पिस्टल व 50 मीटर प्रोन, कांस्टेबल राजेश कुमार 10 मीटर पिस्टल व 25 मीटर सेंट्रल फायर तथा कांस्टेबल तेज सिंह 10 मीटर एयर पिस्टल व 50 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में अपना दमखम दिखाएंगे। महिला वर्ग में लेडी कांस्टेबल आशा 50 मीटर प्रोन स्पर्धा में भाग लेंगी।

# स्कूल बंद, महंगाई व टैक्स से जनता त्रस्त वर्तमान सरकार पटरी से उतरी : बिंदल

अनंत ज्ञान

**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने आज नाहन नगर के बूथ नंबर 43 एवं 44 के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ अपने निवास विला-राउंड, नाहन में प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का 131वां एपिसोड सुनने के बाद कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की।



भाजपा कार्यकर्ताओं से बात करते डॉ. राजीव बिंदल। अनंत ज्ञान

डॉ. बिंदल ने हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सरकार प्रशासनिक और वित्तीय मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने 1500 से अधिक स्कूल बंद कर दिए और हाल ही में 150 स्कूल और बंद किए गए, जबकि कई कॉलेजों को मर्जर के नाम पर समाप्त किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली बिलों में भारी वृद्धि ने आम जनता की परेशानी बढ़ा दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने कर्ज लेकर खर्च किए और अब उसका बोझ जनता पर डाला जा रहा है। डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रदेश की जनता सब देख रही है और समय आने पर जवाब देगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के संदेश से प्रेरणा लेकर संगठन को और मजबूत करें तथा जनसेवा के कार्यों को तेज करें।

# सुक्खू सरकार ने राज्य सूचना आयोग को बना दिया है सफेद हाथी : मेला राम

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ने राज्य सूचना आयोग सफेद हाथी बनाकर आम लोगों को सूचना के अधिकार से वंचित कर दिया है।



उन्होंने कहा कि राज्य सूचना आयोग में एक साल से लंबित पड़े हैं ढाई हजार से अधिक आवेदन व राज्य सूचना आयुक्तों के दोनों पद 1 साल से खाली पड़े हैं। प्रदेश सरकार ने इन पदों को भरने के लिए कोई प्रयास नहीं किए। देशभर में सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाने और आम लोगों को सूचना प्राप्त करने के लिए बनाए गए सबसे मजबूत सूचना का अधिकार अधिनियम हिमाचल प्रदेश में पूरी तरह से निष्क्रिय हो चुका है।

मेलाराम शर्मा ने बताया कि इस सरकार ने राज्य सूचना आयुक्तों के दोनों पदों को भरने के लिए विभिन्न समाचार पत्रों में तीन-तीन बार आवेदन आमंत्रित करने के विज्ञापन प्रकाशित करने पर लाखों रुपए खर्च कर दिए हैं। मेलाराम शर्मा ने प्रदेश सरकार को चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा राज्य सूचना आयुक्तों के दोनों खाली पदों को तुरंत नहीं भरा गया तो प्रदेश के आरटीआई एक्टिविस्ट सड़कों पर उतरने और प्रदेश उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर होगा।

### कोलर में स्कूल बस और मोटरसाइकिल की टक्कर, तीन घायल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस थाना माजरा के अंतर्गत कोलर में एक सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्ति घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार माइंड ट्री स्कूल खजुरना (नाहन) की स्कूल बस नाहन से पांवटा साहिब की ओर जा रही थी। कोलर में बस चालक ने वाहन को अचानक पीछे की ओर मोड़ दिया। उसी समय पीछे से नाहन से पांवटा साहिब की दिशा में आ रही एक मोटरसाइकिल बस की ड्राइवर साइड खिड़की से टकरा गई। हादसे में मोटरसाइकिल चालक मोहित शर्मा तथा पीछे बैठे आर्यन निवासी बडाबन, जिला सिरमौर घायल हो गए। बस चालक दिनेश कुमार भी इस दुर्घटना में घायल हुआ है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मामला दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है।

# प्रदेश में कॉलेज बंद करने के विरोध में एवीबीपी ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश में स्कूल और कॉलेज बंद किए जाने के विरोध में रविवार को नाहन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन किया। पीजी कॉलेज नाहन में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षण संस्थानों को दोबारा खोलने की मांग उठाई। मीडिया से बात करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला कार्यालय मंत्री एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गौरव बगतान ने बताया कि जब से हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, तब से व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर यह सरकार जन विरोधी निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि बीते तीन वर्षों में प्रदेश में 1000 से अधिक स्कूल और करीब 19 कॉलेज बंद किए जा चुके हैं। एबीवीपी ने इसे शिक्षा विरोधी निर्णय शिक्षा विरोधी निर्णय बताया है। उनका कहना है कि बीते कल रोनहाट कॉलेज को बंद करने की सूचना मिली है, जिससे स्थानीय छात्रों और अभिभावकों में चिंता का माहौल है। छात्रों का तर्क है कि दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए यह निर्णय बेहद परेशान करने वाला है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्य के माध्यम से प्रदेश सरकार को एक मांग पत्र भी भेजा जा रहा है।

# जल स्रोतों का निरीक्षण व परीक्षण कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाएं : डीसी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि जल शक्ति विभाग समय-समय पर पारंपरिक जल स्त्रोतों का निरीक्षण व परीक्षण कर आमजन को गुणवत्तायुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। मनमोहन शर्मा जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने पानी की जांच के लिए जल शक्ति विभाग को जिला की सभी ग्राम पंचायतों में जल परीक्षण फील्ड टेस्टिंग किट समय-समय पर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए ताकि समुचे क्षेत्र को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों को सभी होटल, ढाबों, रेस्तरां में उपयोग होने वाले पेयजल की गुणवत्ता को समय-समय पर जांच करने के निर्देश भी दिए।

उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग और जल शक्ति विभाग को नियमित अंतराल पर विभिन्न पेयजल आपूर्ति भंडारण टैंकों का निरीक्षण कर इनमें समय-समय पर ब्लीचिंग पाउडर की उचित मात्रा डालकर स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मनमोहन शर्मा ने कहा कि ज़िला में 16 मार्च से 31 मार्च, 2026 तक डायरिया मुक्त अभियान आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण स्तर तक डायरिया रोग के बचाव के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक करना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को पारम्परिक जल स्त्रोतों पर शुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए आरओ प्लांट स्थापित करने के लिए संभावनाएं तलाशने के निर्देश भी दिए।

# शिक्षक कामेश्वर शर्मा की त्रिभाषा सूक्ति-संग्रह पुस्तक का विमोचन

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** उपमंडल अर्की की ग्राम पंचायत सेवड़ा चंडी के गांव बंबेली निवासी संस्कृत शिक्षक कामेश्वर शर्मा की त्रिभाषा सूक्ति-संग्रह पुस्तक द क्वेस्ट फॉर विज़डम प्रज्ञाया: अन्वेषणम् का द्वितीय संस्करण भारतीय नौसेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी द्वारा विमोचित किया गया। इस अवसर पर पुस्तक को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष गरिमा प्राप्त हुई। यह पुस्तक संस्कृत, हिंदी और अंग्रेज़ी तीनों भाषाओं में प्रकाशित की गई है। इसमें सर्वप्रथम संस्कृत की चयनित सूक्तियां दी गई हैं, जिनका सरल हिंदी तथा अंग्रेजी में अर्थ भी साथ में प्रस्तुत किया गया है। ये सूक्तियां संस्कृत के विभिन्न प्राचीन ग्रंथों से संकलित की गई हैं। पुस्तक का उद्देश्य जीवन में सकारात्मक चिंतन को बढ़ावा देना तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल्यों का व्यापक प्रसार करना है।

कामेश्वर शर्मा पिछले 15 वर्षों से रक्षा मंत्रालय के सैनिक स्कूल रीवा में संस्कृत शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त वे राष्ट्रीय कैडेट कोर में प्रथम अधिकारी की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें पूर्व में नौसेना के वरिष्ठ कमांड अधिकारी द्वारा प्रशंसा-पत्र से सम्मानित किया जा चुका है।

# केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने युवा प्रतिभाओं को किया प्रेरित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल में शनिवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और रसायन एवं उर्वरक मंत्री तथा भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह ने हार्दिक स्वागत किया और संस्था के साथ उनके निरंतर जुड़ाव और अमूल्य योगदान के लिए गहरी सराहना व्यक्त की। उन्होंने नड्डा की अनुकरणीय राजनीतिक उपलब्धियों की प्रशंसा की और एक अभिभावक के रूप में पाइनग्रोव के प्रति उनके अटूट स्नेह को स्वीकार किया। छात्रों को दिए गए अपने संबोधन में नड्डा ने पाइनग्रोव को एक विशिष्ट और प्रगतिशील संस्था बताया, जिसका मिशन कार्यकारी निदेशक के गतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व में निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने विद्यालय के समग्र शैक्षिक लोकाचार की सराहना की, जो छात्रों में अनुशासन, टीम वर्क, नेतृत्व और चरित्र का विकास दर्शाता है। एक बोर्डिंग छात्र के रूप में अपने प्रारंभिक वर्षों को याद करते हुए नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि पाइनग्रोव जैसे आवासीय विद्यालय किस प्रकार लचीलापन, आत्मनिर्भरता और सौहार्द की भावना को पोषित करते हैं। ये ऐसे गुण हैं जो तेजी से विकसित हो रही दुनिया में फलने-फूलने के लिए आवश्यक हैं।



पाइन ग्रोव स्कूल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा। अनंत ज्ञान

अपनी यात्रा के दौरान, माननीय मंत्री ने विद्यालय के अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का दौरा किया और छात्रों और शिक्षकों के साथ सौहार्दपूर्ण बातचीत की। बोर्ड परीक्षाओं में बैठने वाले कक्षा 10 और 12 के छात्रों को संबोधित करते हुए, उन्होंने उन्हें बड़े सपने देखने, मोबाइल की लत से दूर रहने और ज्ञान, ईमानदारी और सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। नड्डा के साथ शिमला के सांसद सुरेश कश्यप और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राजीव सैजल भी थे। यह दौरा पाइनग्रोव समुदाय के लिए एक यादगार अवसर था, जिसने समग्र शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के प्रति स्कूल की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# टैरिफ में बदलाव से भारत और अमेरिका ट्रेड डील बैठक टली

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर वॉशिंगटन में होने वाली बैठक स्थगित कर दी है। यह बैठक 23-26 फरवरी को वॉशिंगटन में होने वाली थी। इस बैठक का मकसद 7 फरवरी को जारी 'जॉइंट स्टेटमेंट' के आधार पर कानूनी ड्राफ्ट तैयार करना था। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि दोनों पक्षों ने तय किया है कि हालिया टैरिफ बदलावों के कारण भारतीय टीम की यह यात्रा टाल दी गई है। इन बदलावों की समीक्षा के बाद बैठक की नई तारीख तय की जाएगी। अब इस बैठक के टलने से ट्रेड डील में देरी हो सकती है। दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया था। इसके बाद ट्रंप ने शुक्रवार को ही दुनियाभर पर पहले 10% टैरिफ लगाया, फिर 24 घंटे के अंदर ही उसे बढ़ाकर 15% कर दिया। ट्रंप ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ रद्द करने के फैसले के 3 घंटे बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। ट्रंप ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ रद्द करने के फैसले के 3 घंटे बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की। (अनंत ज्ञान)

## भारत पर कितना टैरिफ लगेगा

अब ट्रंप के टैरिफ में बदलाव से भारत पर लगे टैरिफ को लेकर अब भी सवाल उठ रहा है कि भारत को 18% टैरिफ देना होगा या 15%। इसकी दो वजहें हैं। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि भारत के साथ ट्रेड डील पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह पहले की तरह आगे बढ़ेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया ब्रिटेन, भारत और यूरोपीय संघ सहित अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को अब धारा 122 के तहत 10% वैश्विक टैरिफ का ही सामना करना पड़ेगा, न कि उस टैरिफ दर का जिस पर उन्होंने पहले बातचीत की थी। इस आधार पर शनिवार के ऐलान के बाद 15% रहेगा। बीबीसीसी रिपोर्ट सही मानें तो भारत पर कुल टैरिफ 18% घटकर 15% रह जाएगा, जबकि ट्रंप का बयान 18% टैरिफ की ओर इशारा कर रहा है। कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने 7 फरवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका के साथ ट्रेड डील की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है।

## मन की बात के 131वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिए तीन मंत्र

# टेक्नोलॉजी अपनाएं, ऑर्गन डोनेशन को बढ़ावा दें; साइबर क्राइम से सतर्क रहें

**एजेंसी, नई दिल्ली**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 131वें एपिसोड में देश को तीन मंत्र दिए। उन्होंने टेक्नोलॉजी, ऑर्गन डोनेशन और साइबर क्राइम पर बात की। इसके साथ ही उन्होंने होली और रमजान की शुभकामनाएं दीं।

पीएम ने कहा कि दिल्ली में ग्लोबल एआई इंपैक्ट समिट के दौरान कई देश के नेता, उद्योग जगत के लीडर्स, इनोवेटर, टेक कंपनी के दिग्गज जुटे। उन्होंने कहा कि समिट में मैंने दुनिया के लीडर्स को बहुत सी चीजें दिखाईं। एआई की मदद से प्राचीन ग्रंथों को, पांडुलिपि को संरक्षित कर रहे हैं। एग्जीविशन के दौरान सुश्रुत संहिता का डिस्प्ले किया गया। इसे पढ़ने लायक टेक्स्ट में बदला गया। भारतीय और विदेशी भाषाओं में इसे बदला जा सकता है। पीएम ने कहा कि एआई समिट में भारत की ताकत दुनिया के सामने आई। युवाओं में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को लेकर उत्साह बढ़ रहा है। पीएम ने कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप में कई देशों में भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। वे दूसरे देश से इसलिए खेल रहे होते हैं, क्योंकि उनका परिवार वहां बस चुका है। (अनंत ज्ञान)

## देश में ऑर्गन डोनेशन की जरूरत

पीएम मोदी ने कहा कि केरल में 10 महीने की बच्ची आलीन की मौत हो गई। उसके माता-पिता जिस पीड़ा से गुजर रहे होंगे, उसे शब्दों में नहीं बताया जा सकता। माता-पिता ने आलीन के अंग दान का फैसला लिया। आलीन का नाम सबसे कम उम्र की ऑर्गन डोनेशन की लिस्ट में जुड़ गया है। देश में ऑर्गन डोनेशन की जरूरत है। पीएम ने कहा कि दिल्ली की लक्ष्मी देवी ने केदारनाथ की यात्रा हार्ट ट्रांसप्लांट के बाद की। उन्हें एक डोनर का हार्ट मिला, इससे लक्ष्मी की जिंदगी बदल गई। ऐसे ही राजस्थान के सीकर के रामदेव को किडनी ट्रांसप्लांट कराया, आज वे स्पोर्ट्स में हैं।

**डिजिटल अरेस्ट अवेयरनेस पर भी बात की:** पीएम ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट को लेकर समाज में जागरूकता तो आई, लेकिन अभी भी बहुत अवेयरनेस की जरूरत है। कई बार लोगों से ठगी हो जाती है। कोई फोन कर बोलता है कि 'मैं बड़ा अधिकारी हूं, डिटेल शेयर कीजिए' लोग इसमें फंस जाते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी को बैंक से केवाईसी, री-केवाईसी मैसेज आते हैं। आज कल पेंशन, सब्सिडी, बीमा, यूपीआई सब कुछ बैंक खाते से जुड़ा है। इसलिए बैंक बीच-बीच में केवाईसी करते रहते हैं, री-केवाईसी करते रहते हैं, लेकिन हमें धोखेबाजों से बचकर रहना है।

## ईरान से बढ़ा तनाव, अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने सैनिकों के ठिकाने बदले

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अलग-अलग जगहों पर तैनात अपने सैन्य कर्मचारियों को दूसरी जगहों पर भेजना शुरू कर दिया है। यह बदलाव ईरान के साथ सीधे सैन्य टकराव के बढ़ते खतरे को देखते हुए किया जा रहा है। 'द येरुसलम पोस्ट' ने 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' के हवाले से बताया है कि पेंटागन के अधिकारियों के मुताबिक, कतर के अल उदीद बेस से सैकड़ों सैनिकों को दूसरी जगह भेजा गया है। इसी तरह के बदलाव बहरीन (जहां नेवी के 5वें बेड़े का मुख्यालय है), इराक, सीरिया, कुवैत, सऊदी अरब, जॉर्डन और संयुक्त अरब अमीरात में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर भी देखे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों को डर है कि इस इलाके में अभी तैनात 30,000 से 40,000 अमेरिकी सैनिक युद्ध की स्थिति में ईरान का मुख्य निशाना बन सकते हैं। सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि अगर अब टकराव होता है, तो वह जून 2025 में अल उदीद पर हुए हमले से काफी अलग होगा। उस समय ईरान ने अमेरिका को पहले से जानकारी दे दी थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। जेरूसलम पोस्ट ने संयुक्त राष्ट्र में ईरानी मिशन की एक सख्त चेतावनी का भी जिक्र किया है।

इसमें कहा गया था कि अगर अमेरिका हमला करता है, तो इस इलाके में दुश्मन सेना के सभी बेस और संपत्तियां उनका सही निशाना होंगी। इन खतरों को देखते हुए, अमेरिका अपनी सेना और हितों की सुरक्षा के लिए मिडिल ईस्ट में एयर डिफेंस सिस्टम को शिफ्ट कर रहा है। इसके साथ ही, दो एयरक्राफ्ट कैरियर को ईरानी इलाके से काफी दूरी पर रखने का फैसला किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# रूस ने यूक्रेन पर किए मिसाइल और ड्रोन हमले

**एजेंसी, कीव**



रूस ने यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिसमें कीव क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने रविवार को बताया कि ध्वस्त इमारतों के मलबे से एक बच्चे समेत आठ अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

हमले के कारण कीव के उपनगरों के पांच जिलों ओबुखिव, ब्रोवरी, बोरिस्पिल, बुचा और फास्तिव में नुकसान हुआ और वहां आग लग गई। फास्तिव जिले के पुत्रिवका गांव में आपातकालीन राहतकर्मी मलबे में दबे लोगों को बचाने के लिए अभियान चला रहे थे। आपातकालीन सेवा ने बताया कि रूस ने यूक्रेन के दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र में ऊर्जा अवसंरचना को भी निशाना बनाया, जिससे भीषण आग लग गई। बाद में आग पर काबू पा लिया गया। लगभग चार वर्ष पहले रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश के खिलाफ युद्ध शुरू करने के बाद से और पिछले वर्ष अमेरिका के नेतृत्व वाले शांति प्रयासों में नयी पहल के बावजूद यूक्रेनी नागरिक लगातार हवाई हमलों का सामना कर रहे हैं। रूस ने देश के ऊर्जा ग्रिड को निशाना बनाते हुए हमले तेज कर दिए हैं, जिससे भीषण ठंड के बीच यूक्रेन के नागरिकों को बिजली आपूर्ति से वंचित होना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

## पोरबंदर तट पर नाव के साथ ईरान के 4 नागरिक गिरफ्तार

**एजेंसी, पोरबंदर।** भारतीय तटरक्षक बल ने एक बड़े समुद्री अभियान के तहत गुजरात के पोरबंदर के पास एक संदिग्ध विदेशी नाव को रोककर जांच की। इस नाव पर ईरानी चालक दल सवार था और इसमें तस्करी कर लाई जा रही विदेशी ब्रांड की बड़ी मात्रा में सिगरेट बरामद की गई। सिगरेट की बाजार कीमत 5 करोड़ के आसपास आंकी गई है। यह कार्रवाई कुछ दिन पहले हुए एक अन्य बड़े समुद्री अभियान के बाद हुई है। भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड के साथ मिलकर खुफिया सूचना के आधार पर एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया था। नाव को आगे की जांच के लिए पोरबंदर लाया गया है। नाव के होल्ड में छिपाकर रखे गए थे 200 कार्टन। तटरक्षक बल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया कि 21 फरवरी को भारतीय तटरक्षक जहाज ने द्वारका से लगभग 115 समुद्री मील पश्चिम में भारतीय ईईजेड के भीतर एक संदिग्ध विदेशी नाव को रोका था। जांच के दौरान नाव की पहचान 'अल मुख्तार' के रूप में हुई, जिस पर चार ईरानी नागरिक चालक दल के रूप में मौजूद थे। तलाशी लेने पर नाव के होल्ड में छिपाकर रखे गए 200 कार्टन बरामद किए गए, जिनमें करीब एक लाख पैकेट विदेशी ब्रांड की सिगरेट छिपाई गई थीं। (अनंत ज्ञान)

# रिसर्च: अमेरिका में हिंदू सबसे ज्यादा शिक्षित धार्मिक समूह, 70% के पास बैचलर डिग्री

## यहूदी दूसरे नंबर पर, 65 प्रतिशत के पास बैचलर डिग्री

**एजेंसी, वाशिंगटन।**



अमेरिका में हिंदू सबसे ज्यादा शिक्षित धार्मिक समुदाय हैं। प्यू रिसर्च सेंटर की 2023-24 रिलिजियस लैंडस्केप स्टडी (आरएलएस) के मुताबिक 70% हिंदुओं के पास बैचलर या उससे अधिक की डिग्री है। इस अध्ययन के अनुसार, हिंदुओं के बाद 65 प्रतिशत यहूदियों के पास बैचलर डिग्री या उससे ऊंची शिक्षा है। यह आंकड़ा पूरे अमेरिका के वयस्कों के औसत से काफी अधिक है, जहां सिर्फ 35 प्रतिशत लोगों के पास बैचलर डिग्री या उससे ऊपर की पढ़ाई है। रिपोर्ट 19 फरवरी को सार्वजनिक की गई थी।

अन्य धार्मिक समूहों में भी औसत से ज्यादा शिक्षा स्तर देखा गया है। मुस्लिम, बौद्ध और ऑर्थोडॉक्स ईसाई समुदायों में 40 प्रतिशत से अधिक वयस्कों के पास कम से कम बैचलर डिग्री है। मेनलाइन प्रोटेस्टेंट ईसाई भी राष्ट्रीय औसत से ऊपर हैं। वहीं, इवैंजेलिकल प्रोटेस्टेंट, कैथोलिक और ऐतिहासिक रूप से ब्लैक प्रोटेस्टेंट चर्चों के सदस्यों में कॉलेज ग्रेजुएट्स का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से कम है। यह सर्वेक्षण 17 जुलाई 2023 से 4 मार्च 2024 तक चला, जिसमें कुल 36,908 अमेरिकी वयस्कों ने हिस्सा लिया। यह अध्ययन अमेरिका में धर्म, शिक्षा और सामाजिक जीवन के बीच संबंधों को समझने में महत्वपूर्ण है। प्यू के मुताबिक इन शैक्षिक अंतर की बड़ी वजह इमिग्रेशन और जनसांख्यिकीय पैटर्न हैं। हिंदू, मुस्लिम और बौद्ध समुदाय के कई लोग उच्च शिक्षा या स्किल्ड वर्कर कार्यक्रमों के जरिए अमेरिका पहुंचे, जिससे इन समुदायों में उच्च शिक्षित आबादी का अनुपात अधिक है। (अनंत ज्ञान)

## जयराम रमेश बोले-मोदी तारीफ करते रहे, ट्रंप टैरिफ लगाते रहे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि पीएम मोदी तारीफ करते रहते हैं, जबकि ट्रंप टैरिफ लगाते रहते हैं। मैं यह राष्ट्रपति ट्रम्प के बयानों के आधार पर कह रहा हूं। जयराम रमेश ने कहा कि अगर समझौता होना है तो बराबरी का होना चाहिए। लेन-देन का मतलब यह नहीं है कि भारत सिर्फ देता रहेगा और कुछ लेगा नहीं। रमेश ने कहा कि यह डील संतुलित नहीं बल्कि एकतरफा है। इसका सबसे बड़ा असर देश के किसानों पर पड़ेगा।

**ट्रेड डील किसानों के गले में फंदे जैसा:** कांग्रेस नेता ने कहा कि यह समझौता मक्का, कपास, सोयाबीन, सेब, फल और अखरोट उगाने वाले किसानों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। क्या सरकार गारंटी दे सकती है कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और राजस्थान के किसान इस डील से प्रभावित नहीं होंगे? रमेश ने कहा कि यह किसानों के गले में फांसी जैसा है। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर भोपाल, यवतमाल और श्रीगंगानगर में 'महा किसान महा चौपाल' आयोजित करेगी। अगर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने वाला था, तो व्यापार समझौते को इतनी जल्दबाजी में लागू करने की जरूरत क्यों पड़ी? जब टैरिफ 18% से घटाकर 10% किए गए, तो क्या भारत कृषि उत्पादों पर लगे कर को घटाने या हटाने की मांग करेगा? (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सैमसंग का एआई स्मार्टफोन प्री-रिजर्वेशन ऑफर घोषित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने अपने आगामी एआई स्मार्टफोन को प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा की। प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को 256 जीबी से 512 जीबीतक का मेमोरी अपग्रेड मुफ्त (कॉम्प्लिमेंट्री) दिया जाएगा। सैमसंग का अगला एआई फोन 25 फरवरी को सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में आयोजित होने वाले 'गैलेक्सी अनपैक्ड' इवेंट में पेश किया जाएगा। ग्राहक 25 फरवरी तक 999 रुपए की रिफंडेबल टोकन राशि जमा करके नए गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस को प्री-रिजर्व कर सकते हैं। प्री-रिजर्वेशन की सुविधा सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स और देशभर के प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है।

### जी व्र्ल्ड स्कूल ने स्पोर्ट्स-डे धूमधाम से मनाया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जी वर्ल्ड स्कूल, मोहाली ने अपना सालाना स्पोर्ट्स डे बड़े जोश व खेल भावना के साथ मनाया। इस इवेंट का मकसद स्टूडेंट्स में फिजिकल फिटनेस, डिसिप्लिन, टीम वर्क और ओवरऑल डेवलपमेंट को बढ़ावा देना था। इस प्रोग्राम में चीफ गेस्ट के तौर पर संजय टंडन, सीनियर लीडर, भाजपा, प्रभारी, भाजपा हिमाचल प्रदेश, चेयरमैन, स्टैंडिंग स्पोर्ट्स कमेटी एडवाइजरी ऑफ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन, एक्स-प्रेसिडेंट, चंडीगढ़ भाजपा और एक्स-प्रेसिडेंट, यूटीसीए, क्रिकेट एसोसिएशन मौजूद रहे। अपने इंस्पायरिंग भाषण में, उन्होंने युवा स्टूडेंट्स में लीडरशिप क्वालिटी, रेजिलिएंस और कॉन्फिडेंस बढ़ाने में स्पोर्ट्स की इंपॉर्टेंस पर जोर दिया। गेस्ट ऑफ ऑनर में हरमनजीत सिंह गोराया, नेशनल अवार्डी; मिसेज दिव्या पी, आई एस, एसडीएम, खरड़; मिस्टर करण सिंह संधू, डीएसपी, खरड़ भी शामिल हुए व मिस्टर अंकित महाजन, नायब तहसीलदार, फतेहगढ़ साहिब उनकी मौजूदगी ने इस मौके को और भी खास बना दिया व स्टूडेंट्स के लिए मोटिवेशन का एक बड़ा सोर्स बना। इस इवेंट में खास मेहमान भी आए मिस्टर अशोक शर्मा, रिटायर्ड एक्सइएन; मिस्टर हनी सनन और मिस्टर रचित मल्होत्रा, आर्किटेक्ट, जिनके सपोर्ट और हौसला ने प्रोग्राम को सफल बनाने में मदद की। यह सेलिब्रेशन स्कूल मैनेजमेंट चेयरपर्सन मिस नवदीप कौर, डायरेक्टर मिस्टर जसप्रीत वालिया और प्रिंसिपल मिस पुष्पलता झाकी शानदार लीडरशिप में हुआ, जिनके विजन व लगन ने इवेंट को आसानी से और शानदार तरीके से पूरा किया। प्रोग्राम की शुरुआत एक सेरेमोनियल वेलकम और चारों हाउस के शानदार मार्च पास्ट के साथ हुई, जिसमें एकता और डिसिप्लिन दिखा। स्टूडेंट्स ने अलग-अलग ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स, ड्रिल्स और मजेदार रेस में जोश के साथ हिस्सा लिया, जिसमें उनका पक्का इरादा, तालमेल और सच्ची स्पोर्ट्समैनशिप दिखाई दी।

### एसबीआई में मनाया अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक, चंडीगढ मंडल द्वारा प्रधान कार्यालय में 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंडीगढ़ मंडल के मुख्य महाप्रबंधक, कृष्ण शर्मा ने की। कार्यक्रम में नीरज भारती, महाप्रबंधक (नेटवर्क-2), विमल किशोर, महाप्रबंधक (नेटवर्क-3), काजल कुमार भौमिक, उपमहाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी, व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न मातृभाषाओं को सम्मान देना और उनके प्रयोग को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में बैंक के चंडीगढ मंडल में कार्यरत स्टाफ सदस्यों में से ऐसे लेखकों को मुख्य महाप्रबंधक, कृष्ण शर्मा द्वारा पुरस्कृत और सम्मानित किया गया, जिनकी कोई पुस्तक प्रकाशित हुई हो। मातृभाषा दिवस के अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्टाफ सदस्यों ने विभिन्न मातृभाषाओं में प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक, कृष्ण शर्मा द्वारा मातृभाषा के महत्त्व और प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि मातृभाषा में हम अपनी बात बेहतर ढंग से कह सकते हैं और उस बात का प्रभाव भी अधिक होता है। उन्होंने बताया कि ग्राहकों के साथ मातृभाषा में व्यवहार करने से हमारे व्यक्तिगत और व्यावसायिक संबंध अधिक मजबूत होंगे और ग्राहक बैंक के साथ जुड़ाव का अनुभव करेंगे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## हिमाचल महासभा पंजीकृत चंडीगढ़ ने धनास में चलाया स्वच्छता अभियान

अनंत ज्ञान




**चंडीगढ़।** हिमाचल महासभा पंजीकृत चंडीगढ़ द्वारा रविवार को मिल्क कॉलोनी, चक्की ग्राउंड, रामलीला ग्राउंड, धनास चंडीगढ़ में स्वच्छता अभियान लगाया गया।

इसमें हिमाचल महासभा पंजीकृत चंडीगढ़ के अध्यक्ष प्रिथी सिंह प्रजापति, महासचिव भागीरथ शर्मा, महासचिव सचिन रायजादा एवं स्वच्छता अभियान के संयोजक विनोद कौंडल के अलावा महासभा की पूरी कार्यकारिणी व सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा धनास के मिल्क कॉलोनी चक्की ग्राउंड, मार्केट एरिया एवं रामलीला ग्राउंड को अच्छी तरह से साफ किया। इस स्वच्छता अभियान के मुख्यातिथि सुरेंद्र पॉल, डायरेक्टर मौसम विभाग चंडीगढ़ एवं विशेषातिथि कुलजीत सिंह संधु मेयर वार्ड नंबर 14 ने भी महासभा के सदस्यों के साथ अपना पूरा सहयोग दिया। कुलजीत सिंह संधू मेयर ने हिमाचल महासभा के सभी सदस्यों का बहुत-बहुत धन्यवाद किया एवं बहुत प्रशंसा की मैंने पहली बार ऐसी संस्था देखी जिस के सभी सदस्य दिल से अपना काम करते हैं।

सनातन धर्म मंदिर कमेटी, मिल्क कॉलोनी धनास, द्वारा स्वच्छता अभियान में आए हुए सभी सदस्यों के लिए चाय पानी का इंतजाम किया तथा हिमाचल महासभा का धन्यवाद किया। हिमाचल महासभा पंजीकृत चंडीगढ़ के अध्यक्ष प्रिथी सिंह प्रजापति, कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा मुख्यातिथि, विशेषातिथि एवं सनातन धर्म मंदिर कमेटी के सदस्यों को महासभा का मोमेंटो एवं पटका देकर धन्यवाद किया तथा सनातन धर्म मंदिर कमेटी, मिल्क कॉलोनी धनास चंडीगढ़ द्वारा भी महासभा के अध्यक्ष को पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया एवं महासभा का धन्यवाद किया। यह जानकारी हिमाचल महासभा के संयुक्त महासचिव रोशन भारद्वाज द्वारा दी गई।

## यादविंद्रा पब्लिक स्कूल ने हाथी गोद लेकर दिया वन्यजीव संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** छत्तबीड़ चिड़ियाघर में यादविंद्रा पब्लिक स्कूल पटियाला ने पहल करते हुए हेमा नामक हाथी को गोद लिया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करना, पशुओं के प्रति दया भाव विकसित करना व वन्यजीव संरक्षण के प्रति गहरी समझ पैदा करना है। हाथी को गोद लेकर स्कूल ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने और वास्तविक जीवन में अपना योगदान देने का अवसर प्रदान किया है। इस अवसर पर चिड़ियाघर में विशेष गोद लेने समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बसंता राज कुमार, मुख्य वन्यजीव संरक्षण अधिकारी पंजाब, मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों में संरक्षण जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूल के प्रयासों की सराहना करते हुए इस पहल को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रिंसिपल ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ समाज और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करती हैं।

# हिमाचल से आए रसोइयों ने तैयार की धाम हजारों ने चखे पारंपरिक स्वादिष्ट व्यंजन

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** हिमाचली महासभा पंजाब की ओर से मैक्सिम मेरी स्कूल, खरड़ में आयोजित 11वां वार्षिक मिलन समारोह इस बार न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से, बल्कि सियासी चर्चा के कारण भी विशेष रूप से अहम रहा। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता हिमाचली धाम रही, जिसे विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश से बुलाए गए रसोइयों ने तैयार किया। हजारों लोगों ने पारंपरिक हिमाचली व्यंजनों का स्वाद लिया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में नगर कौंसिल खरड़ की प्रधान श्रीमती अंजू चंद्र उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि के रूप में पठानकोट से विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी पंजाब के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी शर्मा, बड़सर से विधायक इंद्र दत्त लखनपाल तथा चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने शिरकत की। इसके अतिरिक्त भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव वशिष्ठ, पार्षद रामसरूप, पार्षद सोहन सिंह, मैक्सिम मेरी स्कूल के चेयरमैन हितेंद्र कौशिक सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। यह आयोजन केवल हिमाचली धाम तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हिमाचली समुदाय ने अपनी सामाजिक समस्याओं और क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। धाम के बहाने एकत्रित हुए लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में खरड़ विधानसभा सीट से हिमाचल प्रदेश से जुड़े किसी प्रत्याशी को मैदान में उतारने की मांग भी रखी। लोगों का कहना था कि क्षेत्र में हिमाचली समाज की उल्लेखनीय आबादी है, ऐसे में समुदाय की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए एक स्थानीय प्रतिनिधि की आवश्यकता है। यह चर्चा धीरे-धीरे एक स्पष्ट राजनीतिक मांग का रूप लेती नजर आई। महासभा के चेयरमैन विनीत जोशी ने हिमाचली समाज के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि हिमाचली लोग अपनी ईमानदारी और कर्मठता के कारण क्षेत्र में अलग पहचान बना चुके हैं और अपनी सक्रिय भूमिका से क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। महासभा के संस्थापक सुधीर गुलेरिया ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रहेंगे, ताकि हिमाचली विरासत को संरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक मेलजोल बढ़ता है, जो आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इससे भावी पीढ़ी भी अपनी जड़ों से जुड़ी रहती है। हिमाचली धाम प्रसिद्ध रसोइए रवि कुमार ने तैयार की, जो पिछले 10 वर्षों से लगातार इस आयोजन में पारंपरिक धाम बना रहे हैं।

**आयोजन** मोहाली प्रेस क्लब ने संस्थाओं के साथ मिलकर लगाया फ्री मेडिकल चेकअप कैंप

# 128 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य जांच का लाभ

अनंत ज्ञान




**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** आजकल हर इंसान स्ट्रेस वाली जिंदगी जी रहा है और आम लोगों में किसी न किसी बीमारी के होने की संभावना बनी रहती है। कभी-कभी लापरवाही की वजह से छोटी-मोटी बीमारियां गंभीर बीमारी का रूप ले लेती हैं।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए मोहाली प्रेस क्लब ने श्री गुरु रविदास मेडिकल टीम व उससे जुड़ी संस्थाओं के साथ मिलकर फ्री मेडिकल चेक-अप कैंप लगाया। इस कैंप में मुख्यातिथि ट्रेडर्स कमीशन के चेयरमैन स. रणजीतपाल सिंह थे, जबकि भाजपा नेता ईशपाल चौधरी ने भी भाग लिया। स. रंजीत पाल सिंह ने कहा कि मोहाली प्रेस क्लब की समाज सेवा के लिए की गई यह कोशिश बहुत अच्छी है। उन्होंने आगे कहा कि पत्रकारिता के साथ-साथ यह तारीफ के काबिल है कि क्लब समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना अपना पहला फर्ज समझता है। उन्होंने कहा कि ऐसे हेल्थ चेकअप कैंप लगाकर हम अपने समाज की भलाई में बहुत बड़ा योगदान देते हैं। मेहमानों ने क्लब की हर तरह से मदद करने का भरोसा दिया। इस कैंप के दौरान करीब 128 लोगों ने हेल्थ चेकअप का फायदा उठाया, जबकि करीब 72 लोगों के अलग-अलग फ्री ब्लड टेस्ट हुए। एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम ने मौजूद सभी लोगों को बहुत अच्छे तरीके से हेल्थ के बारे में जागरूक किया और उन्हें बैलेंस्ड डाइट लेने और साफ-सुथरी लाइफस्टाइल अपनाने की सलाह दी। एक्सपर्ट्स में मशहूर डाइटीशियन डॉ. जगमीत सूरी (टीम गाइड माई डाइट), डॉ. वंदिता और डॉ. सुनील शर्मा क्योर हेल्थकेयर, डॉ. तन्वी एमडी अमर हॉस्पिटल (जनरल मेडिसिन), डॉ. सुचिंत (डेंटिस्ट), डॉ. एचएस चौहान (स्किन डिजीज स्पेशलिस्ट और डर्मा), डॉ. चरंजीव चटर्जी (फिजियोथेरेपिस्ट) आदि शामिल थे।

इसके अलावा, बीडीसी लैबोरेटरी और ईसीजी सेंटर, मोहाली की तरफ से यूरिक एसिड, ब्लड यूरिया, क्रिएटिनिन, इलेक्ट्रोलाइट सोडियम, पोटेशियम, क्लोराइड, ब्लड शुगर समेत किडनी के टेस्ट फ्री किए गए। टीम को-ऑर्डिनेटर संदीप कुमार और साथियों हरमनदीप सिंह, मुनीश जिंदल, कुलदीप सिंह, संदीप और पवन ने इस कैंप को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस बीच, मोहाली प्रेस क्लब के सभी गवर्निंग बॉडी मेंबर्स ने कैंप को सफल बनाने के लिए श्री गुरु रविदास मेडिकल टीम और एक्सपर्ट डॉक्टरों की पूरी टीम का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर क्लब के एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट सुशील गरचा, जनरल सेक्रेटरी गुरमीत सिंह शाही, वाइस प्रेसिडेंट मनजीत सिंह चाना और विजय पाल, जॉइंट सेक्रेटरी डॉ. रविंदर कौर और विजय कुमार, किचन कमेटी के चेयरमैन संदीप बिंद्रा, गुरनाम सागर, जसविंदर रूपल, पाल कंसाला, मंगत सिंह सैदपुर, रणजीत सिंह धालीवाल, कुलविंदर सिंह बावा, रितेश राजा, इकबाल सिंह, उजल सिंह, चरण सिंह मेन माजरी, सोशल वर्कर गुरमेल सिंह मोजोवाल मौजूद थे, जबकि मैनेजर जगदीश शारदा और हेड कुक नरिंदर ने कैंप को आसानी से चलाने में अहम योगदान दिया।

## कुलवंत सिंह ने मोहाली में मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना के रजिस्ट्रेशन केंद्रों का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम को विधानसभा हलका मोहाली में सही तरीके से लागू करने के लिए विधायक कुलवंत सिंह ने आज उन सर्विस सेंटर्स का दौरा किया, जहां रजिस्ट्रेशन होना है।

विधायक कुलवंत सिंह ने जुझार नगर, फेज-6, मोहाली गांव, फेज-1, फेज-10, सेक्टर-66, बाकरपुर, सीनेट, सेक्टर-79, सेक्टर-77 में चल रहे सर्विस सेंटर्स का जायजा लिया। इस मौके पर विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा निर्देशों पर राज्य में हर तरफ विकास के लिए कई स्कीम्स लागू की जा रही हैं। इसके साथ ही पंजाब के विकास की रफ्तार भी पहले के मुकाबले बढ़ी है। इसी तरह लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना शुरू की गई है, जिसके लिए बड़े पैमाने पर लोगों की रजिस्ट्रेशन का काम चल रहा है, ताकि मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना से जुड़े सभी के कार्ड जल्दी बन सकें और ज़रूरत पड़ने पर उन्हें अस्पतालों में 10 लाख रुपए का मुफ्त इलाज मिल सके, उन्होंने कहा कि आज वह सुबह से ही सेवा केंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं, जहां इस मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना से जुड़े रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं, सरकार ने मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना को लागू करने के लिए जरूरी इंतजाम किए हैं। वहीं, लोगों में इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, इन सभी रजिस्ट्रेशन केदो में काम तसल्ली बख्श ढंग से चल रहा है, उन्होंने कहा कि कोई भी परिवार इस योजना से वंचित न रहे, इस संबंध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक अपनी-अपनी ज़िम्मेदारी निभा रहे हैं, विधायक ने कहा कि इसके अलावा, पंजाब भर में मोहल्ला क्लीनिकों में हर दिन हजारों लोग स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से अपनी सेहत की जांच करवाते हैं, और इन मोहल्ला क्लीनिकों में दवाइयां मुफ्त दी जाती हैं और इसके साथ ही जरूरी टेस्ट भी मुफ्त किए जा रहे हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### विनिसियस जूनियर ने फिर गोल किया लेकिन रियाल मैड्रिड हारा

**एजेंसी, मैड्रिड।** विनीसियस जूनियर ने रियाल मैड्रिड के लिए एक बार फिर गोल किया, लेकिन ब्राजील का यह खिलाड़ी स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में शीर्ष पर काबिज अपनी टीम को ओसासुना के हाथों 2-1 की अप्रत्याशित हार से नहीं बचा सका। ब्राजील के इस खिलाड़ी ने इस सप्ताह के शुरू में चैंपियंस लीग मैच में प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी पर नस्लीय अपमान करने का आरोप लगाया था लेकिन उन्होंने चार मैचों में अपना पांचवां गोल करके यह साबित कर दिया कि इस घटना का उनके प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ा है, लेकिन रियाल मैड्रिड की हार से खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा है। इससे दूसरे स्थान पर काबिज बार्सिलोना को तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका मिल गया है। रियाल मैड्रिड के 25 मैच में 60 अंक जबकि बार्सिलोना के 24 मैच में 58 अंक हैं। (अनंत ज्ञान)

### कार्लोस अल्काराज ने फिल्स को हराकर जीता कतर ओपन खिताब

**एजेंसी, दोहा।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने शानदार खेल का नमूना पेश करते हुए आर्थर फिल्स को केवल 50 मिनट में 6-2, 6-1 से हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। स्पेन के इस स्टार खिलाड़ी ने



इस तरह से 2026 में अपनी जीत का सिलसिला 12 मैच तक पहुंचा दिया है। उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था। इस तरह से उन्होंने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने यानि चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनने के 20 दिन बाद कतर ओपन में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। अल्काराज़ ने कहा, ''साल की शुरुआत वाकई बहुत शानदार रही है।'' दोहा में खिताब जीतने के साथ ही अल्काराज़ के टूर-स्तरीय खिताबों की संख्या 26 हो गई है। (अनंत ज्ञान)

### टेनिस स्टार स्टीफंस और अल्टिडोर ने 4 साल का वैवाहिक बंधन तोड़ा

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पूर्व चैंपियन स्लोएन स्टीफंस और अमेरिकी पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के पूर्व खिलाड़ी जोजी अल्टिडोर ने चार साल बाद अपना वैवाहिक बंधन समाप्त समाप्त कर दिया है। अमेरिकी ओपन में 2017 की चैंपियन स्टीफंस ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में जोजी से अलग होने की घोषणा की। स्टीफंस ने लिखा, ''जोजी और मैंने अपना वैवाहिक बंधन खत्म करने का फैसला क्या है। मैं आपसी सहमति और पूरे सम्मान के साथ इस बदलाव का सामना कर रही हूं और इस दौरान निजता बनाए रखने का अनुरोध करती हूं। आपके प्यार और निरंतर समर्थन बनाए रखने के लिए हार्दिक आभार।'' 32 वर्षीय स्टीफंस 2018 में फ्रेंच ओपन में उपविजेता भी रही थी, जबकि 36 वर्षीय अल्टिडोर ने 2007 से 2019 तक अमेरिकी पुरुष फुटबॉल टीम के लिए 115 मैचों में 42 गोल किए। इसके अलावा मेजर लीग सॉकर और विदेशों में उनका लंबा पेशेवर करियर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### एम्मा रादुकानू का खूबसूरत अंदाज

**एम्मा** रादुकानू एक ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी हैं। वह साल 2021 में यूएस ओपन जीत चुकी हैं। कनाडा में जन्मी रादुकानू ब्रिटिश की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी हैं और साल 2021 में वह दुनिया की टॉ-30 में जगह बना चुकी हैं।



## टी20 विश्व कप-सुपर-8: वानखेड़े की आग में परखे जाएंगे दम और जज्बा

# वेस्टइंडीज-जिम्बाब्वे के बीच महायुद्ध आज

**एजेंसी, मुंबई**

बेहद आत्मविश्वास से भरी वेस्टइंडीज की टीम को सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे के दृढ़ संकल्प से सतर्क रहना होगा। यह दोनों टीम टूर्नामेंट में अभी तक अजेय रही है और वे यह सिलसिला जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दोनों ने पहले दौर में अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन काम अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि आगे और भी कड़ी चुनौतियां उनका इंतजार कर रही हैं।

दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के आत्मविश्वास की यह उस प्रारूप में कड़ी परीक्षा होगी, जिसमें वह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करते हैं और अपने कौशल का ऐसा नमूना पेश करते हैं जैसा शायद ही कोई अन्य टीम कर पाती है। पूर्व चैंपियन कप्तान डेरेन सैमी की कोचिंग वाली टीम ने अभी तक एकजुट होकर प्रदर्शन किया है, लेकिन उसके लिए निरंतरता बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

वेस्टइंडीज ने लगातार चार मैच में जीत हासिल करके यह सुनिश्चित कर लिया है कि टी20 विश्व कप से पहले सात द्विपक्षीय शृंखलाओं में मिली हार अब अतीत की बात हो गई है। कैरेबियाई टीम एक बार फिर एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरी है। उसने इंग्लैंड के



खिलाफ शानदार जीत हासिल की और निचले पायदान की टीमों को आसानी से हराया। कप्तान शाई होप (155 रन, दो अर्द्धशतक) ने अपनी फॉर्म वापस पा ली है, जबकि शिमरोन हेटमायर (134) ने नंबर तीन के बल्लेबाज की अपनी भूमिका के साथ पूरा न्याय किया है। जेसन होल्डर और रोस्टन चेज ने भी महत्वपूर्ण योगदान देकर टीम को मजबूती प्रदान की है।

दूसरी ओर जिम्बाब्वे ने अब तक के अपने प्रेरणादायक प्रदर्शन से क्रिकेट जगत में नई उम्मीद जगा दी है। उसने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराकर सभी को चौंका दिया था और अब वह यह साबित करने के लिए प्रतिबद्ध होगा कि उसकी यह जीत महज संयोग नहीं थी। जिम्बाब्वे ने सुपर आठ में जगह बनाकर अपना सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल कर रहा लिया है। अब उसका सामना वेस्टइंडीज के अलावा दक्षिण अफ्रीका और भारत से होगा। उसके खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प को देखते हुए अगर वह फिर से कोई उलटफेर कर देता है तो उस पर किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए।

जिम्बाब्वे के लिए युवा ब्रायन बेनेट बल्लेबाजी में स्टार खिलाड़ी साबित हुए हैं। उन्होंने दो अर्द्धशतक लगाए हैं और कुल 175 रन बनाकर जिम्बाब्वे की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन दिलचस्प बात यह है कि इस 22 वर्षीय दाएं हाथ के बल्लेबाज ने टी20 विश्व कप में अभी तक एक भी छक्का नहीं लगाया है। वेस्टइंडीज इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकता है। जिम्बाब्वे ने अभी तक इस टूर्नामेंट में कुल आठ छक्के लगाए हैं, जबकि वेस्टइंडीज ने चार मैचों में ही 36 छक्के जड़े हैं। यह उल्लेखनीय है कि सिकंदर रजा की अगुवाई वाली जिम्बाब्वे टीम ने अपने सभी लीग मैच श्रीलंका की अधिक चुनौतीपूर्ण पिचों पर खेले, जबकि वेस्टइंडीज की टीम भारत में ही खेल रही थी। वानखेड़े स्टेडियम में बाउंड्री छोटी है और इसकी पिच सपाट है जिसका वेस्टइंडीज को फायदा मिल सकता है। इससे जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाजों ब्लेसिंग मुजरबानी (9 विकेट) और ब्रैड इवांस (8) को एक नई चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7 : 00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**वेस्टइंडीज:** शाई होप (कप्तान एवं विकेटकीपर), जॉनसन चार्ल्स (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, ब्रैंडन किंग, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्विंटिन सैम्पसन, रोस्टन चेज़, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, मैथ्यू फोर्डे, अकील हुसैन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती, जेडन सील्स।

**जिम्बाब्वे:** सिकंदर रजा (कप्तान), बेन कुरेन, क्लाइव मदांडे (विकेटकीपर), तादिवानाशे मारुमानी, डायोन मेयर्स, ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ब्रैड इवांस, टोनी मुनयोंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ग्रीम क्रेमर, टिनोटेन्डा मापोसा, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्लेसिंग मुजरबानी, रिचर्ड नगारवा।

## शुरुआती झटकों के बाद मिलर और डेवाल्ड ब्रेविस ने संभाली पारी



**एजेंसी, अहमदाबाद**

टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 का मुकाबला रविवार को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रोमांचक रहा। साउथ अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।

पहले बल्लेबाजी करने आए दक्षिण अफ्रीका के ओपनर बल्लेबाजी क्विंटन डी कॉक और एडेन मार्करम के ऊपर भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआत में ही दबाव बना दिया। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने पहले ओवर में चार दिए। उसके बाद दूसरा ओवर करने आए जससप्रीत बुमराह ने दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक को मात्र 6 रन पर बोल्ड कर दिया। एडेन मार्करम भी कुछ खास नहीं कर पाए और उन्हें अर्शदीप सिंह ने हार्दिक पांड्या के हाथों कैच करवा दिया। मार्करम मात्र 7 गेंदों में 4 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए रयान रिकेल्टन भी अपने बल्ले का जलबा नहीं दिखा पाए और जसप्रीत बुमराह ने उन्हें शिव दुबे के हाथों कैच करवा दिया। रिकेल्टन मात्र 7 गेंदों में 7 रन बनाकर पैवेलियन लौट गए।

डेवाल्ड ब्रेविस और डेविड मिलर ने पारी को संभाला और भारतीय गेंदबाजों की खूब धुलाई की। ब्रेविस ने 29 गेंदों में 45 रन बनाए उन्हें शिव दुबे ने अभिषेक शर्मा के हाथों कैच करवाया। डेविड मिलर ने 63 रन बनाए उन्हें वरुण ने तिलक वर्मा के हाथों कैच करवाया। ट्रिस्टन स्टब्स ने 44 रन बनाए। समाचार लिखे जाने तक दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में 7 पर 187 रन बनाए। भारत लक्ष्य हासिल करने के लिए मैदान में उतर गा था। (अनंत ज्ञान)

## एडिलेड में बोलीं मंधाना-विश्व क्रिकेट पर दबदबा चाहती है भारतीय टीम

**एजेंसी, एडिलेड**

भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनकी टीम लगातार शीर्ष पर बने रहकर विश्व क्रिकेट पर अपना दबदबा कायम करना चाहती है। पिछले साल पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम की निगाहें इस साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप में जीत हासिल करने पर टिकी हैं।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की टी20 सीरीज में हराकर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की अपनी तैयारी की शानदार शुरुआत की। मंधाना ने बीसीसीआई टीवी से कहा, ''यह भारतीय टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रही है। हम अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम या अतीत में जो कुछ भी हुआ उसके बारे में नहीं



सोचते हैं। हमने इसे हराया, हमने उसे हराया। मुझे लगता है कि अब यह सब उतना महत्वपूर्ण नहीं है।''

उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हम एक ऐसे बदलाव के दौर में हैं जहां हम विश्व क्रिकेट पर अपना दबदबा बनाना चाहते हैं। हम किसे हराते हैं, कहां हराते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हम बस उन्हें लगातार हराने और शीर्ष पर बने रहने में सफल होना चाहते हैं।'' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के तीसरे और अंतिम टी20 मैच में मंधाना ने 82 रन की पारी खेली। उन्होंने जेमिमा रोड्रिग्स (59) के साथ 121 रन की साझेदारी की जिससे भारत छह विकेट पर 176 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम नौ विकेट पर 159 रन ही बना पाई। मंधाना ने कहा, ''मुझे एडिलेड शहर बहुत पसंद है। यहां खेलने से पहले भी मुझे यहां शहर पसंद था। यह बहुत शांत और सुंदर शहर है। कुछ ऑस्ट्रेलियाई बहुत खुश होंगे जब मैं कहूंगी कि यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे अच्छा शहर है। वास्तव में मुझे यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे अच्छा शहर लगता है।'' महिला टी20 विश्व कप इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से आयोजित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## टी20 वर्ल्ड कप में अभिषेक शर्मा की डक की हैट्रिक 'पॉजिटिव' : रवि शास्त्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय स्टार ओपनर अभिषेक शर्मा ने लगातार तीन डक बनाए हैं, जिसके चलते उनकी काफी आलोचना भी हुई है, लेकिन साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले से पहले भारतीय टीम के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री का मानना है कि टीमें इस बात से परेशान होंगी कि स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने टूर्नामेंट में लगातार तीन बार जीरो पर आउट हुए हैं। शास्त्री ने चौंकाते हुए कहा कि इसे असल में 'पॉजिटिव' माना जा सकता है, इससे पहले उन्होंने यह भी कहा कि वह टूर्नामेंट के जरूरी समय के लिए अपना बेस्ट बचाकर रख सकते हैं। टीमें थोड़ी परेशान होंगी कि वह रन नहीं बना पाया है। शास्त्री का मानना है कि



### 'अभिषेक का तूफान बाकी है' शास्त्री का भरोसा बरकरार

डिफेंडिंग चैंपियन के पास अपनी बेस्ट प्लेइंग इलेवन है और प्रोटियाज के खिलाफ टीम शीट में कोई बदलाव होने की उम्मीद कम है। ज्ञात हो कि भारत ने अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलते हुए टीम में दो बदलाव किए थे।

स्पिनर कुलदीप यादव को अर्शदीप सिंह को बाहर रखा गया, जबकि अक्षर पटेल को आराम देकर ऑल-राउंडर वाशिंगटन सुंदर को खिलाया गया। शास्त्री के मुताबिक, टीम के सामने एकमात्र दुविधा यह होगी कि अक्षर को खिलाएं या फिर सुंदर को। शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि यह लगभग वही टीम होगी, क्योंकि आपके पास गहराई है, आपने सभी बेस कवर कर लिए हैं, आपके पास वे ऑप्शन हैं, जो आपको चाहिए। उन्होंने कहा कि जब ओस होती है तो आपको उस एक्स्ट्रा बॉलिंग ऑप्शन की ज़रूरत होती है। (अनंत ज्ञान)

## मेस्सी की मौजूदगी में एमएलएस चैंपियन इंटर मियामी को मिली पहले मैच में हार

**एजेंसी, लॉस एंजिलिस**

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की मौजूदगी के बावजूद इंटर मियामी ने एमएलएस कप में अपने खिताब के बचाव का अभियान हार के साथ किया। इंटर मियामी को अपने पहले मैच में लॉस एंजिलिस एफसी (एलएएफसी) से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा।



विजेता टीम की तरफ से डेविड मार्टिनेज, डेनिस बुआंगा और नाथन ऑर्डाज ने गोल किए।

बुआंगा ने मैच के बाद कहा, ''वह मैच हमेशा खास होता है जिसमें मेस्सी खेलते हैं। हम मेस्सी की मौजूदगी में मियामी को हराना चाहते थे। इस मैच के लिए प्रत्येक खिलाड़ी का मनोबल बढ़ा होता है।'' इस मैच को देखने के लिए ऐतिहासिक लॉस एंजिल्स मेमोरियल कोलिज़ियम स्टेडियम में 75,673 दर्शक उपस्थित थे। दर्शकों ने घरेलू टीम की शानदार जीत का जश्न मनाया और मेस्सी को खेलते हुए देखने का भरपूर आनंद लिया। मेस्सी ने इस महीने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के बावजूद पूरा मैच खेला। (अनंत ज्ञान)

## मैनचेस्टर सिटी की जीत से खिताबी जंग तेज आर्सेनल पर बढ़ा दबाव

**एजेंसी, मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने न्यूकैसल को 2-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को और रोमांचक बना दिया है। मैनचेस्टर सिटी में इस जीत से आर्सेनल पर दबाव बढ़ा दिया है। इन दोनों टीमों के बीच अब केवल दो अंक का अंतर रह गया है। आर्सेनल के 27 मैच में 58 और मैनचेस्टर सिटी के इतने ही मैच में 56 अंक हैं।

न्यूकैसल के खिलाफ एतिहाद स्टेडियम में खेले गए मैच में मैनचेस्टर सिटी की तरफ से निको ओरेली ने दोनों गोल किए। इस तरह से मैनचेस्टर सिटी ने अपने अजेय अभियान को पांच मैच तक पहुंचा दिया है। मैनचेस्टर सिटी ने तीसरे स्थान पर काबिज एस्टन विला पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है, जिसने लीड्स के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। चेल्सी बर्नली के साथ 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद चौथे स्थान पर है। एस्टन विला के 27 मैच में 51, जबकि चेल्सी के इतने ही मैच में 45 अंक हैं। (अनंत ज्ञान)

## मार्च में दोहा में होगी आईसीसी बोर्ड की बैठक

**एजेंसी, दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बोर्ड और समितियों की बैठक 25 से 27 मार्च तक दोहा में आयोजित की जाएगी जिससे क्रिकेट में कतर की बढ़ती भागीदारी का पता चलता है।

International Cricket Council

आईसीसी ने एक बयान में कहा, ''यह बैठकें आईसीसी बोर्ड के निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, समिति के सदस्यों और सीनियर पदाधिकारियों को एक मंच पर लाएंगी, जो वैश्विक खेल के वर्तमान और भविष्य से संबंधित प्रमुख मामलों पर विचार-विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।''

आईसीसी ने बताया कि 2020 से कतर में क्रिकेट में समग्र भागीदारी में 447 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईसीसी ने कहा, ''इसका मुख्य कारण कतर ओलंपिक समिति के स्कूल ओलंपिक कार्यक्रम में क्रिकेट को शामिल करना रहा है, जिसने देश भर के स्कूलों में इस खेल को स्थापित करने में मदद की है।'' क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था ने कहा, ''हाल ही में आईसीसी के क्रियो क्रिकेट महोत्सव के शुरू होने से क्रिकेट की पहुंच और भी बढ़ गई है। पिछली बार इस महोत्सव में 287 स्कूली टीमों ने भाग लिया था और लगभग 90 प्रतिशत प्रतिभागियों ने पहली बार क्रिकेट खेला था।'' (अनंत ज्ञान)

## छठे खेलो इंडिया शीतकालीन खेल आज से गुलमर्ग में

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर का प्रसिद्ध शीतकालीन पर्यटन स्थल गुलमर्ग सोमवार से शुरू होने वाले छठे खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों (केआईडब्ल्यूजी) की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसमें 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के एक प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट में होने वाले इन चार दिवसीय खेलों के लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा इन खेलों का उद्घाटन करेंगे। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद की सचिव नुजहत गुल ने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

गुल ने कहा, ''इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। गुलमर्ग में अच्छी बर्फबारी हुई है और उम्मीद है कि मौसम हमारा साथ देगा।'' केआईडब्ल्यूजी का पहला चरण इस वर्ष 20 से 26 जनवरी तक लद्दाख के लेह में आयोजित किया गया था। अब इन खेलों का दूसरा चरण 23 से 26 फरवरी तक गुलमर्ग में आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले भी केआईडब्ल्यूजी का आयोजन जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में किया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि गुलमर्ग में चार पदक स्पर्धाएं होंगी, जिनमें स्की पर्वतारोहण, अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग (क्रॉस-कंट्री) और स्नोबोर्डिंग शामिल हैं। इनमें से अल्पाइन स्कीइंग में सबसे अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। केआईडब्ल्यूजी के लद्दाख चरण में हरियाणा ने चार स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उसके बाद लद्दाख, महाराष्ट्र और तेलंगाना का स्थान रहा। शीतकालीन खेलों के सुचारु संचालन के लिए कश्मीर के पुलिस प्रमुख वीके बर्डी की अध्यक्षता में बुधवार को तैयारियों की समीक्षा के लिए सुरक्षा बैठक हुई थी जिसमें पुलिस, सेना, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, खुफिया एजेंसियों और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया था। (अनंत ज्ञान)

**एफआईएच मेन्स प्रो-लीग** 2-0 की बढ़त भी नहीं बचा सकी टीम इंडिया, प्रो-लीग में संघर्ष जारी

## ऑस्ट्रेलिया ने शूटआउट में भारत को हराया

**एजेंसी, होबार्ट**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को शानदार जुझारूपन दिखाने के बावजूद रविवार को यहां खेले गए एफआईएच प्रो-लीग मुकाबले में मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रहीं। ऑस्ट्रेलिया ने दो गोल से पिछड़ने के बाद आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की और फिर शूटआउट में भारत पर 5-4 से भारी पड़ा।

भारत की ओर से अमित रोहिदास (15वां मिनट) और जुगराज सिंह (43वां मिनट) ने गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि ऑस्ट्रेलिया के जोएल रिंटाला (47 वां, 56 वां मिनट) ने दो गोल कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। यह परिणाम ऐसे समय आया है जब भारत इस साल एफआईएच प्रो लीग में लगातार पांच मुकाबले हार चुका था। इसमें राउरकेला में खेले गए घरेलू चरण के चार मैच भी शामिल हैं। टीम को होबार्ट चरण के अपने पहले मुकाबले में शनिवार को स्पेन के खिलाफ 0-2 से हार झेलनी पड़ी थी। मुकाबले की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ने गेंद पर अधिक नियंत्रण रखते हुए भारतीय खिलाड़ियों के क्षेत्र में दबदबा बनाने की कोशिश की लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने संयम बनाए रखा और वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बनाया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के गोलकीपर जेड स्नोडेन ने कुछ अच्छे बचाव किए। पहले क्वार्टर के अंतिम क्षणों में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसका पूरा फायदा उठाते हुए रोहिदास ने ड्रैग-



फ्लिक के जरिए गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई।

दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले हाफ में 10 बार भारतीय सर्कल में प्रवेश किया और दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, जबकि भारत ने नौ बार उसके सर्कल में प्रवेश कर माकूल जवाब दिया। भारतीय टीम ने मध्यांतर तक अपनी एक गोल की बढ़त बरकरार रखी। ब्रेक के बाद भी ऑस्ट्रेलिया का दबदबा कायम रहा लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने मेजबान टीम को स्पष्ट अवसर बनाने से रोके रखा।

तीसरे क्वार्टर के अंत में भारत ने पेनल्टी कॉर्नर पर जुगराज के दमदार ड्रैग-फ्लिक से अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। चौथे क्वार्टर की शुरुआत में रिंटाला ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल कर अंतर कम किया। इसके बाद बराबरी की तलाश में जुटी ऑस्ट्रेलियाई टीम को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन यशदीप सिवाच ने गोल लाइन पर अहम बचाव कर भारत को राहत दिलाई। अंतिम हूटर से चार मिनट पहले रिंटाला ने पेनल्टी कॉर्नर पर अपना दूसरा गोल दागते हुए स्कोर 2-2 कर दिया। जीत की तलाश में ऑस्ट्रेलिया ने लगातार आक्रमण जारी रखा, लेकिन भारतीय गोलकीपर मोहित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई बेहतरीन बचाव किए, जिनमें एक कमाल का 'डबल सेव' भी शामिल रहा, जिससे भारत मुकाबले में बना रहा। निर्धारित समय तक 2-2 की बराबरी के बाद मुकाबला शूटआउट में पहुंचा। दोनों टीमों ने अपने पहले चार प्रयास सफलतापूर्वक भुनाए। निर्णायक क्षण में आदित्य अर्जुन लालगे के शॉट को स्नोडेन ने रोक दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रोमांचक मुकाबले में कड़ी मेहनत से जीत दर्ज की। भारत अब होबार्ट चरण के अपने तीसरे मुकाबले में मंगलवार को स्पेन से भिड़ेगा। (अनंत ज्ञान)